kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-303 ❑ रविवार, 07 दिसम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



न्याय, समानता और संविधानवाद के प्रति डॉ. अम्बेडकर की अटूट प्रतिबद्धता भारत की राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मानवीय गरिमा को बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने के प्रति डॉ. अम्बेडकर के समर्पण से पीढ़ियों ने प्रेरणा ली है। नरेंद्र मोदी

विश्व में स्टार्ट अप में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत : जितेंद्र सिंह 11

चंडी देवी मंदिर ट्रस्ट विवाद में आठ लोगों पर मुकदमा, जांच शुरू 11

## संक्षेप

### कामिनी चौहान रतन बनी प्रमुख सचिव राज्य कर

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने 1997 बैच की आईएएस कामिनी चौहान रतन को प्रमुख सचिव राज्य कर बनाया है। अभी तक इसका प्रभार एम देवराज के पास था। कामिनी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद 25 नवंबर को नियुक्ति विभाग में अपने ज्वाइनिंग दी है। वह 6 दिसंबर 2019 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गई थीं। वह 11 जनवरी 2018 से 17 जनवरी 2019 तक इसी विभाग में आयुक्त के पद पर रह चुकी हैं।

### बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही उखाड़ फेंकेंगे ईंट: केशव

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने टीएमसी के निलंबित नेता हुमांयू कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव का पत्थर रखे जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। इससे जुड़े सवाल पर मीडिया से बातचीत में केशव ने कहा है कि यह सब टीएमसी की नौटंकी है। उन्होंने कहा कि बाबर के नाम पर वहां एक ईंट रखी गई है। मौर्य ने कहा कि वहां (पश्चिम बंगाल में) भाजपा की सरकार आने वाली है। उस एक-एक ईंट को उखाड़कर फेंक दिया जाएगा।

### नेहरू के बारे में 'झूठ फैलाने' के लिए राजनाथ को माफी मांगनी चाहिए: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक हालिया बयान का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में 'झूठ फैलाने' के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने रिश्ते को बेहतर करने के मकसद से यह बयान दिया। राजनाथ सिंह ने बीते मंगलवार को गुजरात में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि जवाहरलाल नेहरू सरकारी धन से 'बाबरी मस्जिद' बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने उनकी योजना सफल नहीं होने दी।

### एसआईआर में गलत जानकारी देने पर रामपुर में दर्ज हुआ प्रदेश का पहला मुकदमा

**लखनऊ।** एसआईआर (सीनियर सिटिजन आइडेंटिफिकेशन रजिस्टर) में गलत जानकारी देने के मामले में रामपुर जिले में प्रदेश का पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी रामपुर ने जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने पर एक महिला और उसके विदेश में रहने वाले दो बेटों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक पंजीकरण अधिकारी की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों—नूरजहां और उसके दो बेटे अमीर तथा दानिश—के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसआईआर फॉर्म की जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि महिला ने जानबूझकर अपने विदेश में रहने वाले बेटों के संबंध में गलत विवरण प्रस्तुत किया था।

# इंडिगो पैसेंजर्स को रिफंड दे 48 घंटे में सामान लौटाए

## इंडिगो की 800 से अधिक उड़ानें रद्द, यात्री परेशान, सरकार ने तय किया अधिकतम किराया


एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की शनिवार को देशभर में 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एयरलाइंस ने आज एक मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि शनिवार को रद्द उड़ानों की संख्या घटकर 850 से कम रह गयी है। उसने कहा है कि आने वाले दिनों में इस संख्या को और कम करने तथा परिचालन सामान्य करने के लिए वह प्रयासरत है।

उल्लेखनीय है कि गत 01 नवंबर को फ्लाइट ड्यूटी संबंधी नये नियम लागू होने के बाद पायलट की कमी के कारण उत्पन्न यह संकट दिसंबर आते-आते काफी गहरा गया। एयरलाइंस ने उड़ानों में लगातार बढ़ती देरी के बाद सैकड़ों की संख्या में उड़ानें रद्द करने का फैसला किया।

तीन दिन में दो हजार से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। गत 04 दिसंबर में करीब 400, 05 दिसंबर को 1,000 से अधिक और 06 दिसंबर को 800 से ज्यादा उड़ानें रद्द रही हैं। आज दिल्ली में कम से कम 106, मुंबई में 109, चेन्नई में 50 से अधिक, अहमदाबाद में 62 और जयपुर में 25 उड़ानें रद्द हुई हैं। अन्य शहरों से भी उड़ानें रद्द होने की खबरें हैं। इस बीच, इंडिगो संकट के कारण आसमान छूते हवाई किराये और यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए सरकार ने दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया तय कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 500 किलोमीटर तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7,500 रुपये होगा। वहीं, 500 किमी से 1,000 किमी तक की दूरी के लिए किराये की सीमा 12,000 रुपये तय की गयी है। एयरलाइंस 1,000 किमी से 1,500 किमी के लिए 15,000 रुपये से ज्यादा नहीं ले ● शेष पेज 11 पर




### अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

**नयी दिल्ली।** इंडिगो संकट के बीच टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहयोगी एयर इंडिया एक्सप्रेस अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी। एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह ''यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए'' अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसंबर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराये की कैपिंग की है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

### रेलवे ने देशभर के 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का लिया निर्णय

नयी दिल्ली। रेलवे ने निजी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई दिक्कतों के मद्देनजर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है हवाई यात्रा बाधित होने के कारण अचानक काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे की ओर रुख किया है। यात्रियों की इस तत्काल बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़े हैं, जिससे हजारों की संख्या में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो गयी हैं। रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने एक क्षेत्रवार कार्य योजना लागू की है और विभिन्न रेल मंडलों ने ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने वाइजैग में दक्षिण अफ्रीका को हराया




एजेंसी

❑ नौ विकेट से जीता भारत, वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की

❑ यशस्वी का पहला वनडे शतक, रोहित-कोहली ने भी चमक दिखाई

वाइजैग। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला शनिवार (6 दिसंबर 2025) को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेला गया, जिसमें भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

भारत को पिछले मैच की हार से सबक मिला और टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहतरीन रही। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 155 रन की साझेदारी की। रोहित शर्मा ने 73 गेंदों पर 75 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रोहित के आउट होने के बाद यशस्वी और विराट कोहली ने भारतीय पारी को संभाला।

भारत की जीत के सबसे बड़े नायक बने युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल, जिन्होंने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। यशस्वी ने 121 गेंदों पर नाबाद 116 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 2 छक्के शामिल थे। वहीं विराट कोहली ने भी नाबाद 65 रन की शानदार पारी खेलते हुए टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में रायन रिकलटन (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्हें अर्शदीप ने विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने ● शेष पेज 11 पर

# बीते चार साल में साढ़े सात प्रतिशत घटीं वितरण हानियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ राज्य सभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने दी जानकारी

लखनऊ। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि उत्तर प्रदेश में सकल वितरण एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानियां बीते चार साल में तकरीबन साढ़े सात प्रतिशत कम हुई हैं। केंद्रीय विद्युत राज्यमंत्री श्रीपाद नाईक गीता उर्फ चंद्रप्रभा के सवाल का जवाब में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रालय से जवाब आने के बाद राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निजीकरण की आवश्यकता पर सवाल उठाए हैं। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जब केंद्र सरकार की योजना रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत हो रहे कामों के नतीजे दिख रहे हैं तो निजीकरण की जरूरत क्या है? एक दिसंबर को राज्यसभा में पूछे सवाल के जवाब में श्रीपाद नाईक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान यूपी की उच्चतम बिजली मांग और उपलब्धता के बीच अंतर लगभग शून्य पाया गया।



1802 फीडरों को कृषि फीडरों से अलग किया जा रहा है। पीएम-कुसुम योजना के तहत 3.7 लाख पंप उत्तर प्रदेश को आवंटित किए गए हैं। एटीएंडसी हानियां कम करने और वित्तीय सुधार के लिए 40,739 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 16,570 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान शामिल है। अभी तक 5,774 करोड़ रुपये प्रदेश की बिजली कंपनियों को जारी किए जा ● शेष पेज 11 पर

## हड़प्पा सभ्यता का पतन अचानक नहीं, लंबे सूखे के कारण: नया शोध

नयी दिल्ली। हाल ही में प्रकाशित एक शोध के अनुसार हड़प्पा सभ्यता का पतन अचनाक नहीं, सदियों तक चले लंबे सूखे के कारण हुआ। जर्नल कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट जर्नल में प्रकाशित एक नए शोध पत्र के अनुसार, यह क्षेत्र 4,400 ईसा पूर्व से लेकर 3,400 ईसा पूर्व के बीच गहन सूखे के चार दौर से गुज़रा था। उस दौरान, औसत वार्षिक वर्षा 10 से 20 प्रतिशत तक कम हो गई थी और औसत वार्षिक तापमान लगभग 0.9 डिग्री फ़ारेनहाइट तक बढ़ गया था। शोधकर्ताओं का मानना है कि ये परिस्थितियाँ अन्य सामाजिक और आर्थिक कारकों के साथ मिलकर इस सभ्यता के पतन में संभावित वजहें थीं। सिंधु घाटी सभ्यता अपने समय की सबसे विकसित समाजों में से एक थी, जो प्राचीन मिस्र और ईराक की मेसोपोटामिया के समकक्ष थी। आज के भारत-पाकिस्तान सीमा पर सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित इस सभ्यता में उन्नत जल प्रबंधन प्रणालियों वाले बड़े शहर थे। इसकी अपनी एक लिपि थी और कृषि ● शेष पेज 11 पर

# जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है, तब भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है, तब भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। एक लीडरशिप समिट में पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है, लेकिन इस दौर में भी हमारा भारत अलग ही लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। जब दुनिया में ट्रस्ट का क्राइसिस दिखता है, तब भारत ट्रस्ट का पिलर बन रहा है, जब दुनिया फ्रेगमेंटेशन की तरफ जा रही है, तब भारत ब्रिज बिल्डर बन रहा है। अभी कुछ दिन पहले भारत में क्वार्टर-2 की जीडीपी के आंकड़े आए हैं। आठ फीसदी से ज्यादा की ग्रोथ रेट हमारी प्रगति की नई गति का प्रतिबिंब है। यह सिर्फ नंबर नहीं हैं, यह स्ट्रॉन्ग माइक्रो इकोनोमिक्स सिग्नल है।

जीडीपी आंकड़ों पर पीएम मोदी ने कहा, ''यह संदेश है कि भारत आज ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है और यह आंकड़े तब हैं, जब ग्लोबल ग्रोथ तीन फीसदी के आसपास है। जी-7 की इकोनॉमी डेढ़ फीसदी के आसपास है। एक समय था जब हमारे देश में हाई इनफ्लेशन को लेकर चिंता जताते थे, आज वे ही इनफ्लेशन लो होने की बात करते हैं। भारत की उपलब्धियां सामान्य बात नहीं है। यह फंडामेंटल चेंज है, जोकि बीते दशक में भारत लेकर आया है। यह बदलाव आशंकाओं के बादलों को हटाकर आकांक्षाओं के विस्तार का है और इसी वजह से भारत खुद भी ट्रासंफॉर्म हो रहा है और आने वाले कल को भी कर रहा है।''



'पूर्वी भारत में हो रहा अभूतपूर्व निवेश'

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हम लोग किस सोच के साथ काम कर रहे हैं। भारत के सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा एक लंबे समय तक अनटैप्ड रहा है। जब देश के इस अनटैप्ड पोटेंशियल को ज्यादा अवसर मिलेंगे, पूरी ऊर्जा के साथ बिना किसी रुकावट के देश के विकास में भागीदार बनेंगे तो देश का कायाकल्प होना तय है। हमारा पूर्वी भारत, नॉर्थईस्ट, हमारे गांव, टियर-2 और टियर-3 शहर, नारी शक्ति, यूथ पावर, स्पेस सेक्टर कितना कुछ है, जिसके फुल पोटेंशियल का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पाया। अब आज भारत इन अनटैप्ड पोटेंशियल को टैप करने के विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। आज पूर्वी भारत में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी ● शेष पेज 11 पर

# अनुशासन, समर्पण व सेवा भावना का प्रतीक: सीएम



❑ हर थाने में होमगार्ड जवानों के लिए रूम होगा आरक्षित, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा के लिए विभाग बनाकर भेजे प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड के जवानों को सेवा का मूलमंत्र देते हुए कहा कि सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है तथा राष्ट्रहित ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य रैतिक परेड की सलामी ली और जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित व संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज के विश्वास के साथ ही प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। इस अवसर पर उन्होंने होमगार्ड्स के विभिन्न मेडल प्राप्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि अब हर थाने में होमगार्ड जवानों के लिए रूम आरक्षित होगा, जिससे वह यूनिफॉर्म व आवश्यक कागजात को सुरक्षित रख सकेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रस्ताव ● शेष पेज 11 पर

## चतुर्थ श्रेणी, संविदा व सफाई कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी देगी सरकार: मुख्यमंत्री

# बाबा साहेब की मूर्ति के किनारे बनाई जाएंगी चारदीवारी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**योगी बोले**

❑ भारत का अहित कर रहे तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल

❑ बाबा साहेब ने संविधान की प्रस्तावना में न्याय, समता और बंधुता का किया था जिक्र : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जहां भी आंबेडकर की मूर्तियां स्थापित हैं, उनकी सुरक्षा अब और मज़बूत की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई बार कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी मूर्तियों के चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी और उनके ऊपर छत्र भी लगाया जाएगा, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित रहे।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय देने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। इसी उद्देश्य से एक नया कॉरपोरेशन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले एक-दो महीनों में इन कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध करा दी जाएगी। यह जीरो पॉवर्टी अभियान का भी हिस्सा है। योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अत्यंत पिछड़े वर्ग के गरीब परिवारों की पहचान लगभग पूरी हो चुकी है। जिन लोगों के पास राशन, पेंशन या आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उन्हें ये सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी। जिनके पास आवास नहीं है, उन्हें घर भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी गरीब, वंचित या अभावग्रस्त व्यक्ति किसी सुविधा से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था। कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इंकार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं और देशवासियों को उनकी सुविधाओं से वंचित करने की कुत्सित चेष्टा भी कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन सभी के लिए प्रेरणा दिवस है। बाबा साहेब ने जमीन से आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए परिश्रम किया। वे चुनौतियों से जूझे, कठिनाइयों का सामना किया और सामाजिक भेदभाव के रुढ़िगत विषमताओं से जकड़े समाज से उबरकर कोटि-कोटि वंचितों, दलितों, अतिपिछड़ों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए अवसर उपलब्ध कराया। महापरिनिर्वाण दिवस उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का समारोह है। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब के शिक्षाओं से प्रेरित होकर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर अभियान चल रहे हैं। बाबा साहेब ने जब भारत का संविधान बनाया तो संविधान शिल्पी के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। उसकी प्रस्तावना में तीन महत्वपूर्ण शब्द (न्याय, समता और बंधुता) रखे थे। मोदी जी ने सबका साथ, सबके विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव हर ● शेष पेज 11 पर

## पुलिस का काम कठिन काम है, जो त्याग और समर्पण मांगता है : डॉ जी.के. गोस्वामी

# प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीएनए लैब की बारीकियां समझी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ में भारतीय पुलिस सेवा 2023-24 (RR-77) बैच के प्रशिक्षणाधीन अधिकारियों ने आज परिसर का परिभ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में स्थापित डीएनए लैब और ड्रोन लैब का अवलोकन किया तथा उनकी बारीकियों को विस्तार से समझा।

संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण है, जिसमें त्याग और समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को हर स्थिति में मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि यह संस्थान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे विश्व स्तरीय स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

डॉ. गोस्वामी ने नए कानून के संदर्भ में न्याय, सत्य और साक्ष्य–इन तीन महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपयोगिता समझाई। साथ ही उन्होंने फॉरेंसिक साइंस से संबंधित वर्तमान में चल रहे कोर्सों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस का मूल उद्देश्य वैज्ञानिक तरीके से सत्य को सामने लाकर न्याय प्रणाली को मजबूत करना है। कार्यक्रम में संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संस्थान के कार्यों से अवगत कराया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजिब मुखर्जी, अतुल यादव, सहायक रजिस्ट्रार विवेक कुमार, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. सपना शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, आरआई बृजेश सिंह तथा संस्थान के शैक्षणिक संवर्ग के सदस्य उपस्थित रहे।

# पतंजलि नर्सरी स्कूल ने मनाया वार्षिक खेल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर के प्रांगण में 6 दिसंबर 2025 को थीम "Sprint & Smile के अंतर्गत पतंजलि नर्सरी स्कूल का वार्षिक खेल समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अभिभावकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे प्रधानाचार्या श्रीमती विभा श्रीवास्तव के स्वागत संबोधन एवं खेल दिवस की घोषणा से हुआ। उद्घाटन के पश्चात के.जी. वर्ग के बच्चों ने सूर्य नमस्कार की सामूहिक प्रस्तुति देते हुए लचीलापन और अनुशासन का सुंदर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रेप वर्ग द्वारा चंद्र नमस्कार प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों की सधी ताल और आकर्षक मुद्राएँ विशेष रूप से सराही गईं। तत्पश्चात के.जी.वर्ग की ड्रिल प्रस्तुत की गई, जिसने समारोह के वातावरण में ऊर्जा और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रेप वर्ग की रिले बैटन रेस आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और इस प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए गए।

इसके उपरांत केजी और प्रेप दोनों वर्गों ने संयुक्त रूप से मार्शल आर्ट्स प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को प्रभावित किया। इसके बाद केजी वर्ग की जुम्बा प्रस्तुति ने प्रांगण में उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। फिर प्रेप वर्ग की ट्विन पार्टनर रेस आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के उपरांत विजेता बच्चों को पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रेप वर्ग की तितली आधारित 'बटरफ्लाई ड्रिल' प्रस्तुत की गई, जिसके रंगों और सजीवता ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसके पश्चात केजी वर्ग की फ्लैट रेस आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने अपनी गति और फुर्ती का शानदार प्रदर्शन किया। इस रेस के विजयी बच्चों को भी पदक प्रदान किए गए।

इसके बाद विद्यालय निदेशिका श्रीमती रेखा वैद गुप्ता ने उपस्थित सभी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व और समग्र व्यक्तित्व विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रेप वर्ग के विद्यार्थियों ने 'जूनियर जिम्नास्ट' कार्यक्रम के माध्यम से संतुलन, लचीलापन और नियंत्रण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बड़ा झटका

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की उस क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने वाराणसी में वर्ष 2002 में हुए जानलेवा हमले से जुड़े फैसले को चुनौती दी थी। यह मामला गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज अपराधों से संबंधित है। पूर्व सांसद ने इस प्रकरण में विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह सहित कई अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान 29 अगस्त 2025 को ट्रायल कोर्ट ने चार आरोपियों को बरी कर दिया था, जिसके विरुद्ध धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति लक्ष्मी कांत शुक्ला की एकल पीठ ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए धनंजय सिंह की अपील खारिज कर दी। अदालत के इस आदेश के बाद पूर्व सांसद को न्यायिक प्रक्रिया में बड़ा धक्का माना जा रहा है।

## संगम की रेती पर 3 जनवरी 2026 से होगा माघ मेला शुरू

**पप्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम नगरी प्रयागराज में 3 जनवरी 2026 से माघ मेला शुरू होने जा रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर नगर निगम अपनी मशीनरी और संसाधनों को तेजी से मजबूत करने में जुटा हुआ है। इस बार माघ मेले में पहली बार रोबोटिक सफाई व्यवस्था लागू की जाएगी। नगर निगम ने इसके लिए दो विशेष सफाई रोबोट मंगाए हैं, जो मेले क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से सफाई करेंगे। मेले की तैयारियों को और मजबूत करने के लिए निगम ने— पोकलेन मशीन, 2 जेसीबी मशीनें, भी तैनाती हेतु मंगाई हैं। मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मेयर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पूजा-अर्चना कर कार्यों की सफलता की कामना की।

## चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा आज

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास एवं प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण संवर्धन हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा रविवार 7 दिसम्बर को कृषक शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज बड़ोखर कोरांव में पुर्वान्ह 10 बजे शुभारम्भ होगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आधुनिक विकास की आपाधापी में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण असंतुलन से जीवन संकटमय हों गया है। वहीं पर्यटन स्थलों तथा प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहरों की उपेक्षा से धरती का सौन्दर्य भी नष्ट हो रहा है। यही कारण है कि मानव जीवन के साथ ही जीव-जंतु, पशु-पक्षी तथा पेड़ पौधे भी संकटग्रस्त हैं। ऐसे में भावी खतरों से लोगों को आगाह कराने हेतु विगत पाँच वर्षो से ऐसे आयोजन किये जा रहें हैं।आयोजन समिति ने सभी प्रकृति प्रेमियों से कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पर्वतारोही बच्चों का उत्साहबर्धन करने की अपील की है।

## टीआरडी ने रोमांचक मुकाबले में यांत्रिक विभाग को 5 रन से हराया



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन के निर्देशन में तथा मंडल कीड़ा अधिकारी श्री बालेंद्र पॉल के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा स्थित रेलवे स्टेडियम में चल रही वाराणसी मंडल की अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का नौवां लीग मैच आज 06 दिसंबर 2025, शनिवार को विद्युत टीआरडी और यांत्रिक विभाग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीआरडी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 121 रन बनाए। टीआरडी की ओर से भानु प्रताप ने 26 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 34 रन बनाए। इसके अतिरिक्त वरुण ने 13, सुरेंद्र ने 11 और आनंद ने 10 रनों का योगदान दिया। यांत्रिक विभाग की टीम ने 23 रन अतिरिक्त रूप से दिए। गेंदबाजी में यांत्रिक विभाग की तरफ से प्रशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए। रोहित ने 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट और ऋषभ ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अनीश और मनीष को एक-एक सफलता मिली। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यांत्रिक विभाग की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 116 रन ही बना पाई। इस प्रकार टीआरडी ने रोमांचक मुकाबले में 5 रन से जीत दर्ज कर पूरे दो अंक अपने नाम किए। यांत्रिक विभाग की ओर से प्रशांत ने 24 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए। नीतीश ने 18 गेंदों पर दो चौकों सहित 15 रन तथा दीपक ने 19 गेंदों पर एक चौके की मदद से 15 रन बनाए। टीआरडी की ओर से गेंदबाजी में भानु ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट तथा वरुण ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं सुरेंद्र और रजनीकांत को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

# नागरिक सुरक्षा दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर कलेक्टरेट परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी/कंट्रोलर मनीष वर्मा ने डीसीपी पंकज पाण्डे एवं चीफ वार्डे न अनिल कुमार की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों, वार्डन्स एवं वालंटियर्स को नागरिक सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय गृह मंत्री, गृह सचिव एवं महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, भारत सरकार द्वारा प्रेषित संदेशों का वाचन किया। चीफ वार्डे न अनिल कुमार ने नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका, आपातकालीन सेवाओं में इसके योगदान तथा स्थानीय वार्डनों द्वारा वर्षभर निःस्वार्थ भाव से किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। डिप्टी चीफ वार्डन संजीव बाजपेई एवं चीफ वार्डे न ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि प्रयागराज सिविल डिफ़ेन्स अन्य जनपदों की तुलना में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी वार्डन्स व वालंटियर्स के निःस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता, प्लास्टिक/पॉलीथिन मुक्त शहर तथा स्वच्छता से संबंधित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप नियंत्रक नीरज मिश्रा, वरिष्ठ इक्ए राकेश तिवारी, पूर्व डिप्टी कंट्रोलर ओंकारनाथ शर्मा, आर. के. शुक्ला, महेंद्र सक्सेना, राजीव भनोट, रवि शंकर द्विवेदी, एल.के. अहिरवार, रौनक गुप्ता, श्रीकृष्ण तिवारी, डा. शशांक ओझा, सुरेंद्र यादव, मार्कण्डेय राय, मनी मेहरा, सुनील कुमार गुप्ता, रजनी सिंह, ज्ञानेश्वर शर्मा, नागेन्द्र अस्थाना, पूनम गुप्ता, राजेश पाठक, सुधीर द्विवेदी, आशीष बाजपेई, मनोज सिंह, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, भारत भूषण वशिष्ठ, कृपा शंकर प्रजापति सहित सभी डिवीजनों के वार्डन्स व वालंटियर्स उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन रौनक गुप्ता द्वारा किया गया।

# चौकी पुलिस के ठेंगे पर उच्चाधिकारियों का आदेश

कैनविज टाइम्स संवादाता



❑ क्राइम नंबर 407/25 की कार्रवाई ठप न्याय के लिए भटक रही चौकी, थाना पीड़िता

❑ मंझनपुर में महिला पर हमला—चौकी पुलिस की लापरवाही उजागर, कार्रवाई ठप

❑ आरोपी को पकड़कर छोड़ा—पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल, पीड़िता ने भेजा शपथ पत्र

प्रयागराज। कौशाम्बी जिले के थाना मंझनपुर क्षेत्र के टेवा गांव में 26 नवंबर को जमीन विवाद के दौरान एक गंभीर हमला सामने आया, जिसमें अकेली महिला कौशल्या पर सात महिलाओं और दो पुरुषों ने मिलकर हमला कर दिया। पीड़िता अपनी ही जमीन पर मकान निर्माण करा रही थी, तभी मौके पर पहुँचे दबंगों ने न केवल महिला से मारपीट की, बल्कि उसका मोबाइल फोन और पर्स भी छीन लिया तथा निर्माणाधीन दीवार और लिंटर तोड़ डाला। हमलावरों ने वहां काम कर रहे तीन मिस्त्री और मजदूरों को भी जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया है । इस घटना की सूचना 112 नम्बर पुलिस को दी गई जो मौके पर पहुंची है और चौकी तथा थाने में भी सूचना दी गई है।

पीड़िता ने तुरंत एसपी कौशाम्बी से मिली और थाना मंझनपुर में लिखित तहरीर देकर पूरी घटना की जानकारी दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने नौ हमलावरों में से सिर्फ चार के नाम ही एफआईआर में दर्ज किए। इससे भी गंभीर बात यह कि पुलिस ने जानलेवा हमले की घटना को मामूली धाराओं में दर्ज कर रिपोर्ट को कमजोर बना दिया। छीना गया मोबाइल और पर्स अभी तक बरामद नहीं हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस इसे ल्कहीं गिर गया होगाङ्क बताकर मामले को हल्का साबित करने का काम किया है और मामले को कमजोर करने में जुटी है। 27 नवंबर से लगातार एक सप्ताह तक लगातार पीड़िता थाना और चौकी के चक्कर लगाने के बावजूद अब तक न किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई और न ही बरामदगी हुई है । पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि चौकी पुलिस की मिलीभगत से आरोपी खुलेआम पीड़िता को धमका रहे हैं। महिला का रास्ता रोकना, पीछा करना और दबाव बनाना लगातार जारी है, जिससे पीड़िता भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। सबसे गंभीर लापरवाही यह है कि घटना के एक सप्ताह बाद भी पीड़िता कौशल्या देवी का 183 का बयान कोर्ट में नहीं कराया गया है। मामले की विवेचना में ढिलाई और कार्रवाई में लगातार देरी से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दबाव बढ़ने पर 4 दिसंबर को थाना प्रभारी ने एक आरोपी विवेक की मोबाइल लोकेशन निकलवाई और उसे चौकी इंचार्ज की मदद से पकड़वाया, लेकिन कुछ देर बाद ही आरोपी को चौकी से छोड़ दिया गया। इससे पुलिस की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर और भी बड़े प्रश्नचिह्न लग गए हैं। पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक, आईजी प्रयागराज जोन सहित वरिष्ठ अधिकारियों को रजिस्टर्ड शपथ पत्र भेजकर निष्पक्ष विवेचना, छूटे हुए आरोपियों के नाम जोड़ने, गंभीर धाराएँ बढ़ाए जाने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन से न्यायपूर्ण और जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि



हरदोई। साण्डी विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर बघौली गांव में रविवार को अपना दल (एस) हरदोई जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गौतम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब, जिन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है, ने 6 दिसंबर 1956 को नींद में ही अंतिम सांस ली थी। उनके समाज सुधार, समानता और न्याय के लिए किए गए अद्वितीय योगदान की स्मृति में यह दिन पूरे देश में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजेंद्र गौतम ने बताया कि बाबा साहब 'बुद्ध और उनका धम्म' नामक पुस्तक पर कार्य कर रहे थे और पुस्तक पूरी होने के कुछ ही दिनों बाद उनका निधन हो गया। नागपुर में वर्षों तक बौद्ध धर्म का अध्ययन करने के बाद उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपनाया और आगे चलकर उसका व्यापक प्रचार भी किया। कार्यक्रम में आयोजक विपिन कुमार, सुभाष, देवेंद्र कुमार, बाबा, दुबे चंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएँ वादों का निस्तारण

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश आमोद एवं पणकर अधिनियम, 1979 तथा उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 के अंतर्गत दर्ज अनियमितताओं से संबंधित कई मामलों में केबल टीवी ऑपरेटर, होटल संचालक, वीडियो सीडी लाइब्रेरी/चिप डाउनलोडिंग सेंटर संचालकों पर मुकदमे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज न्यायालय में लंबित हैं। दिनांक 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे सभी प्रतिवादियों को अपने मुकदमों का शीघ्र निस्तारण कराने का अवसर उपलब्ध होगा। सहायक आयुक्त, राज्य कर/प्रभारी, पूर्व मनोरंजन कर ने सभी संबंधितों से अपेक्षा की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने लंबित वादों का निस्तारण कराते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

## एसडीएम छुट्टी पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार बड़ोखर नदारद

# सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में नायब तहसीलदार ने संभाला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**समस्याएं सुनी,बिजली एसडीओ पर भड़के वकील हंगामा, दैवीय आपदा में संसारपुर में गोलमाल शिकायत**

**ग्राम प्रधान अल्हवा ने लेखपाल को अल्हवा से मुक्त किए जाने का लिखा पत्रक**



कोरांव, प्रयागराज। शनिवार 6 दिसंबर 2025 को आयोजित समाधान दिवस में नायब तहसीलदार डैया राममूरत ने मोर्चा संभाला और शिकायतों का बखूबी समस्या समाधान का संबंधित अफसरों कर्मियों को निर्देश दिया।

सुनवाई सभागार में वकीलों ने बिजली विभाग के जेई और एसडीओ पर भड़के और कार्यवाही की मांग किया,वकील और शिकायती बोले उक्त विभाग के अफसर फोन नहीं उठाते न समस्या समाधान करते हैं। ग्राम प्रधान संसारपुर मुख्तार आलम सहित शिकायतियों ने शिकायत किया कि दैवी आपदा में वर्षा काल में गिरे मकानों के पात्रों को लाभ न मिल कर अपात्रों को लाभान्वित किया। और जांच कार्यवाही की मांग किए।

इसी तरह विभिन्न इलाकों से आए विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी अपनी दर्द और भड़ासे निकाली, शिकायतें दर्ज कराई। ग्राम सभा अल्हवा में भू अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा सार्वजनिक भूमि में बोई धान की फसल काट कर उठा ले जाने की तहरीर दी। जिसे थाना प्रभारी को जांचों परांत केस दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही चकमार्ग संख्या 1035 और कुछ ने 749 एवं 755 प्लॉट से अवैध कब्जा खाली कराए जाने के शिकायत दिए जिसे नायब तहसीलदार बड़ोखर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी ने एलएमसी द्वारा प्रस्तावित पट्टा का वितरण न किए जाने और उसमें की जा रही मनमानी लापरवाही की शिकायत किया। ग्राम प्रधान ने इतना तक दे दिया लिख कर कि यदि ग्राम प्रधान का कोई महत्व लेखपालों के आगे नहीं है तो त्यागपत्र ले लें या लेखपाल जो लोकल हैं उन्हें हटाया जाए। इसकी शिकायत प्रधान ने डीएम से भी पत्र भेज कर की। गिरगोठा की सावित्री हरिजन ने शिकायत किया कि गांव के संदीप पाल अखिलेश पाल ने बीस हजार लेकर एक सीएनजी ऑटो रिक्शा दिया था, जिसे दस दिन के ही अंदर दस हजार और ले लिए इस बात का कि इससे अच्छी ऑटो देंगें। किंतु न तो पैसा वापिस किया न ही आटो दिया,केस दर्ज कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग किया। जिसे थाना प्रभारी कोरांव को कार्यवाही का निर्देश दिया। नाप जोख,उत्पीड़न,विकास,राजस्व सहित कई मामले आए जिसे बतौर प्रभारी अधिकारी समाधान दिवस कोरांव निस्तारण के आदेश दिए। कुल 196 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें अकेले 95 मामले राजस्व विभाग के ही मिले। दूसरे स्थान पर पुलिस,तीसरे पर विकास और दो दो बिजली, स्वास्थ्य,शिक्षा,सहित अन्य विभागों के 65 मामले आए। निस्तारण शून्य रहा।



# कार्यालय ग्राम पंचायत गोसियामऊ विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/पं0भ0 नि0/रा जी एस ए/गोसियामऊ/2025,2026 दिनांक 06.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गोसियामऊ, विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विशिष्टियों के अनुरुप सामग्री सदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.12.2025 से दिनांक 15.12.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक को 16.12.2025 अपरान्ह 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव/निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत रुपए में | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन का निर्माण | 1746000/- | मौरंग, गिट्टी, ईंट (अव्वल), फर्नीचर, लोहा, प्लम्बर, हार्डवेयर सामग्री, विद्युत सामग्री, पानी वायरिंग, बोरिंग, बालू इत्यादि |

**नियम व शर्ते**

1- निविदादाता का पंजीकरण व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए। 2- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। 3- सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर प्राप्त की जाएगी, इस हेतु पृथक से कोई भाडा देय नहीं होगा। 4- इच्छुक निविदादाता कार्यवार तथा सामग्रीवार पृथक पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते है। 5-निविदा प्रपत्र कय करते समय कार्य पर वांछित सामग्री की मात्रा का विवरण निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा कार्यवार सामग्री की मात्रा सम्यन्धी विवरण पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर भी चरपा है। 6. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात रु0 100 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा। 7- ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत फर्मों/ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी। 8. किसी भी कार्य पर शासन स्तर पर रोक था विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य पर आपूर्तित सामग्री का भुगतान संभव न होगा एवं न्यायालय में बाध्य योग्य भी नहीं होगा। 9. बिना कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 10. निविदा सामग्री की दर समान होने पर लॉटरी की पद्धति से निविदादाता का चयन किया जाएगा। 11. दिनांक 16.12.2025 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है, तो यह कार्य अगले दिवस में संपन्न होगा।

**प्रधान**
**वर्षा यादव**
**ग्राम पंचायत गोसियामऊ**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**अखिलेश कुमार दुबे**
**ग्राम पंचायत गोसियामऊ**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

# यूपी के 11 जिलों में 17 केंद्रों पर क्लैट आज, 14,578 अभ्यर्थी होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शैक्षिक सत्र 2026-27 में दाखिले के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 7 दिसंबर रविवार को होगा। प्रदेश के 11 जिलों में कुल 17 केंद्र बनाए गए हैं। जहां स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 14,578 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस वर्ष कन्सोर्टियम ऑफ एनएलयू की ओर से डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। विवि के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि क्लैट का आयोजन पूरे देश में रविवार को दोपहर दो से चार बजे के बीच किया जाएगा।

देशभर के कुल 173 टेस्ट सेंटरों में यह परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें कुल 92,344 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। इनमें 75,008 अभ्यर्थी स्नातक और 17,336 अभ्यर्थी परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा देंगे। इस परीक्षा में अभ्यर्थी इंटरमीडिएट के बाद प्रतिभाग कर सकते हैं। क्लैट पास करने के बाद अभ्यर्थी न्यायिक सेवाओं, लॉ फर्मों और विभिन्न पीएसयू में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं।

❑ यूजी और पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए क्रमशः 11952 और 2626 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा देशभर के कुल 173 टेस्ट सेंटरों में कुल 92,344 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे



आरएमएनएलयू ने इस परीक्षा के शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रत्येक वर्ष इसी परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। प्रवक्ता के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य के 11 जिलों में कुल 17 टेस्ट सेंटर निर्धारित किए गए हैं, जहां 14,578 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसमें यूजी पाठ्यक्रम के लिए 11,952 और पीजी के लिए 2626 अभ्यर्थी परीक्षा के पंजीकृत हैं। इन जिलों में बनाए गए केंद्र प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि प्रदेश के 11 जिलों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बरेली, गोरखपुर, झांसी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा का नाम शामिल है। लखनऊ में बने कुल छह केंद्र क्लैट परीक्षा के लिए सबसे अधिक छह केंद्र राजधानी लखनऊ में बनाए गए हैं। यहां केकेसी में 1100, महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कॉलेज में 500, आरएमएलएनएलयू 800, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला कॉलेज 500, डीएवी डिग्री कॉलेज 500 और लखनऊ पब्लिक कॉलेज ए ब्लॉक राजाजीपुरम में 456 अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने ली टैक्सी चालक की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । निगोहां कस्बे में शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। बस स्टैंड के पास सवारी के इंतजार में खड़ी एक बिक्रम टैक्सी को तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि टैक्सी उछलकर पलट गई। हादसे में टैक्सी चालक पुत्तन तिवारी (45) वाहन के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। डॉक्टरों ने पुत्तन तिवारी को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेते हुए उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। दखिना गांव निवासी पुत्तन तिवारी लंबे समय से बिक्रम टैक्सी चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी मौत की खबर घर पहुंचते ही चीखऽपुकार मच गई। पत्नी लक्ष्मी तिवारी और चार बेटियाँ सोभा, संजना, ऋचा और अदिति का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि पुत्तन तिवारी मेहनती, मृदुभाषी और सभी के प्रिय थे। उनकी अचानक हुई मौत ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# असंभव को संभव करने का जज्बा रखते है नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक : मनोज वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक किसी भी समय किसी भी विपरीत परिस्थितियों में असंभव को संभव करने का जज्बा रखते हैं। ये बात सिविल डिफेंस के अधिकारी मनोज वर्मा ने सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस के अवसर पर गोमतीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान कही।गोमतीनगर में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मून हॉल में भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 6 दिसंबर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने कराई। उन्होंने कहा कि स्थापना के समय सिविल डिफेंस का उद्देश्य था युद्ध के दरमियान आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना। बाद में वर्ष 2010 में आपदा प्रबंधन से भी सिविल डिफेंस को जोड़ दिया गया। जिससे सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के दायित्व बढ़ गए। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक समय समय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त करते रहते हैं, जिससे वो हर दायित्व को पूर्ण करने में सक्षम रहते हैं। यही कारण है हर प्रकार की आपदा से निपटने में अपना सौ फीसदी सहयोग करते है। कोरोना कॉल इसका उदाहरण है जब स्वयंसेवकों ने फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में बहादुरी के साथ कार्य किया। असंभव को संभव में बदलना स्वयंसेवकों को आता है।इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार ने भी नागरिक सुरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। सहायक उपनियंत्रक रेखा पांडेय और मुकेश कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह व डीजी नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश ध्रुवकांत ठाकुर के द्वारा स्थापना दिवस पर भेजे गए बधाई संदेश को पढ़कर सुनाया। नागरिक सुरक्षा लखनऊ के उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार ने सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम पर विभागीय ध्वज फहराया और सभी को नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की बधाई दी। गौरतलब है कि भारत में नागरिक सुरक्षा की स्थापना 6 दिसंबर 1962 को हुई थी, इसलिए प्रतिवर्ष 6 दिसम्बर को नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया जाता है।

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मनाया गया 10वाँ स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, लखनऊ में 6 दिसंबर 2025 को विद्यालय का 10वाँ स्थापना दिवस अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। यह अवसर सांस्कृतिक सौंदर्य, कलात्मक अभिव्यक्ति और सामूहिक गर्व से परिपूर्ण रहा। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् स्वामी प्रेम परिवर्तन (पीपल बाबा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चेयरमैन श्री शिशिर जयपुरिया, प्राचार्या, उप-प्राचार्या, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद प्रस्तुत की गई शिव स्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिभाव, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

प्राचार्या पूनम कोचिट्टी और उप-प्राचार्या ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन में शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह-शैक्षणिक उपलब्धियाँ, नवाचार आधारित शिक्षण और विद्यार्थियों के समग्र विकास को विस्तार से बताया गया।




चेयरमैन शिशिर जयपुरिया ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों पर आधारित और भविष्य-दृष्टि वाली शिक्षा ही विद्यार्थियों को नए युग के अनुरूप तैयार कर सकती है। कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों–विद्यालय, जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय–पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वाद-विवाद, कला, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, खेल, नवाचार, शैक्षणिक प्रतियोगिताएँ और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ दर्ज करने वाले छात्रों की सराहना की गई। स्वामी प्रेम परिवर्तन ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जीवन को सार्थक बनाने के संदेश दिए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। इनमें रचनात्मक नाट्य प्रस्तुति जिसमें महान विचारकों के संवाद के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों को दर्शाया गया। संगीतमय प्रस्तुतियाँ जिनकी मधुरता और ऊर्ज़ा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। जीवन यात्रा पर आधारित नाट्य अभिनय, जिसमें जीवन के विविध पड़ावों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। लोक-संस्कृति और आधुनिक ताल का संगम, जिसने भारतीय परंपरा की सुंदर झलक दिखाई। विद्यालय की दस वर्ष की यात्रा पर आधारित प्रस्तुति, जिसने भावनात्मक और रचनात्मक रूप में एक दशक के विकास को सामने रखा।

इस वर्ष का विशेष आकर्षण दिगि नवाचार प्रदर्शनी रही, जिसमें विद्यार्थियों ने– विद्यालय परिसर का डिजिटल मॉडल, स्वयं निर्मित रोबोट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े नए प्रयोग, प्रस्तुत कर विद्यालय की तकनीकी उन्नति को दर्शाया।

कार्यक्रम का समापन ऊर्ज़ा से भरपूर सामूहिक प्रस्तुति और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिसने सभी के मन में एकता और देशभक्ति की भावना जगाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री पंकज राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह 10वाँ स्थापना दिवस विद्यालय की दस वर्ष की उपलब्धियों, उत्कृष्ट परंपरा और भविष्य की प्रगतिशील सोच का प्रेरणादायी प्रतिरूप बना।

# नगराम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में बोधिसत्व भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा बाबा साहेब, स्वामी विवेकानंद और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन हुआ। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष, शिक्षा और संविधान निर्माण में उनके महान योगदान को याद किया। भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने उनकी प्रतिभा और शाहूजी महाराज द्वारा दी गई छात्रवृत्ति का उल्लेख किया। जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने भारतीय संविधान में उनके अनोखे उपबंधों पर प्रकाश डाला।



ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ने शिक्षा पर उनके विचार–ल्लशिक्षा शेरनी का दूध हैङ्क–को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन अभिनव वर्मा ने किया और समापन दीपांशु वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एबीवीपी पदाधिकारी, शिक्षकऽशिक्षिकाएं एवं छात्र मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना वार्षिकोत्सव ''टैलेंट अनलिमिटेड -14.0 आरोहण''

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को जानकीपुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव टैलेंट अनलिमिटेड -14.0 आरोहण बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी टैक्निकल सर्विसेज नवीन अरोरा रहे। वहीं विशिष्ट सुपर हाउस एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन, वाइस चेयरपर्सन शाइना अमीन एवं विद्यालय की शादा फातिमा रही। जिनके द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पौधों को जल से सिंचित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू भास्कर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव आरोहण को मनाते हुए विद्यार्थियों ने कई मनमोहक, ज्ञानवर्धक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत की विविधता की एकसूत्रता, प्रेम और सौहार्द को पिरोते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन हाई इन द स्काई आरोहण -ग्रैंड फिनाले और राष्ट्रगान से हुआ, जिसमें विद्यालय की एकेडमिक कॉर्डिनेटर, जूनियर मिस्ट्रेस और प्रत्येक छात्र ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डीपीएस की अन्य शाखाओं की प्रिंसिपल एवं विद्यालय परिवार से जुड़े कई गणमान्य उपस्थित रहे।



भारत की विविधता की एकसूत्रता, प्रेम और सौहार्द को पिरोते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम सर्वधर्म स्वागत नृत्य, ईकोज ऑफ नेचर, वूमेन इम्पावरमेंट, हार्मनी ऑफ हीयूज, स्कूल बैंड, राइजिंग इंडिया, अली बाबा चालीस चोर, नई तालीम, मर्चेंट ऑफ वेनिस-इंगलिश प्ले, भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण संस्कृति, महापुरुषों, विशेषताओं को समेटे आरोहण, समूह गान, हिंदी और अंग्रेजी में प्रस्तुत किए गए।

## ट्रक की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर पलटी

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित नवजीवन इंटर कॉलेज के बगल पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार दोपहर लखनऊ रायबरेली राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक चालक द्वारा ओवरटेक करते समय बगल से जा रही कार में जोरदार टक्कर मार दी इसके बाद अनियंत्रित हुई कर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए पलट गई गनीमत रहे की कार में सवार सभी लगभग आधा दर्जन लोग सुरक्षित रहे जिन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है। नीम का थाना जिला सीकर राजस्थान निवासी दवा कारोबारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि वह अपनी कार आर जे 23 सी डी 0212 से पारिवारिक कार्यक्रम में लखनऊ अपने परिवार के साथ आए हुए थे वहीं शनिवार के दोपहर लखनऊ स्थित अपने रिश्तेदार के घर से सपरिवार रायबरेली हरचंदपुर स्थित अपने ससुराल जा रहा था तभी लखनऊ रायबरेली राजमार्ग पर मोहनलालगंज कस्बा स्थित शशि पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे ट्रक यू पी 30 ए टी 7007 ने ओवरटेक करते हुए मेरी गाड़ी में साइड से टक्कर मार दी इसके बाद अनियंत्रित हुई गाड़ी डिवाइडर के रेलिंग तोड़ते हुए सड़क पर पलट गई। कार मुकेश कुमार शर्मा चला रहे थे साथ में उनकी पत्नी रंजना शर्मा, बेटा देव शर्मा14, बेटी पायल शर्मा 12, साले की पत्नी जूली शर्मा, 4 वर्षीए लड़का वंशू शर्मा एवं 2 साल का लड्डू, गाड़ी पर सवार थे जो सभी एयर बैग खुल जाने से बाल बाल बच गए।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की शुरुआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा गोमती नगर – सहारनपुर – गोमती नगर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

26504/26503 गोमती नगर-सहारनपुर-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 26504 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26504 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 26503 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26503 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:10 | गोमती नगर | 14:05 | ---- |
| 15:28 | 15:38 | डालीगंज जं. | 13:34 | 1344 |
| 16:33 | 16:35 | सीतापुर जं. | 12:36 | 12:38 |
| 18:08 | 18:10 | शाहजहाँपुर जं. | 11:07 | 11:09 |
| 19:05 | 19:07 | बरेली जं. | 09:40 | 09:42 |
| 20:35 | 20:40 | मुरादाबाद जं. | 08:00 | 08:05 |
| 21:54 | 21:56 | नजीबाबाद जं. | 06:25 | 06:27 |
| 22:42 | 22:44 | रुड़की | 05:40 | 05:42 |
| 23:50 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 05:05 |

चलने के दिन: 26504 गोमती नगर से प्रतिदिन दिनांक 09.12.2025 से (सोमवार छोड़कर)। और 26503 सहारनपुर से प्रतिदिन दिनांक 10.12.2025 से (मंगलवार छोड़कर)।

स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

3792/25

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सपा ने गांव-गांव अर्पित की श्रद्धांजलि

# संविधान को लेकर पीडीए ने दिखाई एकजुटता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पार्टी के जिला कार्यालय,कैसरबाग पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण सहित जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशःसरोजनीनगर,मलिहाबाद,मोहनलालगंज,बीकेटी के अन्तर्गत स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की सभी प्रतिमाओं पर जिला पदाधिकारियों,वरिष्ठ नेताओं के साथ ही विधानसभा क्षेत्रों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी आयोजित करके परिनिर्वाण दिवस मनाया गया।वहीं संविधान को लेकर पीडीए ने एकजुटता दिखाई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भारत के संविधान निर्माता एवं दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस अवसर पर जिन गांवों में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है।वहां जाकर पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किया।विधानसभा क्षेत्र के दसदोई, भटाऊजमालपुर, भलिया, जलियामऊ, बहरू, चौखड़ीखेड़ा, असत्यखेड़ा, सन्याशीबाग, दशहरी,अमेठीय सलेमपुर सहित आदि जगहों पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व मंत्री रामलखन चौरसिया, प्रदेश सचिव रूप नारायण यादव,राशिद अली,निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला



रावत,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह,मलिहाबाद विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं लोकप्रिय नेत्री विजयश्री गौतम,जिला कोषाध्यक्ष इस्तियाक अहमद,प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद यादव,प्रधान गुरुदयाल गौतम,आनन्द गौतम,जिला सचिव डॉ केशरी राव मोहर सिंह यादव एडवोकेट,प्रदेश सचिव मुईन खां,रामनाथ रावत,कृष्ण कुमार यादव उर्फ पप्पू,निखिल गौतम,जितेंद्र सिंह यादव,राम नारायण रावत,दशरथ यादव,रामचंद्र रावत ने बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।जगह-जगह पर सभाएं आयोजित की गईं।वक्ताओं ने कहा कि संविधान की रचना में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है।उनके प्रयासों से संविधान में अमीर-गरीब को बराबरी का हक मिला।यह संविधान एक पवित्र दस्तावेज है,जिसमें व्यक्ति के मूल अधिकार सम्मिलित हैं।उन्होंने कहा कि हमें संविधान के अनुसार समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के मार्ग पर चलना है।आज ऐसे दल की सत्ता है जो अम्बेडकर के विचारों से अनभिज्ञ है,इसी कारण समाज में असन्तोश व कलह का वातावरण व्याप्त है।देश और प्रदेश में महिलाओं के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहे हैं।सम्भल में हुई हिंसा भाजपा सरकार की एक सोंची समझी रणनीति का हिस्सा है।वहीं विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव,सरोज यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया,विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य,प्रदेश सचिव रामगोपाल यादव,राम सिंह यादव प्रताप,जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत,डॉ वीर सिंह यादव सहित आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सचिवों का हल्ला बोलः ऑनलाइन हाजिरी व गैर विभागीय कार्य के विरोध में भड़का आंदोलन

**मुख्यमंत्री व डीएम को सौंपा ज्ञापन, 829 ब्लॉकों में एक सुर में उठी आवाज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सांडा/सकरन/सीतापुर।ऑनलाइन हाजिरी थोपे जाने और गैर विभागीय कार्य कराए जाने के विरोध में सचिवों का आंदोलन और तेज हो गया है। शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025 को ब्लॉक मुख्यालय सांडाऽसकरन में भारी संख्या में सचिवों ने एकजुट होकर काली पट्टी बांधी और शांतिपूर्ण धरने पर बैठकर अपना आक्रोश दर्ज कराया।

सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में यह प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन जारी रहा।अध्यक्ष अजीत यादव ने खंड विकास अधिकारी सकरन का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रधान लिपिक राम किशोर मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट कहा किऑनलाइन हाजिरी और गैर विभागीय कार्य सचिवों पर जबरन बोझ है, जब तक सरकार संज्ञान नहीं लेती, आंदोलन रुकेगा नहीं।सचिवों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा और एक-एक कर अगली रणनीति का ऐलान किया। आंदोलन की अगली कार्ययोजना, आज से सभी शासकीय व्हाट्सऐप ग्रुपों से सचिव लेफ्ट होंगे।10 दिसंबर से सचिव अपने निजी वाहन का उपयोग पूरी तरह बंद कर देंगे।15 दिसंबर 2025 को सभी ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी अपने डोंगल ब्लॉक मुख्यालय पर जमा करेंगे। अध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि सचिवों का यह बिगुल सिर्फ सकरन तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के 829 ब्लॉकों में आंदोलन एकसाथ जारी है, और जब तक सरकार सुनवाई नहीं करती, यह संघर्ष इसी तरह जारी रहेगा।धरना स्थल पर उमाकांत, अनूप वर्मा, प्रदीप कुमार, विनय लोधी, कीर्ति वर्मा, अजय गौतम, शैलेन्द्र दीक्षित, अरुण वर्मा, शशिकांत तिवारी, शिवमंगल मिश्रा समेत सभी सचिव गरिमामयी उपस्थिति में डटे रहे। सचिवों की एकजुटता ने प्रशासन की नींद हराम कर दी है और संकेत साफ है, न्याय मिलने तक आंदोलन नहीं रुकेगा।

# डीएम के दौरे से कर्मचारियों में दहशत का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्राम पंचायतों में बगैर कार्य कराए भुगतान की नहीं ले रहा कोई सुध, कमीशन के चलते सामग्री आपूर्ति करने वाली फर्मों का नहीं किया जा रहा भुगतान**

सकरन, सीतापुर। जिलाधिकारी की सख़्ती के बावजूद भी सकरन क्षेत्र में निरंकुश प्रशासन के भ्रष्टाचार के कृत्य हैं कि थमने का नाम नहीं ले रहे चाहे ग्राम विकास हो, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल,ग्रामीण अभियंत्रण, पुलिस प्रशासन या आबकारी हर जगह दिख रही भ्रष्टाचार की मार।

अपने कर्तव्यों से विमुख कुछ तकनीकी सहायक जिन्होंने कल डीसी मनरेगा के निरीक्षण के मौके पर ग्राम प्रधानों से वसूले बड़ी रकम,क्व्ब्ट्ट के लिए धरना प्रदर्शन कर ग्राम पंचायत सचिव के बावजूद भी सकरन की ग्राम पंचायत राजापुर, धरमपुर व भिठमनी में तैनात पंचायत सचिव पूजा शर्मा के द्वारा अपनी ड्यूटी में हीलाहवाली के साथ पंचायत सचिव उमाकांत के द्वारा द्वारा अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतों सरैया कला, मोहारी, काजीपुर, रत्नापुर, पतरासा, खानपुर, ताजपुर सलौली, मुर्थना,बेलवा, कोंसर में बगैर कार्य कराए ही बड़ी रकम हड़पने का कार्य किया गया फिर भी आज तक कार्यवाही शून्य।

क्षेत्रीय जनता ने पंचायत सचिव पूजा शर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि मैडम जी कभी भी कार्यालय में उपस्थित मिलती ही नहीं हैं अपनी नारी शक्ति के प्रभाव के चलते पुरुष पीड़ितों कि बात न सुनकर उलटे धमकाती भी हैं, ग्राम पंचायत भिठमनी व राजापुर के आए ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव के व्यवहार से हम सभी आहत हैं इन्हें तत्काल हटाने के लिए हमसब डीएम साहब से मुलाक़ात करेंगे और इनके द्वारा किए गए सारे फर्जीवाड़ों की शिकायत भी करेंगे।

सरकार की महत्वकंाक्षी योजना आई सी डी एस को ताक पर रख क्षेत्र में तैनात पंचायत सचिव अरुण वर्मा के द्वारा विगत साल भर पूर्व से सामग्री का भुगतान करने वाले फर्म का भुगतान सिर्फ कमीशन के चलते नहीं करने के आरोप लग रहे हैं, फर्म संचालक ने बताया कि अब हम सीधे डीएम साहब से मुलाक़ात कर अपने रुपयों को दिलवाने की गुहार लगाते हुए दोषी कर्मचारी पर कठोरतम कार्यवाही की मांग करेंगे पर अफ़सोस है कि समूचे जिले का भ्रमण करने वाले डीएम साहब आज तक सकरन नहीं आ सके।

क्षेत्र की करीब दर्जन भर ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सचिव उमाकांत ने सरैया कला, काजीपुर, ताजपुर, मुर्थना, मोहारी,रत्नापुर, पतरासा आदि ग्राम पंचायतों में बगैर काम कराए लाखों के भुगतान के मामलों की जाँच लंबित होने से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

विगत दिवस सी एम ओ सुरेश कुमार के भ्रमण के उपरांत भी सी एच सी सांडा में तैनात बी पी एम, बी सी पी एम, ए एच ओ के भ्रष्टाचार पर नहीं हुई कोई कार्यवाही से असंतुष्ट दिखे क्षेत्रवासियों ने बताया कि उक्त कर्मचारियों के पटल की समीक्षा न कर सी एम ओ ने सिर्फ खानापूर्ति की है जबकि भ्रष्टाचार में शामिल इन लोगों पर डीएम सीतापुर के द्वारा जाँच कर कठोर कार्यवाही करने की नितांत आवश्यकता है।

# डीएम राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पोषण योजनाओं की प्रगति धीमी मिलने पर डीएम सख्त, अधिकारियों को सुधार के निर्देश, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था सुधारे**

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की।

उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना जिला कार्यक्रम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये कोई भी मुख्यालय न छोड़े।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटो मीटर, स्टीडियो मीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 के सभी सत्रों में समस्त तैनात कार्मिक समय से निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। सभी सत्रों का निर्धारित सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। मातृ मृत्यु दर को कम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों के दौरान गोद भरायी एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में कराया जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों को मेले के रूप में आयोजित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों के आयोजन से पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक अवश्य आयोजित की जाये तथा इसमें सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का भी रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा इसमें आवश्यक सूचनाएं शुद्धता के साथ भरी जाये। इसके लिये सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण एक सप्ताह के भीतर देते हुये इसका प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। गर्भवती महिलाओं, बच्चों को मानकों के अनुरूप पोषाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को विशेष ध्यान रखा जाये तथा उनकी जरूरी जांचें समय से करायी जायें।

# सपा नेताओं ने मनाया डॉ. अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**इस दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मनाया गया।

इस दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई।सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का एक अभिन्न अंग है और उनके विचार भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का समावेशी और समतावादी समाज का उनका दृष्टिकोण, जैसा कि भारतीय संविधान में निहित है, देश के भविष्य के विकास के लिये एक मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में याद किया जाता है।? इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैय्यद रिजवान अहमद, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, लखन प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रसाद प्रधान, कमल किशोर कठेरिया, अवधेश कुमार पाल, अजफर अली, पार्थ यादव, मोनू कुरैशी, प्रसून कुमार कनौजिया, संतोष कुमार पाल, अजीम खान, शाहाब खान, अजय भोजवाल, रामरतन लाल सोनी, राजकुमार शर्मा, पीएल गौतम, बादाम सिंह यादव, शिशुपाल सिंह यादव, सर्वेश, रानू खान, मुकेश यादव, सुनील यादव, सचिन भोजवाल, सत्यनारायण, बिलाल खान, यश मौर्य,आरिफ खान, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, पार्वती सैनी, नीलम, सविता आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से मिला सहारा

**दिवंगत श्रमिक पृथ्वीपाल के परिवार को 12.93 लाख की सहायता**

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने परिजनों को सौंपा चेक, राहत किट व शाल**

**कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मिला मुआवज़ा**

**डीबीटी से भेजे गए 5.93 लाख, 7 लाख की एफडी कराई गई**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर। गोविंद शुगर मिल ऐरा में 27 दिसंबर को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए संविदा श्रमिक पृथ्वीपाल की 13 जनवरी 2025 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रशासन की सक्रिय पहल पर उनके परिजनों को आर्थिक संबल मिला है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत मिल प्रबंधन ने आश्रितों को 12 लाख 93 हजार 900 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई।शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह के साथ प्रभावित परिवार को 12 लाख 93 हजार 900 की धनराशि का चेक, सीएसआर राहत किट और शाल प्रदान किया। डीएम ने कहा कि श्रमिक परिवारों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मिल प्रबंधन को भविष्य में सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के निर्देश भी दिए। बताते चले कि डीबीटी के माध्यम से 5,93,900 रुपये सीधे खाते में भेजे गए, जबकि 7 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) परिवार के नाम से कराई गई है, ताकि भविष्य में उनका आर्थिक संबल बना रहे।

# घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल, छज्जा गिरने से 2 मजदूर गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बेहजम के अंतर्गत ग्राम पैला में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। भवन निर्माण के दौरान अचानक छज्जा भरभराकर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार्यस्थल पर अफरा-तफरी मच गई।घायलों को स्थानीय लोगों और निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मचारियों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार मजदूरों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।बताया गया है कि यह मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। लेकिन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल निर्माण में जानबूझकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था, जिसका परिणाम यह हादसा बनकर सामने आया है।स्थानीय विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' ने पहले ही इस मामले को लेकर प्रशासन को चेताया था। 31 अक्टूबर को उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सरिया, सीमेंट, सफ़ेद बालू समेत अन्य सामग्री मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा था कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं की जा रही हैं और समय रहते कार्रवाई न होने पर किसी बड़े हादसे की आशंका है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिकायत पर समय रहते जांच होती और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती, तो आज मजदूरों की जान खतरे में न पड़ती। घटना के बाद लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

## डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में सुनीं समस्याएं, 49 शिकायतों में कुल 05 का निस्तारण



शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील सदर में फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। इस दौरान अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।? डीएम ने शेष शिकायतों का ससमय निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें और तत्काल कार्यवाही करें। मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निस्तारण कराएं। डीएम ने कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक भी लिया जाए। कब्जा अथवा भूमि संबंधित विवाद का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर करें। किसी भी दशा में शिकायतकर्ता को एक से अधिक बार एक ही प्रकरण के लिए न आना पड़े। डीएम ने एसआईआर कार्य में लगे संबंधित अधिकारियों को एएसडी वोटर के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि संबंधित अधिकारी एएसडी वोटर की सूची सार्वजनिक रूप से पढ़ें और लोगों से सुनिश्चित करे कि कोई ऐसा वोटर तो नहीं, जो यहां रह रहा हो। कहा कि सोमवार तक एसआईआर कार्य पूर्ण करके रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर संजय पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, सीओ प्रियंक जैन सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राजनैतिक दल मतदेय स्थल पर बीएलए नियुक्त करेंः डीएम




शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक संपन्न हुए पुनरीक्षण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और प्रत्येक चरण से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एएसडी वोटरों की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि प्रत्येक दल अपने स्तर से मतदाता सूची की गुणवत्ता सुनिश्चित कर लें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठक आगामी 10 दिसंबर, 2025 को बूथ स्तर पर आयोजित होगी। सभी राजनैतिक दल अपने बीएलए को अनिवार्य रूप से बैठक में भेजें, जिससे नामावली पुनरीक्षण की प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ हो सके। डीएम ने कहा कि जिन राजनैतिक दलों ने अभी तक अपने बीएलए नियुक्त नहीं किए हैं या सभी मतदेय स्थलों पर बीएलए नियुक्त नहीं हैं, वे तत्काल प्रभाव से अपने बीएलए की नियुक्ति पूर्ण करें। बीएलए की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची की शुद्धता बढ़ती है और संभावित त्रुटियों को समय रहते दूर करने में सहायता मिलती है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्र सहित संबंधित अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. अंबेडकर का राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय योगदान रहाः राम सिंह



शाहजहांपुर। डॉ अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक एसके मित्रा की अध्यक्षता में घंटाघर स्थित डॉ अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं राष्ट्र निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर का योगदान विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष/एसपी कॉलेज के इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर का राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय योगदान रहा। उन्होंने भारत में संसदीय शासन प्रणाली लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना में अपना अमूल्य योगदान दिया।

# समरसता दिवस पर एबीवीपी ने कराई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला, लखीमपुर खीरी। समरसता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) गोला नगर इकाई द्वारा पी.के. इंटर कॉलेज पडरिया तुला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रऽछात्राओं ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इउठ्ठ लखीमपुर विभाग के विभाग संयोजक अजय पाण्डेय उपस्थित रहे। उन्होंने ठ्ठबाबा साहब के सपनों का भारतङ्क विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक बाधाओं को पार कर राष्ट्र के लिए मिसाल कायम की। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और समानता का संदेश देता है, जिसे हर विद्यार्थी को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रऽछात्राओं को सामाजिक समरसता बनाए रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन नगर इकाई के सचिन राज ने किया। मंच पर विद्यालय के प्रबंधक पंकज बाजपेयी, इउठ्ठ नगर मंत्री दिनेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री सत्यम दुबे, पंकज कश्यप सहित इउठ्ठ के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़े फरियादी अधिकारियों ने सुनीं समस्याएँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील मितौली के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी/मुख्य अतिथि की देखरेख में हुई। कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी मितौली यादुवेंद्र सिंह, तहसीलदार दिनेश कुमार सहित जिले के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सभी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील दिवस में पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएँ सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देशों के साथ सौंपा गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संपूर्ण समाधान दिवस आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। फरियादियों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याएँ लिखित रूप में संलग्न प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करें, जिससे उनका समयबद्ध निस्तारण हो सके।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

# योगी सरकार रख रही दिव्यांगों का विशेष ध्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । भारत के संविधान में दिव्यांगजन सहित प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन और स्वतन्त्रता की गारन्टी प्राप्त है। दिव्यांगता एक दीर्घकालीन शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक संवेदी हानि है। जिससे उन्हें दूसरे व्यक्ति पर निर्भर रहना पड़ता है। सरकार ने दिव्यांगता की श्रेणी जो पहले सात थी, उसे बढ़ाकर 21 कर दी है।

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल दिव्यांगजन की संख्या 41,57,514 है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 31,66,615 एवं शहरी क्षेत्र के 9,90,899 दिव्यांगजन सम्मिलित है। दिव्यांगजनों का सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वासन दिव्यांग भरण- पोषण अनुदान योजना- इस योजनान्तर्गत पूर्व में रू0 300/-प्रति माह प्रति व्यक्ति की दर से अनुदान प्रदान किया जाता था, जिसे वर्तमान सरकार द्वारा अप्रैल 2017 से बढ़ाकर रू0 500 तथा दिसम्बर 2021 से पुन बढ़ा कर रु0 1,000 प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अद्यतन कुल प्राविधानित धनराशि रु0 142434.93 लाख के सापेक्ष धनराशि रु0 68753.61 लाख का व्यय करते हुए कुल 11,57,556 दिव्यांगजन को पेशन देकर लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2016-17 की समाप्ति पर प्रदेश में पेंशनर्स की संख्या 8,75,992 थी, जो बढ़कर अद्यतन 11,57,556 हो गयी है। इस प्रकार वर्ष 2017 के पश्चात 2,81,564 नवीन दिव्यांगजन को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया है।

## कुष्ठावस्था पेंशन योजना

प्रदेश में कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए दिव्यांगजन को रु0 2500 प्रति माह की दर को बढ़ाते हुए योगी सरकार ने दिसम्बर, 2021 से रु0 3000 प्रति माह कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अद्यतन कुल प्राविधा नित धनराशि रु0 4593.96 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 2283.75 लाख का व्यय करते हुए कुल 12,807 कुष्ठजनित दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुष्ठ रोगी पेंशनर्स की संख्या मात्र 4,765 थी, जो बढ़कर 12,807 हो गई है। इस प्रकार वर्तमान सरकार द्वारा 8,042 नवीन कुष्ठजनित दिव्यांगजन को चिन्हित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल दिव्यांगजन की संख्या 41,57,514 है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 31,66,615 एवं शहरी क्षेत्र के 9,90,899 दिव्यांगजन सम्मिलित है**

## दुकान निर्माण/संचालन योजना

दिव्यांगजनों के स्वरोजगार के लिए प्रदेश सरकार द्वारा दुकान निर्माण/संचालन योजना के अंतर्गत न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन को दुकान निर्माण हेतु रू0 20,000 एवं दुकान/खोखा/गुमटी/हाथ ठेला संचालन हेतु रु0 10.000 की धनराशि प्रदान की जाती है। योजना का संचालन ऑनलाईन किया जा रहा जिसके अन्तर्गत लाभार्थियों को पी0एफ0 एम0 एस0 प्रणाली के द्वारा ई-पेमेन्ट के माध्यम से लाभान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल प्राविधानित धनराशि रु0 106.04 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 77.20 लाख का व्यय करते हुए अभी तक कुल 772 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2017-18 से अद्यतन योजनान्तर्गत कुल 8,835 दिव्यांगजन को स्वरोजगार हेतु लाभान्वित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा योजना

प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसों में उनके अन्तिम गन्तव्य स्थल तक (चाहे वह राज्य की सीमा से बाहर ही क्यों न हो) किये जाने का शासनादेश दिनांक 21 जून, 2019 को जारी कर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 40.00 करोड़ के सापेक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को दिव्यांग जन की निःशुल्क बस यात्राओं के हेतु अद्यतन कुल रू0 33.44 करोड़ का भुगतान किया गया है।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना

प्रदेश सरकार विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तीकरण व बेहतरी के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था या स्वयं दिव्यांगजन को उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिये पुरस्कृत किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 02 श्रेणियों के स्थान पर 17 श्रेणियों के अन्तर्गत 30 उपश्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाता है, प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने पुरस्कार की धनराशि रू0 5,000/- से बढ़ाकर रू0 25000/- कर दिया है। विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर, 2025 के अवसर पर प्रदेश के 30 दिव्यांगजनों/व्यक्तियों/संस्थाओं का राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) योजना

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा विकसित व संचालित पोर्टल द्धप्ध्दः// बब. पबथफ्द्यथद्बथ्थद्बदथन्द.द्दधफ.द्बद्ब के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से प्रदेश के समस्त दिव्यांगजन को निर्धारित प्रारूप पर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाते है, जिसके आधार पर विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यू0डी0आई0डी0 कार्ड) बनाये जा रहे है। प्रदेश में अब तक कुल 19,74,984 दिव्यांगजन का यू0डी0आई0 डी0 पोर्टल पर पंजीकरण हुआ जिसके सापेक्ष 16,23,234 यू0डी0आई0डी0 कार्ड निर्गत किये गये है।

## दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार

शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांग दम्पत्ति में से युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू015,000/- युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000/- तथा युवक व युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रु0 35,000/- की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। इस योजना का संचालन ऑनलाईन किया जा रहा जिसके अन्तर्गत लाभार्थियों को पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के द्वारा ई-पेमेन्ट के माध्यम से लाभान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक कुल 236 दिव्यांग दम्पतियों को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से अद्यतन इस योजनान्तर्गत कुल 6,129 दिव्यांग दम्पत्तियों को लाभान्वित किया गया है।

## महराजगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता मे खेले गये दो क्वार्टर फाइनल

रायबरेली। बाबा बबुरिहा मैदान में चल रहे महराजगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के आज दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहला मैच तैमूर कुरैशी 11 महाराजगंज और तिलोई स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर तैमूर कुरैशी की टीम ने 10 ओवर में 131 रन बनाएं। फिर बल्लेबाजी करने उतरी तिलोई की टीम 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ़ द मैच आलोक द्वारा सर्वश्रेष्ठ 31 रन बनाए गए और तीन विकेट भी ली गई। आज का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच आकाश 11 महाराजगंज और समीर क्रिकेट क्लब महाराजगंज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर समीर क्रिकेट क्लब टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और आठ ओवर में 137 रन का विशाल लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आकाश 11 की टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिससे समीर क्रिकेट क्लब की टीम ने 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच शकील रहे। जिन्होंने 11 गेंद पर 34 रन बनाए और अपनी टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण विकेट भी लिए।इस मौके पर अर्पित पंडित, राजवीर सिंह, ऋषभ वर्मा, वाहिद अली, अर्पित वर्मा, अंश , समीर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों को जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी ने दिखाई हरी झंडी उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु आज दिनांक 06.12.2025 को समय 01.00 बजे जिला न्यायालय संभल स्थित चंदौसी परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश , अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश महोदय ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 को आयोजित की जानी है, जिसके सफल संचालन एवं अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों, न्यायिक परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराएगें। न्यायाधीश महोदय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण संभव है तथा इसमें पक्षकारों को निःशुल्क सुविधा, समय की बचत तथा स्थायी समाधान प्राप्त होता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने विवादों के निस्तारण हेतु लोक अदालत की इस प्रभावी व्यवस्था का लाभ उठाएँ। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी, आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश, एस.सी./एस.टी. एक्ट. संभल स्थित चंदौसी रागिनी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, सम्भल स्थित चंदौसी श्री अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ सिविल जज (सी.डि.) /ए.सी.जे.एम., चंदौसी. संभल स्थित चंदौसी श्री पराग यादव सिविल जज (सी.डि.) /ए.सी.जे.एम. संभल स्थित चंदौसी श्री आदित्य सिंह, सिविल जज (जू.डि.) जे.एम. संभल स्थित चंदौसी दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी दिव्या चिंडालिया एवं बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार सिंह व सचिव तीरथ राज यादव मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**विचार गोष्ठी में रखे गए उनके योगदान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, चंदौसी। ग्राम पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के संचालक ''महानन्दन गौतम'' एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी सहित समस्त स्टाफ ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

संचालक महानन्दन गौतम ने कहा कि ''बाबासाहेब के विचार समानता, न्याय और सामाजिक समरसता की राह दिखाते हैं।'' उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक रहा है। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर का दिन देश के इतिहास में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन 1956 में डॉ. आंबेडकर का महापरिनिर्वाण हुआ था। इस वर्ष देश उनका ''70वां महापरिनिर्वाण दिवस'' मना रहा है।कैसे हुआ था अंबेडकर का निधनसुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. अंबेडकर लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। 1955 में उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी। 6 दिसंबर 1956 की रात दिल्ली स्थित उनके घर में सोते समय ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई।संघर्षों से निकलकर भारत के संविधान निर्माता तक की यात्रा''डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ। संघर्षपूर्ण बचपन के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा आधार बनाया।

प्रारंभिक शिक्षा रू सतारा (महाराष्ट्र) 1912 रू बीए 1913 व 1916 कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा 'ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन' (एमए थीसिस) और 'भारत में प्रांतीय वित्त का विकास' (पीएचडी शोध) ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई बौद्ध धर्म की दीक्षा और अंतिम पड़ाव''1956 में उन्होंने सामाजिक समानता की नई दिशा देते हुए बौद्ध धर्म अपनाया और हजारों लोगों को धम्म दीक्षा दिलाई। कुछ महीनों बाद उसी वर्ष दिसंबर में उनका महापरिनिर्वाण हो गया। 1990 में उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''भारत रत्न'' प्रदान किया गया।अंबेडकर फाउंडेशन की स्थापना''डॉ. अंबेडकर के विचारों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए 'अम्बेडकर फाउंडेशन'' की स्थापना 24 मार्च 1992 को की गई।

यह संस्था सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा देती है। प्रधानाचार्याआशा गोस्वामी ने बताया 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो' बाबासाहेब का दिया संदेश आज भी युवाओं को प्रेरित करता है, सामाजिक परिवर्तन और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देता है। शिक्षक प्रवीन कुमार ने विस्तृत रूप से बाबा साहेब के जीवन के बारे में बताया इस दौरान स्कूल संचालक महानंदन गौतम ,प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी , नीरज कुमार शर्मा सतेन्द्र सिंह, प्रवीन कुमार , रंजीत सिंह, आभा, सत्यपाल सिंह, शिवगणेश शर्मा,रिनी अग्रवाल, क्षमता, सीमा अग्रवाल, योगेश ,आभा रानी ,शालू , रेशमा चौहान, सुशीला, आरती सिंह,राजकुमारी,वंशिका, काजल, अनामिका,गीता आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

शिकारपुर। नवीन अनाज मंडी गेट के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरई निवासी कपिल राघव पुत्र मुरली राघव कार से शिकारपुर में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। अनाज मंडी गेट के सामने ट्रक ने ग्रांड विटारा कार को टक्कर मार दी। उसके बाद चालक ट्रक को भगा ले गया। पुलिस ने ट्रक नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## नाचते समय कमर में ठुंसी पिस्टल गायब हुई

शिकारपुर। चढ़त में नाचते हुए एक बाराती की कमर में लगी पिस्टल गायब हो गई। खुर्जा के मोहल्ला राधा कृष्ण निवासी विशाल कौशिक पुत्र खेमचंद शर्मा ने बताया कि वह अपने दोस्त के विवाह में शिकारपुर आए थे। साईं धाम मंदिर के पास चढ़त में नाचने के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा पिस्टल निकाल ली ली गई। पिस्टल चोरी का अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कुत्ते ने मालकिन को पिटवाया

शिकारपुर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला चैनपुरा में एक कुत्ते द्वारा मालकिन को पिटवाने का मामला सामने आया है। सूरजपाल पुत्र दौजी राम ने बताया कि घर पर उसकी बेटी रीता मौजूद थी। पालतू कुत्ते के भौंकने से नाराज होकर पड़ोसी सुनील पुत्र हर स्वरूप ने गाली गलौज की। इसका युवती द्वारा विरोध करने पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## रास्ता मांगने पर मारपीट हुई

शिकारपुर। सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव मांगलोर में कार सवारों द्वारा कार सवार लोगों से रास्ता मांगने पर गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। सुमित कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह ने बताया कि वह दिल्ली में ड्यूटी करके अपने साथियों के साथ कार से गांव लौट रहे थे। गांव में एक स्थान पर घर के सामने कार खड़ी करके तीन लोग बैठे हुए थे। जब उनसे अपनी कार निकालने के लिए रास्ता मांगा गया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हमला बोल दिया, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों भावुक, समरीस और शिवम के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं

बदायूँ। तहसील बिल्सी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बदायूँ श्री अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह की संयुक्त उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में दोनों अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही अधिकतर शिकायतों का निस्तारण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किएअधिकारियों ने सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट आदेश दिए। इसी क्रम में जिले के समस्त क्षेत्राधिकारीगण भी अपनी-अपनी तहसीलों पर मौजूद रहे। उन्होंने स्थानीय शिकायत कर्ताओं की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायतों पर भी त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर समाधान करने के निर्देश जारी किए गए।

## लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



शाहजहांपुर। जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।यह प्रचार-प्रसार वाहन 12 दिसम्बर 2025 तक जनपद की समस्त तहसीलों व ब्लॉकों, गांवों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर राष्ट्रीय लोक आदलत का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी व एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

## भारतीय थल सेना में चयनोपरांत घर वापसी पर हुआ भव्य स्वागत

बदायूँ। अलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुतरई के अनूप कुमार यादव का महाराष्ट्र के दोहा में टेक्निकल कोर में चयन हुआ था वह अपनी ट्रेनिंग पूरी करके दिनांक 06.12.2025 को बदायूँ जनपद के ग्राम कुतरई वापस लौटे जहाँ सैकड़ों की संख्या में उनके परिजनों, इष्ट मित्रों व ग्रामवासियों ने मिलकर फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया जानकारी के मुताबिक जनपद बदायूं के थाना क्षेत्र अलापुर अंतर्गत ग्राम कुतरई निवासी अनूप कुमार यादव पुत्र जैपाल सिंह का सेना के टेक्निकल कोर में चयन होने के बाद प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटने पर ग्रामीणों और परिजनों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर अनूप का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बालिकाओं को ''बाल विवाह मुक्त भारत'' कराने की दिलाई गई शपथ

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के क्रम में पीएमश्री0 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए कराई गई। उप प्रधानाचार्या सुमन सिंह एवं स्मिता सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह द्वारा गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया एवं विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1098, 1090, 181, 1076 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना की संपूर्ण जानकारी दी।साथ ही घरेलू हिंसा , बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता , दहेज प्रतिषेध रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय, बदायूं में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को परिनिर्वाण दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया तथा गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित विचारों का आदान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की तथा संचालन डॉ. रविंद्र सिंह यादव ने किया। दीप प्रज्वलन के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. संजय कुमार ने भाषण दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज की निचली पायदान पर खड़ा व्यक्ति आत्मगौरव के साथ नहीं उठ खड़ा होगा, तब तक राष्ट्र का समग्र विकास और विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। डॉ. संजय ने अंबेडकर जी के जीवन से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बाबा साहब के द्वारा गरीबों तथा महिलाओं को शिक्षित करने से संबंधित विचारों को रेखांकित किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव ने अंबेडकर जी के जल संरक्षण संबंधी प्रयासों का उल्लेख करते हुए नदी जोड़ो परियोजना पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने अंबेडकर जी के सामाजिक न्याय के सिद्धांत और दलित समाज के उत्थान हेतु किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. हुकुम सिंह ने अंबेडकर जी द्वारा अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किए गए आंदोलन की चर्चा की। इस अवसर पर इतिहास परिषद के अध्यक्ष अनूप सिंह यादव, छात्रा समीक्षा एवं अस्मिता सागर ने भी अपने विचार रखे। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित व वंचित समाज के मसीहा थे। उन्होंने समाज के अछूत वर्ग को समानता का अधिकार दिलाकर राष्ट्र के उन्नयन के लिए संविधान की रचना की, जिससे भारत लोकतंत्र के पथ पर अग्रसर हुआ। कार्यक्रम में डॉ. बबीता यादव, डॉ. सारिका शर्मा, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. जुनेद आलम, वीर बहादुर सिंह, निखिल सिंह चौहान, पवन कुमार, विकास कुमार, महिमा भारती और तमन्ना समेत अनेक छात्र-छात्राएँ एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण के लिये जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। और उन्होंने ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं उनको समस्त संबंधित अधिकारी गंभीरता से निस्तारण करें जिससे शिकायत पुनः ना आए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं जिले में दिनांक 05/12/2025 और 06 को रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने दो विभागीय परिषद की प्रतियोगिता का आयोजन कराया । जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना द्वारा किया गया। प्रथम प्रतियोगिता प्रातः 11:00 से 01:00 के बीच तक आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने ल्लएटॉमिक स्ट्रक्चर एंड क्वांटम केमिस्ट्रीङ्क पर पोस्टर बनाएं, इस प्रतियोगिता में बी.एससी. रसायन विज्ञान के 18 छात्राओं ने उत्साहपूर्ण प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अक्षरा, द्वितीय स्थान बीएससी प्रथम सेमेस्टर की ही छात्रा प्राची व तृतीय स्थान बीएससी तृतीय सेमेस्टर मंतशा हसन ने प्राप्त किया। वही द्वितीय एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता (तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता) आज समय 01:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 22 विद्यार्थियों ने विभिन्न अकादमी एवं समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शिल्पी साहू, द्वितीय स्थान बीएससी प्रथम सेमेस्टर की अक्षरा, तृतीय स्थान मंतशा (बीएससी तृतीय सेमेस्टर ) ने स्थान प्राप्त किया । निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. ऋषभ भारद्वाज, डॉ. सरिता गौतम उपस्थित थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, प्रस्तुति शैली, भाषण की तैयारी तथा प्रेरक अभिव्यक्ति क्षमता के आधार पर किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना ने सभी प्रतिभागियों एवं प्रतिभागियों को बधाईयाँ तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के ज्ञान-विकास, आत्मविश्वास वृद्धि एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# डीएम-एसपी ने तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि



तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 48, पुलिस 15, विकास 02 एवं अन्य 25 कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गांवों की समस्याओं का गांवों में होगा समाधान के आधार पर सीडीओ ने लगाया ग्राम चौपाल

**इस दौरान सीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर वार्ता की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विकासखण्ड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत भुल भुलिया में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं,आवश्यकताओं एवं सुझावों को विस्तार से सुना।

ग्राम वासियों द्वारा उठाए गए विषयों पर उन्होंने संबं धित विभागों के अधिकारियों को तत्काल संज्ञा न लेने और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे,जिन्होंने पेयजल व्यवस्था,सड़क मरम्मत,स्वच्छता,आवास योज नाओं,पेंशन, बिजली आपूर्ति तथा अन्य जनक ल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे उठाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि सभी लाभार्थियों तक बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पहुंचे।उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथ मिकता के आधार पर कराया जाएगा। ग्राम चौपाल के उपरांत सीडीओ ने पंचायत भवन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में संबंधित समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, कार्य प्रणाली और जनसेवा से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने जनसेवा केन्द्र का भी निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनसेवा केन्द्र वह स्थान है जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न सेवाओं के लिए आते हैं,ऐसे में परिसर की साफ-सफाई, व्यव स्था और व्यवहार में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पं चायत भवन एवं जनसेवा केंद्र ठीक प्रकार से संचारित होते हुए पाया गया। सीडीओ अंकिता जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्र त्येक विभाग समय-सीमा में कार्य पूर्ण करे और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दें।ग्राम पंचायत भुलभुलिया में आयो जित इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों और प्रशासन के बीच संवाद को और मजबूत बनाने का सकारात्मक प्रयास किया गया। प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि गांव के वि कास के लिए आवश्यक सभी कदम शीघ्र उठा ए जाएंगे और प्रत्येक समस्या का समाधान प्रथ म प्राथमिकता पर होगा।गांवों की समस्याओं का गांवों में होगा समाधान के आधार पर सीडीओ ने लगाया ग्राम चौपालगोण्डाःमुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विकासखण्ड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत भुल भुलिया में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं,आवश्य कताओं एवं सुझावों को विस्तार से सुना। ग्राम वासियों द्वारा उठाए गए विषयों पर उन्होंने संबं धित विभागों के अधिकारियों को तत्काल संज्ञा न लेने और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे,जिन्होंने पेयजल व्यवस्था,सड़क मरम्मत, स्वच्छता, आवास योजनाओं,पेंशन, बिजली आपूर्ति तथा अन्य जनक ल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे उठाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि सभी लाभार्थियों तक बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पहुंचे।उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथ मिकता के आधार पर कराया जाएगा। ग्राम चौपाल के उपरांत सीडीओ ने पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

# सर्द रातों में गर्माहट का उपहार शकुंतला देवी व परिवार ने किया कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । कड़ाके की ठंड से बचाने के उद्देश्य से बौंडी क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षिका शकुंतला देवी ने मानवता का परिचय देते हुए वृद्ध, गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरण कर राहत पहुंचाई। ठंड के कठिन मौसम में यह कदम क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए बड़ी सहारा साबित हुआ।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान शकुंतला देवी के साथ उनके पुत्र साकेत भूषण तिवारी और राजेश तिवारी भी मौजूद रहे, जो समय-समय पर गरीब एवं असहाय व्यक्तियों की मदद में सक्रिय रहते हैं। साकेत भूषण तिवारी क्षेत्र में सामाजिक सहायता कार्यों के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं और सदैव जरूरतमंदों के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान शिक्षिका कल्पना तिवारी, कृष्णम, दिनेश तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, प्रदीप मिश्रा, हर्षवर्धन पांडे, कीर्ति वर्धन पांडे, सिप्पी पांडे, श्याम सहित सभी लाभार्थी एवं ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। बौंडी क्षेत्र में इस पहल को सामाजिक दायित्व और मानवता की अनूठी मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 110 शिकायतों में सिर्फ 15 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने आये हुये फ रियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकाय तों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में 110 शिकायतों में सिर्फ मौके पर15 शिकायत पत्रों का ही निस्तारण किया गया है।शेष शिकायतों को को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौ रान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दि ए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शि कायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ नि स्तारण के निर्देशित किया है। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्र मण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जा कर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब ज मीन की पैमाइश,अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के सा थ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित वि भाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधि त विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शि कायतों का समय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करें।

# नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में शनिवार को तहसील नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विद्युत, राशन कार्ड, चकबंदी, पुलिस, विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं। कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी शिकायतों का मौके पर जाकर शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित करें तथा सभी मामलों में समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। महिला अपराध से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता देने और तत्काल जाँच करने के भी निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान खंड विकास अधिकारी नवाबगंज, सहायक विकास अधिकारी बलहा व शिवपुर, तहसीलदार नानपारा, पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर, नवाबगंज सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण सुदृढ़ीकरण की दिशा में परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत

**ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट की पहलः सशक्त गाँव परियोजना नए चरण में पहुँची**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देशों के तहत ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा टकेडा फार्मा के सहयोग से संचालित सशक्त गाँव विकसित राष्ट्र परियोजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ धन्वंतरि सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में जनपद एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समुदाय से जुड़े कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को प्राप्त होने वाले फंड के सदुपयोग पर जोर देते हुए कहा कि संसाधनों का प्रभावी उपयोग ही लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुँचाने और ग्राम स्तर की आवश्यकताओं को पूरा करने की कुंजी है। उन्होंने परियोजना के दूसरे चरण को स्वास्थ्य और पोषण सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम में असिस्टेंट डिप्टी डायरेक्टर डॉ. क़ाज़ी नज़मुद्दीन की विस्तृत प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। उन्होंने प्रथम चरण में किए गए समुदाय आधारित हस्तक्षेपों, समितियों की सक्रियता, जवाबदेही तथा स्वास्थ्यऽपोषण व्यवहारों में आए उल्लेखनीय सुधारों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति को सभागार में मौजूद अधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा सराहना मिली।जिला समन्वयक आदर्श मिश्रा ने बताया कि प्रथम चरण के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए परियोजना का दायरा पाँच से बढ़ाकर सात ब्लॉकों तक विस्तारित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में कुल 645 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को अधिक सशक्त और परिणाममुखी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के सफल संचालन के दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने प्रथम चरण की उपलब्धियों, समिति सशक्तीकरण मॉडल और सामुदायिक सहभागिता की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए द्वितीय चरण की सफलता की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में प्रथम चरण पर आधारित निर्मित डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसे अतिथियों ने परियोजना की जमीनी उपलब्धियों का सशक्त प्रस्तुतीकरण बताया।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक सरजू खान, डॉ. निखिल सिंह, पंचम ऋषि, अजय यादव, दीपक कुमार, वीरेंद्र वर्मा, डॉ. महेश कुमार, दीपक कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, शांति थापा, जय प्रकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुनीम हत्याकांड में 48 घंटे बाद हत्या आरोपी फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र के साबरपुर गांव में चार नवंबर को हुए मुनीम राम सजीवन वर्मा हत्याकांड की जांच में पुलिस टीमें लगा तार जुटी हुई हैं,घटना के 48 घंटे बाद भी गोंड़ा पुलिस किसी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है।

हालांकि मोबाइल कॉल डिटेल से कुछ अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं,जिनके आधार पर संदिग्धों से पुलिस गहन पूछताछ चल रही है।राम सजीवन वर्मा ईंट भट्ठे पर मुनीम के तौर पर काम करते थे। प्राथमिक जांच के अनुसार उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया। मृतक के मामा काशीराम वर्मा के ईंट भट्ठे पर ही यह वारदात हुई। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से कुल पांच टीमें जांच में लगाई गई हैं। भट्ठे पर काम कर रहे अन्य मजदूरों से भी पूछताछ की जा रही है।थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने कहा कि कॉल डिटेल के आधार पर कई सुराग मिले हैं और उन पर काम किया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि पहली नजर में यह हत्या किसी जमीनी या संपत्ति विवाद से जुड़ी नहीं लगती, बल्कि इसके पीछे कोई अन्य का रण होने की संभावना है, जिसकी गहन जांच की जा रही है।पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामला सुलझाया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ठंड से बचाव के लिये गो आश्रय स्थलों में किये जाये व्यापक बन्दोबस्त

**डीएमडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं भरण पोषण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए शरद ऋतु से गोवंशों को ठड से बचाव के लिये उन्हें पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट उपलब्ध कराया जाय साथ ही पीने के लिए स्वच्छ ताजे जल का प्रबन्ध किया जाय।

जिले के गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त भूसा, हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड भी उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिये शेड को जूट के बोरे/तिरपाल से कवर करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिये विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध अनुपयोगी बोरा/टाट आदि को उपयोग में लाया जा सकता है। डीएम द्वारा सुझाव दिया गया है कि गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए समुचित प्रबन्धन एवं निरन्तर निगरानी के साथ साथ पशु शेडों के आस पास सुरक्षित ढंग से अलाव की भी व्यवस्था की जा सकती है। ठंड के प्रभाव को कम करने के लिए गो आश्रय स्थलों में बिछावन के रूप में पुआल लकड़ी का बुरादा तथा गन्ने के अवशेष का प्रयोग करने के साथ-साथ वृद्ध, अशक्त व नवजात गोवंश पर विशेष ध्यान देने की बात कही। डीएम ने कहा कि शरद ऋतु में कोई भी गोवंश रात्रि में खुले स्थान में न रहने पायें, इसके लिए पृथक रूप से विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गोआश्रय स्थलों की निगरानी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आश्रय स्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कर उसका लिंक जिला स्तर पर संचालित कमाण्ड सेन्टर को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने सचेत किया एक सप्ताह में कैमरे एक्टिवेट न होने पर सम्बन्धित बीडीओ व वीडीओ के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## वरिष्ठ समाजसेवी सुधा मोदी ने किया दिव्य ज्योति कलश का पूजन



गोरखपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतवर्ष की दसों दिशाओं में प्रवाहित दिव्य ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को गोरखपुर स्थित बेतियाहाता निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सुधा मोदी के आवास परिसर पहुँची। इस अवसर पर सुधा मोदी ने सपरिवार विधिवत पूजन-अर्चन कर दिव्य आरती सम्पन्न की।गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार से ज्योति कलश यात्रा के साथ पधारे देवदूत ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि ज्योति कलश यात्रा का मूल उद्देश्य घर-घर आध्यात्मिक जागरण व सकारात्मक चेतना का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि कलश को घर लाने से परिवार में धार्मिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्रवाहित होती है। गायत्री मंत्र जप, दीप प्रज्वलन व सामूहिक साधना के माध्यम से शांति, पवित्रता एवं सद्भाव का वातावरण निर्मित होता है।उन्होंने आगे बताया कि यात्रा का एक प्रमुख लक्ष्य समाज में संस्कारों का संवर्धन, नित्य उपासना, आरती, सत्संग व सेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। कलश यात्रा गाँवऽगाँव एवं मोहल्लों में परस्पर प्रेम, सहयोग और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का अभियान है। यह जन-जन को सदाचार, संयम, ईमानदारी, नैतिकता और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित कर व्यक्तित्व विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।गायत्री परिवार का मूल संकल्प -ह्लमनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग की स्थापनाङ्खयही ज्योति कलश यात्रा का आधार है। यह नशा-मुक्त, अपराध-मुक्त, सेवा पर आधारित समाज की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा युग निर्माण आंदोलन को गति प्रदान करती है।कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में गायत्री परिजन व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे तथा सभी ने दिव्य कलश दर्शन कर आनन्द व आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।

## दम्पति ने बेटों संग मिलकर महिला को पीटा घायल, केस दर्ज

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्कवलिया निवासिनी लालती देवी पत्नी राम नारायन की तहरीर पर पुलिस ने जेठानी ध्यानधरी देवी पत्नी देवकीनंदन, जेठ देवकीनंदन पुत्र स्व बरखू और पुत्र अमरेश व राकेश पुत्रगण देवकीनंदन के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(4),115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्कवलिया निवासिनी लालती देवी पत्नी स्व राम नारायन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते तीन दिसम्बर को शाम चार बजे के करीब खेत में टैंक्टर जाने की बात को लेकर हमारी जेठानी ध्यानधरी पत्नी देवकीनंदन अपने पति देवकीनंदन और दोनों पुत्रों अमरेश व राकेश पुत्रगण देवकीनंदन के साथ मिलकर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर घायल करते हुए जान-माल की धमकी देने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुझ घायल को अस्पताल भिजवाया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दम्पति सहित दोनों बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# श्री राम कथा में शिव पार्वती विवाह का हुआ वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शिव-पार्वती का विवाह विश्वास और श्रद्धा का मिलन है।भगवान शिव ने अपने विवाह में ऐसे लोगों को बराती बनाया, जो समाज में पूरी तरह से अलग-थलग पड़े थे। ऐसा करके उन्होंने संकेत दिया है कि हमारे प्यारे बनना चाहते हो तो उन्हें प्यार करो, जिनको मैं प्यार करता हूं। यह बात नगर के आवास विकास कालोनी में आयोजित श्रीराम कथा में शुक्रवार को प्रवाचक रमेशभाई शुक्ल ने कही।

उन्होंने कहा कि राजा हिमालय के द्वार बराती बनकर पहले पहुंचने पर भगवान विष्णु और इंद्र का भव्य स्वागत किया गया, किंतु भोलेनाथ के पहुंचते ही सभी स्वागती भाग खड़े हुए।यहां तक कि पार्वती की मां रानी मैना ने दरवाजे बंद कर लिए।प्रवाचक ने कहा कि विष्णु व इंद्र क्रमशः ऐश्वर्य व भोग के प्रतीक हैं। ये दोनों सभी को प्यारी लगती हैं,इसके विपरीत शिव भयंकर के प्रतीक हैं भयंकर स्थिति देख कर लोग भागते ही हैं।उन्होंने करालम्‌ महा काल कालं कृपालम्‌ की व्याख्या करते भोलेनाथ का दो स्वरूप बताया।उन्हें अत्यंत कृपालु बताते हुए प्रवाचक ने कहा कि वह विश्वास के प्रतीक हैं।विश्वास को पहचानना व पचाना कठिन कार्य है। यथार्थ को जानना ज्ञान है और टिक जाना विश्वास और यही शिव है। हमारा विश्वास अडिग नहीं हो पाता, वह हिलता रहता है।विदाई से पूर्व रानी मैना द्वारा सुखमय जीवन के लिए पार्वती को दिए गए पति-धर्म, परिवार-समन्वय और गृहस्थ मर्यादा पर केंद्रित उपदेश को प्रवाचक ने विस्तार से समझाया। माता मैना ने बेटी को समझाया कि ससुराल पक्ष के छोटे-बड़े सभी लोगों को यथोचित प्यार व सम्मान देना। सास-ससुर की सेवा अपना मां-बाप मानकर करना। पति को खूब प्यार देना। ननद को बहन की तरफ प्यार करना। बच्चों को अच्छे संस्कार देना। सद्गुरु की सेवा करना। कटु वाणी, क्रोध और तिरस्कार से दूर रहना। घर का वातावरण दूषित होता है, इसलिए धैर्य और सौम्यता ही परिवार के सुख का आधार बनते हैं।परिवार की मर्यादा और परंपरा का सम्मान करते हुए सत्य, दया, सहनशीलता और धर्म के मार्ग पर अडिग रहना। सुख-दुख, अभाव और विपत्ति जैसी परिस्थितियों में मन को शांत रखकर धैर्य से काम लेना पत्नी का सबसे बड़ा आभूषण है। उन्होंने कहा कि आज की लड़कियां यदि उनके उपदेशों का कुछ अंश ही अपने जीवन में धारण करें तो उनका घर खुशहाल रहेगा।इस मौके पर घनश्याम त्रिपाठी, विश्राम वर्मा, राहुल उपाध्याय, अरविंद श्रीवास्तव, किसलय तिवारी, राजू ओझा, एसएन मिश्र एडवोकेट, सभाजीत तिवारी, दीपू यादव, हरओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने बच्चों के चेहरे पर लाई मुस्कान सड़क किनारे नंगे पैर खड़े बच्चों को दिए गर्म कपड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का एक अलग अंदाज सामने आया है पुलिस अधी क्षक की इस मानवीय पहल इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने सड़क किनारे नंगे पैर खड़े एक बच्चे को गर्म कपड़े और जूते दिए,जि सकी सोशल मीडिया पर व्यापक प्रशंसा हो र ही है।एसपी जायसवाल अपने कार्यालय आ र हे थे, तभी उनकी नजर सड़क निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर परिवार के लगभग दो साल के बच्चे पर पड़ी।बच्चा कंकरीले गिट्टी-पत्थर पर नंगे पैर खड़ा होकर रो रहा था।यह दृश्य देखक र एसपी जायसवाल ने तुरंत अपनी गाड़ी रुक वाई,और सर्दी के मौसम में बच्चे की स्थिति दे खकर उन्होंने बिना देर किए उसके लिए गर्म क पड़े और जूते का इंतजाम करवाया। नए कपड़े और जूते पाकर बच्चा तुरंत खुश हो गया और उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस घटना के बाद, एसपी विनीत जायसवाल ने यह पूरी जान कारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की। अपनी पोस्ट में उन्होंने आम जनता से भी अपी ल की है।कि यदि उनके आस-पास कोई जरूर तमंद व्यक्ति या बच्चा दिखाई दे और वे सक्षम हों तो तत्काल उसकी सहायता करें।उनकी इस मानवता भरे संदेश और त्वरित सहायता की भावना को सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा बेहद सराहा जा रहा है।एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि समाज के सभी सक्षम लोगों और स माजसेवियों को आगे आकर ऐसे जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए,ताकि एक अच्छा, सुंदर और शिक्षित समाज बन सके।

## गुमशुदा बालक एक घंटे में मिला, पुलिस ने परिजनों को सकुशल सौंपा



गोरखपुर। शाहपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से देर रात गुम हुए 12 वर्षीय बच्चे को मात्र एक घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शुक्रवार की आधी रात करीब 12:30 बजे थाना शाहपुर को सूचना मिली कि 12 वर्षीय बालक शाम करीब 6 बजे एल्यूमीनियम फैक्ट्री के पास से अचानक गायब हो गया है। उसकी मां उसे साथ लेकर काम पर आई थी, लेकिन बच्चा बिना बताए कहीं चला गया।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए और आसपास के क्षेत्रों, रास्तों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस टीम को लगातार प्रयासों के बाद बच्चा सब्जी मंडी, हड़हवा फाटक के पास मिलता मिला।बच्चे को सुरक्षित पाकर पुलिस ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी और उन्हें मौके पर बुलाकर बालक को सकुशल सुपुर्द किया। बच्चे के मिलने से परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।बरामदगी में शामिल प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, थाना शाहपुर उपनिरीक्षक गौरव राय, चौकी प्रभारी हड़हवा फाटककांस्टेबल इंदल कुमार, थाना शाहपुर कांस्टेबल प्रदीप चौधरी, थाना शाहपुरपुलिस की यह त्वरित कार्रवाई एक बार फिर साबित करती है।

# संपर्क मार्गों की डामर सड़कें गुणवत्ता विहीन

**निर्माण के साथ ही उखड़ने लगी सतह, गड्ढा मुक्त अभियान सवालों के घेरे में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय, सुल्तानपुर। प्रदेश सरकार द्वारा संपर्क मार्गों को गड्ढामुक्त करने के लिए चलाई जा रही योजना, विभागीय लापरवाही, घटिया निर्माण सामग्री तथा ठेकेदारों की मनमानी के कारण ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फ़ेर रही है। जमीन पर हाल यह है कि कई मार्गों पर बनाए गये डामर की सड़कों की सतह निर्माण के कुछ ही दिनों बाद उखड़कर फिर पुराने गड्ढों जैसी स्थिति में लौट आती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मानक के विरुद्ध घटिया मैटेरियल, पतली परत व कमजोर बेस लेयर डालकर ʽकाम पूराʼ दिखा दिया जाता है, जिससे सड़क का जीवन महीनों से अधिक चलता ही नहीं।

बताते चलें कि चंदौर से सत्यसाईं आश्रम, हरौरा बाजार से चतुरी का पुरवा, तथा पीरोसरैया से नहर पटरी होते हुए पड़रे तक विभाग द्वारा गड्ढामुक्त घोषित किए गए मार्ग अब पुनः गड्ढों में तब्दील होनेके बाद बन रहा है किंतु मानक घटिया है । वहीं पीरोसरैया से ब्रह्मौली तक सड़क की स्थिति बेहद खतरनाक है, जिस पर आवागमन किसी बड़े हादसे की आशंका से खाली नहीं। उधर राधे पंडित से ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज होते हुए शारदा नहर मार्ग पर उखड़ी सड़क को ठीक करने का कार्य तो शुरू किया गया पर मानक स्टोन बेस की जगह मात्र बोल्डर गिरा दिए गए, जिससे रास्ता और दुर्गम व खतरनाक हो गया। सड़क निर्माण में डामर की गुणवत्ता, उसके ग्रेड, स्टोन बेस, साइड मिट्टी कम्पैक्शन और मोटाई से जुड़े मानक स्पष्ट हैं, किंतु स्थानीय स्तर पर बिना टेक्निकल सुपरविजन के सिर्फ औपचारिक परत डालकर कार्य पूरा मान लिया जाता है। आरोप हैं कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कमीशन के खेल में गुणवत्ताविहीन निर्माण को 'ऑल इज वेल' का प्रमाणन दे दिया जाता है। यही कारण है कि सरकार की करोड़ों की योजना ठेकेदारों की कमाई का जरिया बनती जा रही है और जनता को टिकाऊ सड़क के स्थान पर सिर्फ कुछ महीनों की अस्थायी राहत मिल पाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री की गड्ढा मुक्त योजना की मंशा अच्छी होने के बावजूद विभागीय भ्रष्टाचार ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है। ग्रामीणों ने शासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की तकनीकी जांच, गुणवत्ता परीक्षण तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि सरकार की साख और जनता की सुरक्षा दोनों कायम रह सकें।

## इक्यावन सौ दीपों की रौशनी में नहाया मां कामाख्या धाम

शुकुल बाज़ार, अमेठी। आदि गंगा मां गोमती के पावन तट पर बसे प्राचीन मां कामाख्या देवी धाम पंही गांव का वातावरण शनिवार की शाम भक्ति, उत्साह और दिव्यता से भर उठा। शुकुल बाज़ार विकास समिति द्वारा आयोजित भव्य दीप उत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर आस्था की अद्वितीय छटा बिखेरता नज़र आया।क्षेत्र में सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र विजय सिंह इस दिव्य कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्रोत रहे। उनकी अगुवाई में मंदिर परिसर को इक्यावन सौ दीपों से सुसज्जित किया गया जिससे पूरा धाम सुनहरी आभा से दमक उठा। श्रद्धालु माता के चरणों में दीप अर्पित करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते दिखाई दिये।मंदिर के पुजारी सुरेंद्र महराज का कहना है कि दीपोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस दीप महोत्सव ने ग्रामवासियों की भागेदारी और भक्ति भाव को नई दिशा दी है।

## एसआईआर कार्यक्रम में आ रही समस्याओं को लेकर सभासदों ने डीएम से की मुलाकात



पूरनपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम मैं कई प्रकार की समस्याएं आ रही हैं जिसमें सभासदों को जानकारी नहीं प्राप्त हो रही है। से संबंध में नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे जिलाधिकारी केंद्र सिंह से सभासद सदस्यों ने मुलाकात की है। इस मौके पर सभासद नादिर रजा बरकाती, तौफीक अहमद कादरी सहित सभासद मौजूद रहे।

## बीडीओ ने की गाँव में जाकर एसआईआर अपलोड हुए फॉर्म की समीक्षा

पूरनपुर। डीसी मनरेगा एवं प्रभारी खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव ने विकास खंड क्षेत्र के गांव सेहरामऊ उत्तरी में मतदान केंद्र पर जाकर बूथ संख्या 382,383,384 पर हुए एसआईआर के अपलोड हुए डेटा की जानकारी तीनों बीएलओ कौशल्या देवी, आदेश कुमार,रामओतार एव सुपरवाइजर हुकुम सिंह से ली और उसमें आ रहीं दिक्कतों का कैसे सुधार करे समाधान बताया और तीनों बीएलओ और सुपरवाइजर से काम मे तेजी लाने और जल्द से जल्द पूरा करने की निर्देश दिए हैं। इस मौके पर सचिव अखिलेश गुप्ता, रोजगार सेवक अर्पित, रजनीश सफ़ाई कर्मी समस्त स्कूल स्टाफ सेहरामऊ उपस्थित रहे हैं।

## लेखपाल ने महिला से मांगा सुविधा शुल्क

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी तबस्सुम पत्नी हासिम मियां ने तहसील समाधान दिवस पर पहुंचकर शिकायती पत्र मे बताया कि की उसका खेत पीडब्ल्यूडी से लगा हुआ जिसमें वह अपना घर बना रही है उसी समय लेखपाल ने आकर पीडब्ल्यूडी की जगह चिन्हित कर घर बना लेने को कहा घर के पिलर बीम बन गये इसी बीच लेखपाल गौस मोहम्मद ने आ गये लेखपाल ने 3.5 मीटर और छोड़ने को कहा बताया कि लेखपाल पहले ही जगह चिन्हित कर चुके उसके बाद लेखपाल गौस मोहम्मद ने सुविधा शुल्क देने की बात कही न देने पर निर्माण को अवैध बताकर तुड़वाने की बात कही और धमकाकर रूपये वसूलने की बात कही पीड़ित ने न्याय की गुहार की है और लेखपाल गौस मोहम्मद के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है

## एसआईआर कार्यों की प्रगति पर जिलाधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ट्रस्ट कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के सभी सभासद शामिल हुए।चालू एसआईआर कार्यों की ग्राउंड रिपोर्ट एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह तथा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत की।बैठक में तहसीलदार पूरनपुर आशीष कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पूरनपुर एज़ाज़ अहमद भी उपस्थित रहे।अधिकारियों और सभासदों ने एसआईआर से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा कार्यों में आ रही समस्याओं को सामने रखा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि एसआईआरकार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।सभासदों ने कहा कि नगर में चल रहे।एसआईआर कार्यों को गति देने और उन्हें शतऽप्रतिशत पूर्ण कराने के लिए प्रशासन को पूरी सहायता प्रदान की जाएगी।बैठक में नगर पालिका के सभासद, प्रशासनिक अधिकारी, लेखाकार एवं नगर पालिका परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## खेल और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरकः चंदन



सुल्तानपुर। युवा कल्याण विभाग सुल्तानपुर द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत माननीय विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा लंभुआ के खिलाडियों के बीच सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ में संपन्न हुई द्य विधानसभा के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी इस प्रतियोगिता मे शामिल हुए द्य जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल एवं प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चाँद मुहम्मद की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने किया दिन भर चली इस प्रतियोगिता में 400 मीटर जूनियर में राबिन प्रथम रहे एवं बालिका 400 मीटर में पूजा पाल प्रथम सीनियर वॉलीबॉल में लंभुआ विजेता 800 मीटर बालिका दौड़ में आयुषी प्रथम रहीं सीनियर बालक 1500 मीटर दौड़ सतीश गौड प्रथम रहे सब जूनियर बालक 100 मीटर में राजबहादुर प्रथम रहे जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम रहीं जूनियर बालक कबड्डी में भदैया विजेता एवं उपविजेता चौकियां रही सीनियर बालक कबड्डी में चौकियां गांव विजेता एवं चौकियां इंटर कॉलेज उपविजेता रही कबड्डी सब जूनियर और जूनियर बालिका दोनो वर्गों में नारायणपुर विजेता वहीं सीनियर बालिका में सर्वोदय इंटर कॉलेज की बालिका बनी विजेता द्य वॉलीबाल सब जूनियर बालिका में खुदौली वहीं जूनियर बालिका में नारायणपुर ने जीत दर्ज की द्य संचालन पूर्व युवा कल्याण अधिकारी आरबी पांडे नन्हकू वर्मा ने किया प्रतियोगिता संपन्न कराने में मुख्य भूमिका में निर्णायक मुनेन्द्र मिश्रा चित्रसेन सिंह उमेश पांडे ओपी कनौजिया अखिलेश सिंह रहे द्य जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि शेष बची हुई प्रतियोगिता आज संपन्न होंगी द्य उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आभार जताया द्य क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सिन्टू सिंह विवेक कुमार सिंह सिरवारा सुरेश कुमार नंदिनी विष्णु शंकर गौरव ने व्यवस्था में सहयोग किया इस अवसर पर सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह रमाकांत यादव बृजेश महेंद्र यादव मौजूद रहे।

## अयोध्या से प्रयागराज जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, महिला तीर्थ यात्री की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर। अयोध्या से प्रयागराज जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस कूरेभार थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के पास दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में जलगांव (महाराष्ट्र) से आए तीर्थ यात्रियों में से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब 15 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया तथा बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सुलतानपुर चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. मिश्रा मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। कूरेभार थाना अध्यक्ष ने हादसे में एक महिला तीर्थ यात्री की मौत की आधिकारिक पुष्टि की है। वहीं पुलिस व प्रशासनिक टीमें मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव और यातायात सुचारू कराने में जुटी हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# बीएसए ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**बीएसए ने निरीक्षण के दौरान में पठन-पाठन की गुणवत्ता को परखा छात्राओं के साथ किया भोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नवागत बीएसए रौशनी ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पूरनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के पठन-पाठन की गुणवत्ता,भोजन और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने ने बेहतर शिक्षा बनाए जाने पर जोर दिया। विद्यालय में साफ सफाई व्यवस्था ठीक रखने के निर्देश दिए। बीएसए रौशनी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए वार्डन को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता ऐसी बनाएं कि बच्चे का नामांकन बढ़ा रहे। शिक्षा बेहतर होगी, बच्चों का नामांकन अपने आप बढ़ जाएगा। विद्यालय में इस तरह का माहौल बनाएं।बीएसए रौशनी ने विद्यालय की छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण किया उसके बाद पढ़ाई के बारे में छात्राओं से बातचीत की छात्राओं ने बीएसए की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन पूनम कटियार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# जेआर प्रिपरेटरी स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जे.आर. प्रिपरेटरी स्कूल में आज आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता ने शिरकत की और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गुंजन अग्रवाल, विद्यालय परिवार, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा तैयार की गई आकर्षक और रचनात्मक कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।न्यूज 4



विश्व हिन्दू परिषद के जिला सह मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर उठाए सवाल पूरनपुर। तहसील समाधान दिवस पर पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के जिला सह मंत्री ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र मे पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर गम्भीर आरोप लगाए पत्र मे बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था से आम लोग परेशान हैं दूर-दराज से अपना इलाज के लिए आए मरीजों को स्टाफ के द्वारा सरकारी इलाज से ठीक नहीं होने की बात बताकर प्राइवेट इलाज एवं बाहर की दवा पर्चा पर लिखकर टरकाने का मामला सामने आया है ज्यादातर दवाई वाहर खुले मेडिकल स्टोर से लाने के लिये लिखी जाती जाती है तथा प्रसव को आने वाली महिलाओ को भर्ती न कराकर उन्हें बाहर के निजी अस्पतालों में भेजा जाता है रात्रिकालीन इमरजेंसी के दौरान चिकित्सक नदारद रहते है तथा इस सड़ी-गली व्यवस्था के खिलाफ यदि कोई एक शब्द बोलता है तो उससे अभद्रता कर अस्पताल से भगा दिया जाता है यही नहीं अस्पताल मे कार्यरत चिकित्सकों से गांव से आने वाले मरीजों मरीजों को रेफर करने की परम्परा डाल रखी है जिससे इस अस्पताल से लोगो का विश्वास उठता जा रहा है जांचों के नाम पर मरीजों को टरकाया जाता है उन मरीजों को नगर में खुली निजी लैब पर जॉच के लिये भेजा जाता है चिकित्सा अधिकारी मनीष राज के असंतोष जनक रवैया पर भी सवाल उठाये है अस्पताल मे व्याप्त समस्याओं का निस्तारण कर व भ्रष्टाचार मे लिप्त कर्मचारियों पर कारवाही करने की मांग की है

# आलू की फसल को झुलसा रोग से बचाव जरूरी : हिमांशु सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय , सुल्तानपुर। इस समय सब्जी की फसल की मुख्य फसल आलू की फसल है सब्जी में यह एक ऐसी सब्जी है जो पूरे साल खाई और खिलाई जाती है यदि आलू का भाव बाजार में बड़ा तो और सारी सब्जियों का भी भाव बढ़ जाता है।

किसान भाइयों की आलू की फसल में लगाई गई पूंजी यदि जल्द खाली करना चाहे तो सिर्फ दो-तीन माह में भी खाली हो जाती है और यदि फसल में कोई रोग या आपदा आ जाए तो नुकसान भारी नुकसान भी हो जाता है आलू की फसल में झुलसा रोग लग गई तो फसलों में यदि समय पर उपचार न किया गया तो भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है इसी संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र बरासिन के हिमांशु सिंह से की गई एक बातचीत में उन्होंने बताया कि आलू की खेती भारतीय किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी रही है, लेकिन यह फसल भी विभिन्न रोगों और कीटों से न बचाया गया तो फसल प्रभावित होती है। इनमें से एक प्रमुख और खतरनाक रोग है पछेती झुलसा रोग, जो आलू की पैदावार को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है।

पछेती झुलसा रोग एक फंगल संक्रमण है जो आलू की फसल में मुख्य रूप से पाई जाती है। यह रोग Phytophthora infestans नामक फंगस के कारण होता है, जो आलू के पत्तों, तनों, और कंदों पर हमला करता है। जब यह रोग फैलता है, तो यह फसल की वृद्धि में रुकावट डालता है और उत्पादन में भारी कमी कर देता है। पछेती झुलसा रोग आलू के पौधों में पत्तियों के मुड़ने, काले पड़ने और तनों में सड़न की समस्या पैदा करता है आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग के लक्षण पहचानना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि समय रहते इसका इलाज किया जा सके। इसके प्रमुख लक्षण पत्तियों पर काले धब्बेः सबसे पहले पत्तियों पर काले या भुरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर पत्तियों को मुरझा देते हैं।

पौधे का मुरझानाः जब यह रोग बहुत फैल जाता है, तो पूरा पौधा मुरझाने लगता है, जिससे फसल का उत्पादन कम हो जाता है। रोग के चलते आलू के कंदों पर भी सड़न पैदा कर सकता है, जिससे उनका आकार घटता है और उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है।पानी की अधिकताः यह रोग अधिक नमी वाले वातावरण में तेजी से फैलता है, जिससे आलू के पौधे पूरी तरह से संक्रमित हो सकते हैं। हिमांशु ने बताया कि सुरक्षात्मक एक-दो छिड़काव मैंगोजेब एम 45 का अवश्य करा देना चाहिए जिस रोग आने की संभावना कम हो जाती है यदि रोग आ गया है तो खड़ी फसल में रोग के लक्षण दिखाई देने पर साइमोक्सानिल 8प्रतिशत +मैंकोजेब 64 प्रतिशत (डब्लू पी) 600 ग्राम या कॉपरड्राई ऑक्साइड 77 प्रतिशत (डब्लू पी) 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से घोल बनाकर 10 से 15 दिनों में दिनों के अंतराल पर दो से तीन छिड़काव करना चाहिए।जिससे रोग नियंत्रित हो सकता है मौसम में नमी या अधिक ठंड या इस समय बारिश हो जाने पर इस रोग का प्रभाव बढ़ जाता है।

# सचिवों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र विधायक सदर को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले सचिवों का विरोध आंदोलन तेज हो गया है। संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सचिवों ने कूरेभार विकास खंड में विधायक सदर(जयसिंहपुर) राज प्रसाद उपाध्याय को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को संबोधित पत्र सौंपा।

ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सचिवों ने 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इसके बाद 5 दिसंबर को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया गया। सचिवों का कहना है कि एक-एक कर्मी के पास 1 से 10 गांवों का प्रभार है, ऐसे में दिन में तीन बार ऑनलाइन हाजिरी लगाने से सरकारी योजनाओं के संचालन में भारी बाधाएं आएंगी। सचिवों ने आरोप लगाया कि 10-10 गांवों में कार्य निष्पादन के लिए उन्हें निजी संसाधनों का उपयोग करना पड़ता है, जबकि केवल साइकिल भत्ता ही प्रदान किया जाता है। इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए सचिवों ने आंदोलन को 15 दिसंबर तक जारी रखने की चेतावनी दी है। विरोध के तहत आज सभी सचिवों ने सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से स्वयं को हटाकर अपना आक्रोश जताया। मांग पत्र सौंपने के दौरान एडीओ पंचायत प्रकाश मिश्रा, सहित कई सचिव मौजूद रहे।

# भव्य पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रायबरेली में शनिवार को भव्य पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय की पूर्व छात्राओं को एक मंच पर एकत्र करना, उनकी उपलब्धियों को साझा करना तथा विद्यालय और समाज के विकास में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष, कमला फाउंडेशन रायबरेली एवं समाजसेवी पूनम सिंह ने विशेष सहभागिता की और विद्यालय पहुंचकर अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया। पूनम सिंह ने कहा कि यह वही विद्यालय है, जहां से उनके जीवन की दिशा तय हुई। उन्होंने अपने गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि आज उनके व्यक्तित्व, सेवा भाव और सामाजिक चेतना के निर्माण में इस विद्यालय की अहम भूमिका रही है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व निभाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। संगीत शिक्षिका श्रीमती आकांक्षा सिंह के निर्देशन में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सभी पूर्व छात्राओं को टीका एवं बैच अलंकरण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य और गीतों ने सभी का मन मोह लिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना संग्रामपुर पुलिस ने शुक्रवार को गड़ेरी चौराहे के पास से चोरी की गई प्लेटिना मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की मोटरसाइकिल सवार सोनू पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम सोइया रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब अड़तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 72 एसी 3487 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि यह मोटरसाइकिल पांच दिसम्बर को गडेरी चौराहे के पास बाजार से चुराया था। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मुकदमा उपरोक्त में धारा की बढोत्तरी करते हुये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## मोहनगंज पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित पिता पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपीएक्ट एक्ट में वांछित संदीप कुमार पुत्र अनिल कुमार एवं अनिल कुमार पुत्र रामआधार निवासीगण ग्राम कामापुर मजरे नसरतपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# तिलोई के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील तिलोई में कुल पचपन शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील मुसाफिरखाना में उन्नीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का निस्तारण किया गया।तहसील गौरीगंज में छियालिस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा,बीएसए संजय तिवारी, नायब तहसीलदार अमीषा यादव,हरिओम तिवारी, राम किशन कश्यप सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पंजाब का जल संकट

निस्संदेह, पंजाब इन दिनों दोहरे जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर जहां अंधाधुंध भू-गर्भीय जल के दोहन से उसका जलस्तर गिर रहा है, वहीं कीटनाशकों व रासायनिक खादों के बेतहाशा इस्तेमाल से पानी जहरीला होता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय भूजल बोर्ड यानी सीजीडब्ल्यूबी के नवीनतम आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। संस्था के नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि पंजाब 156.36 फीसदी भूजल दोहन के साथ इसके अत्यधिक इस्तेमाल में देशभर में अग्रणी है। जो इस बात को रेखांकित करता है कि पंजाब में इसके जलस्रोतों का कितने खतरनाक ढंग से अत्यधिक दोहन किया जा चुका है। लेकिन यह संकट यही समाप्त नहीं हो जाता। इस संकट से जुड़ी त्रासदी यह भी है कि सीजीडब्ल्यूबी की नवीनतम वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2025 बताती है कि पंजाब में परीक्षण किए गए भूजल के 62.5 फीसदी नमूनों में यूरेनियम सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पाया गया है। निश्चित रूप से भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और पानी की गुणवत्ता में गिरावट में गहरा संबंध है। दरअसल, अत्यधिक भूजल दोहन से पानी का स्तर नीचे चला जाता है, जिसके चलते गहरे बोरवेल लगाने पड़ते हैं। जो भूगर्भीय रूप से अस्थिर, खनिज-समृद्ध परतों से पानी खींचते हैं। जो अक्सर यूरेनियम, आर्सेनिक, नाइट्रेट या लवणता से भरी होती हैं। इसके साथ ही, दशकों से चली आ रही सघन कृषि, अधिक सिंचाई वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये भारी मात्रा में सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिसके चलते भूजल व मिट्टी दोनों ही में प्रदूषकों का रिसाव तेज हो जाता है। इस भयावह संकट को पिछले दिनों राज्यसभा में राजनीतिक आवाज तब मिली, जब सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब में विषाक्त जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने चेताया था कि भारी धातुओं और रेडियोधर्मी प्रदूषकों वाला पानी आम लोगों के स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। ऐसा करके उन्होंने देश के नीति नियंताओं को आईना दिखाने का प्रयास ही किया है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में इस चिंता को अभिव्यक्त करके, पर्यावरणीय आंकड़ों के जरिये लंबे समय से दिए जा रहे संकेतों को स्पष्ट रूप से उजागर ही किया है। हमें इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह अब कोई दूरगामी पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारे सामने एक उभरती हुई जन-स्वास्थ्य की आपात स्थिति ही है। देश में अकसर उस ट्रेन का जिक्र किया जाता रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाब के लोग कैंसर के उपचार के लिये राजस्थान के विभिन्न अस्पतालों में जाया करते हैं। जिसे अकसर कैंसर ट्रेन के नाम से पुकारा भी जाता रहा है। निस्संदेह, राज्य के कुओं, बोरवेल या हैंडपंप पर निर्भर लाखों पंजाबियों के लिये, इसका मतलब है कि उनके लिये रोजाना पीने का पानी ही स्वास्थ्य खतरा बन सकता है। जिसके उपयोग से उनके गुर्दे की क्षति, कैंसरकारी घातक प्रभाव और प्रजनन व शारीरिक विकास संबंधी नुकसान हो सकता है। निस्संदेह, इस दिशा में तत्काल निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है। समय की मांग है कि तत्काल प्रभाव से भूजल के अंधाधुंध दोहन पर सख्त अंकुश लगाया जाए। इसके लिये बेहद जरूरी है कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान देकर, कम पानी का उपयोग करने वाली फसलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्य के हर शहर व गांव में भूजल गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध करायी जाए। प्रदूषित पेयजल के प्रभावी उपचार के साथ ही सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही औद्योगिक व कृषि प्रदूषकों पर नियंत्रण के लिये पारदर्शी व सख्त कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छ पेयजल अनंत मात्रा में उपलब्ध नहीं है। हम इसे असीमित संसाधन के बजाय एक नाजुक जीवन रेखा के रूप में देखें। यदि आज हमने समय रहते हुए पेयजल को सुरक्षित व संरक्षित नहीं किया तो आने वाली पीढ़ियां पेयजल संकट से जूझने को अभिशप्त होंगी। इतना ही नहीं, उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट भी विरासत के रूप में मिलेगा। जिसके लिये वे हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

# संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन: वैश्विक चेतना का आह्वान

**आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग सबका हित और सबके साथ पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है।**

भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ''भगवान'' शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दर्शाता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो।'' उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है। संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है। आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग सबका हित और सबके साथ पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, माई लाइफ़ माई योगा, पंचामृत, लोकल टू ग्लोबल, वोकल फॉर लोकल, जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम वसुधैव कुटुम्बकम्, मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं। यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया। आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है। संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है। संघ के लिए सनातन केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिक और सामाजित अनुशासन की ऊर्जा है। संघ स्वयंसेवक जब शाखा में प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योगासन और सामूहिक भाव-विन्यास करते हैं, तो वे भारतीय संस्कृति के मूल सूत्र ''प्रकृति-संस्कृति योग'' को साधते हैं। मोहन भागवत यह भी कहते हैं कि भारत का मार्ग किसी पर थोपने का नहीं है बल्कि जगत को दिखाने का है कि शांति, समृद्धि और संतोष कैसे प्राप्त हो सकते हैं। उनके वक्तव्यों में स्पष्ट है कि सनातन जीवन-पद्धति ''ग्रहण और उपभोग'' नहीं बल्कि सहजीवन और पोषण सिखाती है। एक ओर पश्चिमी मॉडल शोषण, नियंत्रण का जीवन देता है, विज्ञान भी वहां सत्ता का औजार है; दूसरी ओर सनातन दर्शन अध्यात्म और विज्ञान को पूरक बनाता है, भौतिकी को आध्यात्मिक चेतना से संचालित करता है। यही अंतर भारत और विश्व को दिशा देता है। उनकी दृष्टि में भारत की समस्याओं का समाधान शिक्षा प्रणाली के पुनर्संयोजन में है, जिसमें ज्ञान केवल तकनीक न हो बल्कि जीवन विद्या हो। वे कहते हैं कि यदि भारत प्रकृति आधारित संस्कृति को पुनर्जीवित करेगा तो आरोग्य, आनंद और मोक्ष की दिशा में एक नई मनुष्यता जन्म लेगी। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए समाधान है क्योंकि विश्व के संकट का मूल मानव और प्रकृति के बीच का विभाजन है। आज संघ का शताब्दी वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह भारत के सनातन पुनरुत्थान का ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। संघ की जीवन शैली-साधारणता, संयम, समर्पण, समाज-धर्म, अनुशासन, सेवा और आत्मपरिष्कार, यह प्रकृति आधारित संस्कृति की आधुनिक अभिव्यक्ति है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन, संघ के जीवन तंत्र को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का राजनीतिक-राजनयिक रूप है। इसलिए आज के हिंसा और युद्धग्रस्त विश्व के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि समाधान हथियार से नहीं, जीवन दर्शन से होगा; विकास भौतिक उपभोग से नहीं, समरस संस्कृति से होगा; और भविष्य उस सभ्यता का है जो प्रकृति को माता और संस्कृति को सृष्टि का धर्म मानकर चलती है। सनातन जीवन दृष्टि केवल विश्वास नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीवंत प्रस्ताव है। संघ सरचालक मोहन भागवत का आग्रह इसी पर है कि भारत को अपने अक्षय ज्ञान पर पुनर्विश्वास करना होगा, क्योंकि वही वह शक्ति है जो संकटग्रस्त विश्व को दिशा दे सकती है। जब प्रकृति और संस्कृति का योग जीवन का आधार बनता है, तब व्यक्ति आरोग्यवान, समाज समृद्ध और राष्ट्र मोक्षपथगामी होता है। यही सनातन समृद्धि है और यही भारत का वैश्विक योगदान है, जिसकी उद्घोषणा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिक स्पष्ट होती है कि विश्व बंधुत्व, प्रकृति सम्मान और मोक्ष-केंद्रित जीवन, यही भविष्य की सभ्यता है। -ललित गर्ग

# अभिव्यक्ति की आजादी ...

सुधाकर आशावादी

**कभी पारदर्शी वस्त्र पहनकर आकर्षण का केंद्र बनना पड़ता है। कभी स्वयंवर रचाकर स्वयं को हूर की परी समझना होता है। कभी किसी प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई नया ड्रामा रचना पड़ता है। कभी बड़ी हवेली के परिसर में अपने पालतू पशु को ले जाना पड़ता है। उसका प्रवेश प्रतिबंधित होने पर अपने आपको उसी श्रेणी में दर्शाकर उसकी आवाज में उसका प्रतिनिधित्व करना पड़ता है।**

वर्तमान युग प्रचार का युग है। अपनी विशेष पहचान बनाने के लिए कुछ ऐसा करना पड़ता है, जिससे कि चर्चा का पात्र बना जा सके। सेलिब्रिटी सा दिखाई देने के लिए खुद को लीक से हटकर दिखाना पड़ता है। कभी पारदर्शी वस्त्र पहनकर आकर्षण का केंद्र बनना पड़ता है। कभी स्वयंवर रचाकर स्वयं को हूर की परी समझना होता है। कभी किसी प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई नया ड्रामा रचना पड़ता है। कभी बड़ी हवेली के परिसर में अपने पालतू पशु को ले जाना पड़ता है। उसका प्रवेश प्रतिबंधित होने पर अपने आपको उसी श्रेणी में दर्शाकर उसकी आवाज में उसका प्रतिनिधित्व करना पड़ता है। यानी औरों से अपने आपको अलग सिद्ध करने के लिए बंदे को बेशर्मी ओढ़कर बेपरवाह होना पड़ता है. उसे इस बात से कोई सरोकार नहीं होता, कि लोग क्या कहेंगे। आजकल यही हो रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी जो है। अभिव्यक्ति चाहे विचारों से व्यक्त की जाए या आचरण से,उद्देश्य केवल एक ही रहता है, कि लोग उसकी ओर ध्यान दें। उसे पहचानें, उसकी बात का समर्थन करें या न करें, लेकिन उसकी चर्चा करें। स्वयं को सेलिब्रिटी समझने की गलतफहमी में कोई भी सार्वजनिक रूप से किसी भी हद को पार कर सकता है। आजकल यही चल रहा है। जब से मोबाइल में रील बनाने का विकल्प आ गया है, तब से हर कोई अपने आप को सेलिब्रिटी समझने से परहेज नहीं कर रहा है। पता नहीं कब कौन निर्माता, निर्देशक, नायक के किरदार में प्रस्तुत कर दे। अपने एक मित्र हैं। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कुछ रील बनाई, कुछ लोगों ने उनकी रील से मनोरंजन किया। वह अपने आपको हास्य कलाकार समझने लगे। उनके हास्य के एपिसोड कब अश्लील प्रत्यय में बदल गए। उन्हें पता ही नहीं चला, उन्हें पता तब चला, कि जब किसी ने उनके विरुद्ध रपट लिखा दी। बहरहाल किसी की अभिव्यक्ति पर कब किसी और की अभिव्यक्ति भारी पड़ जाए. कहा नहीं जा सकता। एक बार एक प्रख्यात चित्रकार ने अभिव्यक्ति के नाम पर किसी की धार्मिक आस्था का मजाक उड़ाया , तो अनेक आस्थावानों ने उनके घर और स्टूडियो पर हमला करके अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त कर दी। बाद में हंगामा हुआ, कि हमला अभिव्यक्ति की आजादी पर हुआ, बदले में जवाब दिया गया, कि सबको ही अभिव्यक्ति की आजादी है, किसी एक को नहीं। बहरहाल यदि आजाद हैं, तो अभिव्यक्ति की भी आजादी है, किन्तु यह आजादी किसी एक की बपौती नहीं हो सकती। अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है, फिर चाहे कोई राजनेता हो, अभिनेता हो, यूट्यूबर हो, पत्रकार हो या किसी भी प्रकार से अभिव्यक्ति व्यक्त करने वाला।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान हॉर्ट पेशेंट न बरते लापरवाही

सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठाना काफी मुश्किल होता है। लेकिन जो फिटनेस फ्रीक होते हैं, वह सर्दी हो या गर्मी हमेशा मॉर्निंग वॉक कर खुद को फिट रखते हैं। लेकिन सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं जो लोग हृदय रोगी हैं, उनको मॉर्निंग वॉक पर जाते समय अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। क्योंकि सर्दियों में हृदय रोगियों की दिक्कतें अधिक बढ़ सकती हैं। बता दें कि हृदय पर ठंडी हवाओं का अधिक दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से ब्लड को पंप करने के लिए हृदय को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को जल्दी सुबह वॉक पर जाना अवॉइड करना चाहिए। क्योंकि सुबह के समय चलने वाली ठंडी हवाएं आपकी समस्या को बढ़ा सकती हैं। इसलिए जब थोड़ी धूप निकल आए, तब वॉक करें। इससे आपको अधिक ठंड भी नहीं लगेगी। हार्ट पेशेंट होने पर आप गर्म कपड़े पहनकर मॉर्निंग वॉक पर जा सकते हैं। मॉर्निंग वॉक के दौरान अच्छे से गर्म कपड़े पहन लें। इससे आपको अधिक ठंड नहीं लगेगी और आप सर्द हवाओं से भी बचे रहेंगे। मॉर्निंग वॉक के दौरान सिर्फ टी-शर्ट या शर्ट में बाहर जाने से बचना चाहिए। सर्दियों में खुद को फिट रखने के लिए अगर आप मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आप सुबह के समय हल्की एक्सरसाइज भी कर सकते है। इससे आपके शरीर में बल्ड सर्कुलेशन भी अच्छा बना रहता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से आपको गर्माहट के साथ फ्रेशनेस भी फील होगी। बता दें कि एक्सरसाइज हमारे हार्ट के लिए भी बेहतर होती हैं। मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले थोड़ा-बहुत कुछ खाकर बाहर निकलें। सुबह मॉर्निंग वॉक पर खाली पेट जाने से बचना चाहिए। आप चाहें तो बाहर वॉक पर जाने से पहले ड्राई फ्रूट्स भी खा सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स के साथ पानी का भी सेवन कर सकते हैं। इससे आपकी हृदय का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

## धर्म मंत्र

# रंक को भी राजा बनाने की शक्ति रखता है नीलम

ज्योतिष शास्त्र में नवग्रह के बारे में बताया गया है। इन ग्रहों की स्थिति बदलने पर व्यक्ति के जीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हांलाकि ग्रहों की अनुकूलता और शुभता के लिए ज्योतिष में कई उपाय बताए गए हैं। इन ग्रहों के लिए अलग-अलग रत्न बनाए गए हैं। इन रत्नों को धारण करने से ग्रहों की शुभता प्राप्त होती है और कई अन्य लाभ भी देखने को मिलते हैं। ज्योतिष में कुछ रत्नों को बेहद प्रभावशाली और लाभकारी माना जाता है। ऐसा ही एक रत्न नीलम भी है। नीलम शनि ग्रह का रत्न है और यह शक्तिशाली रत्न माना जाता है। मान्यता के मुताबिक नीलम रत्न व्यक्ति को राजा से रंक और रंक से राजा बना सकता है। लेकिन इस रत्न को धारण करने का सही नियम जानना बेहद जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नीलम रत्न धारण करने की सही विधि और फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। नीलम रत्न को सोने या फिर पंच धातु से बनी अंगूठी में जड़वाकर पहनना चाहिए। इस अंगूठी को बाएं हाथ में और मध्य रात्रि में धारण करना शुभ माना जाता है। बताया जाता है कि चौकोर नीलम पहनना सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। वहीं यह शनि ग्रह का रत्न होता है, इसलिए इन रत्न को धारण करने के बाद व्यक्ति को भूलकर भी मांस, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। बताया जाता है कि नीलम रत्न को धारण किए जाते ही यह अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देता है। इस रत्न को धारण करने से व्यक्ति के पास धन संबंधी समस्या नहीं रहती है। साथ ही व्यक्ति की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और नौकरी व व्यवसाय में भी सफलता मिलती है।

## पर्यटन



# महाराष्ट्र में पर्यटन का एक प्रमुख स्थान है महाबलेश्वर

महाबलेश्वर महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक छोटा-सा शहर है। यह हिंदुओं का तीर्थ स्थान है क्योंकि कृष्णा नदी का उद्गम यहीं है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों ने इस शहर को एक हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया और इसे ब्रिटिश राज के दौरान बॉम्बे प्रेसीडेंसी की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था। महाबलेश्वर पश्चिमी घाट की पहाड़ी सह्याद्रि श्रृंखला पर स्थित है जो भारत के पश्चिमी तट के साथ उत्तर से दक्षिण तक फैली हुई है। यह शहर पुणे से लगभग 122 किमी दक्षिण पश्चिम और मुंबई से 285 किमी दूर है। महाबलेश्वर क्षेत्र कृष्णा नदी का स्रोत है जो पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है। कृष्णा की तीन सहायक नदियों- कोयना, वेन्ना (वेनी) और गायत्री का स्रोत भी महाबलेश्वर क्षेत्र में है। चौथी नदी सावित्री का स्रोत भी इसी क्षेत्र में है, लेकिन यह महाड से होते हुए पश्चिम की ओर अरब सागर में बहती है। इस क्षेत्र की जलवायु स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उपयुक्त है। देश में कुल स्ट्रॉबेरी उत्पादन में महाबलेश्वर का योगदान लगभग 85 प्रतिशत है। किंवदंती है कि 13वीं शताब्दी के एक यादव शासक ने कृष्णा नदी के स्रोत पर एक छोटा मंदिर और पानी का टैंक बनवाया था। महाबलेश्वर के आसपास के क्षेत्र, जिसे जवाली की घाटी कहा जाता है, पर मोरे (कबीले) का शासन था जो बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत के जागीरदार थे। 1656 में, मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी ने राजनीतिक परिस्थितियों के कारण जावली के वली के तत्कालीन शासक चंद्रराव मोरे की हत्या कर दी और उस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। उसी समय के आसपास शिवाजी ने महाबलेश्वर के पास एक पहाड़ी किला भी बनवाया, जिसे प्रतापगढ़ किला कहा जाता है। महाबलेश्वर महाराष्ट्र में पर्यटन का एक प्रमुख स्थान है। यहां के आकर्षणों में बॉम्बे पॉइंट, आर्थर सीट, केट्स पॉइंट, लॉडविक-विल्सन पॉइंट और एल्फिन्स्टन पॉइंट जैसे आसपास की पहाड़ियों, घाटियों और जंगलों के दृश्यों के साथ कई पहाड़ी किनारे के लुक आउट पॉइंट शामिल हैं। विल्सन पॉइंट महाबलेश्वर का एकमात्र स्थान है जहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों देखे जा सकते हैं। शहर में ब्रिटिश काल की एक मानव निर्मित झील भी है जिसे वेन्ना झील कहा जाता है। झील नौकायन के लिए लोकप्रिय है।

# गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा आदि गंगा गोमती के जल से भरे कलश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के रामगढ़ पोस्ट सिलहौर गांव में उदय नारायण पाठक के संयोजन में शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले शनिवार को भव्य कलश यात्रा आयोजित हुई।

गाजे-बाजे के बीच कथास्थल से निकली कलश यात्रा आदि गंगा गोमती के सिल्हौर घाट व लालेश्वर धाम पहुंची जहां पर कलश में जल भरकर कलश यात्रा पुनः कथास्थल पर समाप्त हुई। डीजे और बैंड बाजों की धुन पर भक्त अबीर-गुलाल उड़ाते हुए झूमते नजर आए। जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। कलश यात्रा की तैयारी सुबह से दिखाई दी समय बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद यजमान उदय नारायण पाठक भागवत पुराण रखकर एवं पीला वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाओं व युवतियों के साथ ही सिर पर कलश धारण किए हुए आगे बढ़ रही थी, यात्रा आदि गंगा गोमती के सिल्हौर लालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां कलश में जल भर कर यात्रा पुनः कथास्थल पहुंची। सुल्तान पुर से पधारे कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु सात दिनों तक कथा का श्रवण करेंगे।कलश यात्रा में मुख्य रूप से कीर्तिमान पांडेय, विकास पाठक,राहुल पांडेय,आशीष शुक्ला,आदित्य पाठक, राधेश्याम यादव,राजू ओझा कामख्या पाठक सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स, स्पोर्ट्समीट्स में आत्मविश्वास प्रतिभा का प्रदर्शन

# खेल से बच्चों में बढ़ता उत्साह रचनात्मक सोच : अंकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के सुप्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित स्पोर्ट्समीट्स में संस्थान के बच्चे प्रतिभा, आत्मविश्वास प्रतिभा का मानोहारी प्रदर्शन कर रहे है। स्पोर्ट्समीट ''उड़ान'' के छठे दिन बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसेस ग्रुप ए, बी और सी के लिए गायन, नृत्य और जीके क्विज इंट्रा हाउस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें सीनियर , जूनियर दोनों वर्ग के बच्चों ने भाग लिया।बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और ज्ञान का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अंकुर माथुर जी ने कहा इन खेलों के माध्यम से बच्चों में उत्साह, रचनात्मक सोच और साथ मिलकर काम करने की भावना बढ़ी।






बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी नगर ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिताओं में ग्रुप ए से जी के क्विज प्रतियोगिता में कंपैशन हाउस में प्रथम स्थान अद्रिका दीक्षित,द्वितीय स्थान शिवाय शुक्ला,तृतीय स्थान मोहम्मद अयान, स्ट्रैंथ हाउस में प्रथम स्थान किंजल ठाकुर द्वितीय स्थान विराट दीक्षित, तृतीय स्थान अनंत प्रकाश, इनोवेशन हाउस में प्रथम स्थान इशिता यादव द्वितीय स्थान कार्तिक वर्मा तृतीय स्थान फरवा फातिमा क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान प्रतीक यादव ,द्वितीय स्थान अनंत पटेल,तृतीय स्थान हर्षवर्धन ,ग्रुप ब से नृत्य प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस में प्रथम स्थान आदित्य यादव , द्वितीय स्थान ईशान्वी,तृतीय स्थान आराध्य, क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान महिमा, द्वितीय स्थान लावण्या, तृतीय स्थान अक्षिता, कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान नंदिता, द्वितीय स्थान रिदम, तृतीय स्थान आद्रिका शुक्ला, स्ट्रैंथ हाउस से प्रथम स्थान आद्रिका तिवारी, द्वितीय स्थान देवाशी तृतीय स्थान निहारिका,ग्रुप सी में गायन प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस से प्रथम स्थान आदित्य गुप्ता द्वितीय स्थान प्रकाश जैन तृतीय स्थान अंशिका गुप्ता, क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान ईशान्वी, द्वितीय स्थान जसलीन कौर तृतीय स्थान जकरिया कपासन हाउस से प्रथम स्थान जपनीत, द्वितीय स्थान अंशिका तृतीय स्थान देवांश स्ट्रैंथ हाउस से प्रथम स्थान आरोही, द्वितीय स्थान परीक्षा तृतीय स्थान अंश, बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में जीके क्विज प्रतियोगिता ग्रुप ए में विजडम हाउस से प्रथम स्थान अक्षत यादव, द्वितीय स्थान पीयूष, तृतीय स्थान बेबो सांत्वना पुरस्कार हम्माद, हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान आभा द्वितीय स्थान शौर्य मौर्य, तृतीय स्थान श्रृष्टि, सांत्वना पुरस्कार अक्षत वर्मा, करेज हाउस से प्रथम स्थान अरनव पांडे, द्वितीय स्थान आदित्य गौतम, तृतीय स्थान आयत इमरान, इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम हाउस श्रेयांश रावत, द्वितीय स्थान अब्दुल अजीज, तृतीय स्थान अहमद, संतान पुरस्कार प्रांजल,प्रतियोगिता गायन ग्रुप सी से करेज हाउस में प्रथम स्थान ऐश्वर्या दुर्गेश सिंह, द्वितीय स्थान मान्य सैनी, तृतीय स्थान अनिकेत सैनी, विजडम हाउस से प्रथम स्थान आलिया जहरा , तृतीय स्थान रिया पाठक, रिक्त स्थान हिना उस्मानी, इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान जोया, द्वितीय स्थान रौनक, तृतीय स्थान अभय वर्मा, हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान अक्षत, द्वितीय स्थान अलहदा, तृतीय स्थान नबा, नृत्य प्रतियोगिता ग्रुप बी से करेज हाउस प्रथम स्थान श्रद्धा, द्वितीय स्थान दीपाली, तृतीय स्थान शिवांगी, विजडम हाउस से प्रथम स्थान रूही, द्वितीय स्थान आनंद कुमार, तृतीय स्थान आरिका, इन थ्री इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान नित्य दीक्षित, हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान मानसी, द्वितीय स्थान आराध्या यादव, तृतीय स्थान रुद्रांश विजेता रहे विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी, चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सविता कौर, श्रीमती अना मैम, श्रीमती नाजिया मैम और श्रीमती निकहत परवीन, उप प्रधाना प्रधानाध्यापिका श्रीमती अल्पना कौर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती ऋचा अग्निहोत्री द्वारा विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया । जिससे बच्चों में खुशी का माहौल बन गया इन प्रतियोगिताओं का समापन सफलतापूर्वक सभी शिक्षिकाओं और स्टाफ के संयुक्त प्रयास से किया गया।

## मुख्यमंत्री विवाह योजना, विधायक साकेंद्र की अगुवाई

# धूमधाम से 198 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को क्षेत्र के साईं पीजी कॉलेज ग्राउंड में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कुल 198 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शांति कुंज हरिद्वार से आए पुरोहितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। वहीं एक जोड़े का निकाह भी कराया गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार सर्व समाज में समरसता और सर्वधर्म सद्भाव के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से निर्धन परिवारों को सम्मानपूर्वक बेटियों का विवाह कराने में बड़ी सहायता मिल रही है। सरकार ने इस योजना की आर्थिक सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये



कर दी है,जिसमें से 60 हजार रुपये सीधे कन्या के खाते में भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के वंचित और गरीब वर्गों के बेहतर जीवन के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। विवाह समारोह में सभी जोड़ों को 24 प्रकार की उपहार सामग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें चांदी की पायल,बिछिया,डिनर सेट,ट्रॉली बैग,गद्दे,कंबल,कुकर,बेडशीट,कपड़े,पंखा,वैनिटी किट आदि शामिल रहे। सामूहिक विवाह के बाद बेटियों की एक-एक कर हो रही विदाई ने पूरे माहौल को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। योजना के अनुसार कुल 212 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित था,लेकिन 198 जोड़ों का ही विवाह सम्पन्न हो सका। इनमें फतेहपुर के 60,निंदूरा के 65 और सूरतगंज के 61 जोड़े शामिल थे। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत फतेहपुर के 5, बेलहरा के 2, देवां के 3 और टिकैतनगर के 2 जोड़े शामिल हुए। सभी विशिष्ट अतिथियों ने पुष्पवर्षा कर नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान मिश्र और दीपक वर्मा ने किया। समारोह में एसडीएम कार्तिकेय सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी डा.नीलम सिंह,कालेज के प्रबंधक विपिन राठौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सभी शेष मतदाता अनिवार्य रूप से जमा करें गणना पत्रक : डीएम

## आज को मतदेय स्थलों पर लगेगा विशेष शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (S.I.R.-2026) के तहत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि रविवार 07 दिसम्बर 2025 को जनपद के मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। जिन मतदाताओं द्वारा अब तक गणना पत्रक जमा नहीं किया जा सका है, वे इस विशेष कैम्प के दौरान अपने बूथ स्तरीय अधिकारी को प्रपत्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी हेतु सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि 100% डिजिटाइजेशन एवं 90% से अधिक मैपिंग पूर्ण करने वाले बीएलओ को 08 दिसम्बर (सोमवार) को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्मानित किया जाएगा।

# बाबा साहब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

वाराणसी। संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा जनों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस क्रम में आज उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने राजन शाही नगर, सिगरा स्थित कैम्प कार्यालय पर सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित



करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त छूआछूत, दलितों, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है। आयुष मंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के सात सदस्यों में से एक थे भारत रत्न भीमराव अंबेडकर आज उनकी पुण्यतिथी पर हम उनके प्रेरणादायक विचारों को याद कर रहे हैं, जो आज भी युवाओं में नई ऊर्ज़ा भरने का काम करते है ! आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, आदिवासियों को समान अधिकार दिलाना, सम्मान दिलाना बाबासाहेब का सपना था ।

# पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह के घर धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र अंतर्गत पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए। उन्होंने आरपी सिंह की अपने गांव और सनातन परंपरा के प्रति आस्था की सराहना करते हुए कहा कि ल्लएक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का अपने पूर्वजों की भूमि पर लौटकर धार्मिक अनुष्ठान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

कथा में सम्मिलित होने के बाद डिप्टी सीएम हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक के छोटे भाई मिथिलेश रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकसंतप्त परिवार को संतावना दी। कार्यक्रम में खाद्य रसद मंत्री सतीश शर्मा, प्रदेश अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला अध्यक्ष राम भूलन वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी समीर सिंह, भाजपा नेता राज नारायण सिंह (कपूर सिंह), अमरीश रावत, पूर्व प्रत्याशी जैदपुर शाहिद सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश का नारा जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर नई मांग उठाते हुए कहा है कि देश का नारा जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए।

श्री यादव ने अपने फ़ेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया ल्ल संविधान को लेकर कोई पक्ष-विपक्ष नहीं होना चाहिए। सब एक तरफ़, एक मत होने चाहिए।संविधान सिर्फ़ किताब नहीं बुनियाद भी है। एक लोकतंत्र के लिए सबसे दुखद बात ये है कि संसद में संविधान को बचाने पर बहस हो रही है, जबकि संविधान के हिसाब से देश को आगे बढ़ाने की चर्चा होनी चाहिए। संविधान पर संकट का आना दरअसल लोकतंत्र पर संकट का छाना है। जो संविधान को कमज़ोर करना चाहते हैं, वो लोकतंत्र को कमज़ोर करना चाहते हैं और लोकतंत्र के विरोधी वही होते हैं जो एकतंत्र लाना चाहते हैं। संविधान हक़ देता है, और जो हक़ मारना चाहते हैं, वो संविधान को नकारने की कोशिश करते हैं। मैंने कई बार कहा आज फिर कह रहा हूँ। संविधान ही संजीवनी है। इसमें देश को अच्छा करने की, अच्छा रखने की शक्ति है। संविधान लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ होता है। इसीलिए हमारे लिए संविधान कर्म ग्रंथ है। देश संविधान से चलना चाहिए, 'मन-विधान' से नहीं। संविधान ही पीडीए का प्रकाश



स्तंभ है क्योंकि संविधान ही व्यक्ति की गरिमा और प्रतिष्ठा को सुनिश्चित करता है। यह पीडीए समाज को शोषण, उत्पीड़न से बचाता है और शोषकों को यही सज़ा दिलवाता है। इसीलिए हम पीडीए वालों के लिए आख़िरी उम्मीद का नाम संविधान है। संविधान ही हमारा रक्षा कवच है।संविधान ही हमारी ढाल है। संविधान है तो सुरक्षा है।संविधान है तो शक्ति है।संविधान ही देश की 90 प्रतिशत शोषित, उपेक्षित, पीड़ित, वंचित जनता के अधिकारों का सच्चा संरक्षक है। संविधान ही सबसे बड़ा मददगार है। इसीलिए पीडीए के लिए संविधान की रक्षा जनम-मरण का विषय है।जो संविधान नहीं मानते, उनके लिए यह कोरा पन्ना है।संविधान ही लोकतंत्र की प्राणवायु है। संविधान को निष्क्रिय करना स्वतंत्रता को निष्क्रिय करना होता है। संविधान को परतंत्र बनाकर जो लोग राज करना चाहते हैं, उनके लिए 'आज़ादी का अमृतकाल' भी सिर्फ़ एक जुमला है।

अखिलेश यादव ने कहा ल्लअंत में मैं सिर्फ़ यह कहना चाहूँगा कि 'संविधान बचेगा तो न्याय बचेगा' और न्याय बचेगा तभी सबको बराबर मान, सम्मान, सबको बराबर मौके मिलेंगे, भेदभाव भी मिटेगा और भेद का भाव भी। इसीलिए आज फिर से संविधान को बचाने के लिए एक और करो या मरो आंदोलन की ज़रूरत है।सबको स्थान ऽ सबको सम्मान देने की आवश्यकता है।

# बहुजनों के आत्मसम्मान वाले अच्छे दिन कब आएंगे: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने बहुजन समाज की मौजूदा सामाजिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अम्बेडकर जयंती जैसे पावन अवसरों पर एक ही सवाल बार-बार उठता है कि बहुजनों के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान पर आधारित अच्छे दिन आखिर कब आएंगे।

सुश्री मायावती ने कहा कि संविधान के मानवीय और कल्याणकारी उद्देश्यों के अनुरूप देश के दलितों, पिछड़ों और वंचित समाज को आज भी वह अधिकार, समता और सम्मान नहीं मिल पा रहा, जिसकी कल्पना डॉ. अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान की थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में अम्बेडकर के रास्ते पर चलना समय की सर्वाधिक बड़ी जरूरत है।

बसपा प्रमुख ने उत्तर प्रदेश की पूर्व बसपा सरकारों में बहुजन समाज के सम्मान व उत्थान के लिये उठाए गए कदमों को भी याद किया और कहा कि जातिवादी पार्टियां आज भी बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी से दूर रखने के लिए राजनीतिक हथकंडे अपनाती रही हैं। रुपये में हाल के दिनों में आए भारी अवमूल्यन पर चिंता जताते हुए उन्होने कहा कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय महत्व का विषय है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि आर्थिक सलाहकारों से आगे बढ़कर शीर्ष स्तर पर हस्तक्षेप करते हुए गिरते रुपये को संभालने के लिए ठोस उपाय किए जाएं।

सुश्री मायावती ने बहुजन समाज से मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज होना लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में बेहद जरूरी है।

अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर देशभर में बीएसपी समर्थकों और अनुयायियों ने बाबा साहेब को नमन किया। लखनऊ स्थित अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल और नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर सुबह से ही भारी भीड़ जुटी।

उन्होने कहा कि बाबा साहेब की शिक्षाओं को केवल समारोहों में याद करने के बजाय, उनकी संवैधानिक मूल भावना को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ गलतियों से बचना होगा भारत को

एजेंसी



चेन्नई। बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढत बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया जिसमे गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर अंतिम चार में पहुंची जर्मनी के खिलाफ इस तरह की कोई भी चूक भारी पड़ सकती है और मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने भी स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रीजेश ने मैच के बाद कहा ,'' नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते। सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा। हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिये कितना जरूरी है। पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था। दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे। कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से 1-3 से हारकर भारत चौथे स्थान पर रहा था। इस बार राउंड रॉबिन चरण में चिली, ओमान और स्विटजरलैंड के खिलाफ भारत ने एक भी गोल नहीं गंवाते हुए सबसे ज्यादा 29 गोल दागे थे। क्वार्टर फाइनल से पहले तक गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिली थी और बेल्जियम के खिलाफ 13वें मिनट में भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का पहला गोल गंवाया। गोलकीपर प्रिंस दीप ने अपने गुरू श्रीजेश की झलक दिखाते हुए शूटआउट में बेहतरीन गोल बचाये जबकि शारदानंद तिवारी ने तीन गोल किये। भारत ने हालांकि निर्धारित समय के भीतर ही गोल करने के कई मौके गंवाये जिस पर आत्ममंथन करना होगा।

## आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर 2025 चुने गए ज़ोरावर सिंह संधू

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज़ ज़ोरावर सिंह संधू को शुक्रवार को दोहा, क़तर में आयोजित मतदान में आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर 2025 चुना गया। ज़ोरावर ने इस वर्ष एथेंस में आयोजित शॉटगन विश्व चैम्पियनशिप में ट्रैप इवेंट में कांस्य पदक जीता था, जो उनके करियर का 18 वर्षों बाद पहला व्यक्तिगत पोडियम था। 48 वर्षीय ज़ोरावर का यह पदक भारत के लिए इस इवेंट में तीसरा व्यक्तिगत विश्व चैम्पियनशिप पदक है। उनसे पहले मनवजीत सिंह संधू (गोल्ड, 2006) और करणी सिंह (सिल्वर, 1962) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। 2023 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ज़ोरावर ने इस वैश्विक मतदान में अपने ही साथी और पूर्व विश्व चैम्पियन रुद्रांक्ष पाटिल को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान अपने नाम किया।

## जर्मनी के खिलाफ गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं होगी, सुधार जरूरी : जूनियर हॉकी कोच श्रीजेश

एजेंसी

चेन्नई। खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पी आर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 4-3 से हराया लेकिन दो बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने भाषा से कहा ,'' बेल्जियम के खिलाफ पहले 45 मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना , यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिये। भारत के महान गोलकीपर रहे श्रीजेश ने कहा ,'' अच्छे मूव को फाइनल टच देना जरूरी है। हम लगातार आक्रमण कर रहे थे और मौके बना रहे थे। सर्कल के भीतर गेंद का नियंत्रण नहीं खोना चाहिये। कठिन टीमों के खिलाफ गोल करने के मौके ज्यादा नहीं मिलते हैं और जो भी मौके मिले, उन्हें भुनाना होगा। यह पूछने पर कि लीग चरण में आसान चुनौतियों से क्या क्वार्टर फाइनल में दबाव अधिक रहा , श्रीजेश ने कहा ,'' लीग दौर के मैच सभी के लिये लगभग बराबर होते हैं। कुछ टीमों को एक कठिन मैच मिल जाता है लेकिन हमने अपनी टीम का स्तर ऊंचा रखने की कोशिश की और उन्हें चुनौतियां दी कि इतने गोल से जीतना है। लेकिन नॉकआउट चरण में दबाव अलग होता है। भारत ने राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल किये और एक भी नहीं गंवाया था। कोच ने आगे कहा ,''क्वार्टर फाइनल से ज्यादा दबाव अब सेमीफाइनल में होगा। क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया जैसी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी। हम किसी टीम को हलके में नहीं ले सकते।

## ग्रीव्स के 202 रन से वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के साथ पहला टेस्ट ड्रॉ कराया

एजेंसी



क्राइस्टचर्च। जस्टिन ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाए और केमार रोच के सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने शनिवार को न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 रन का स्कोर बनाया जो टेस्ट क्रिकेट के पांच तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन मैच ड्रॉ कराकर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की। अपने टेस्ट करियर में पहली बार दोहरा शतक लगाने वाले ग्रीव्स ने लगभग नौ घंटे 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शाई होप (140) के साथ 196 रन की साझेदारी वेस्टइंडीज को चार विकेट पर 72 रन के स्कोर से उबारा। होप मैच के पांचवें और अंतिम दिन आउट होने वाले वेस्टइंडीज के दो बल्लेबाजों में से एक रहे। रोच ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 58 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 233 गेंद का सामना किया। ग्रीव्स ने 388 गेंद का सामना करके 19 चौके लगाए। वह किसी टेस्ट मैच की चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे और ओवरऑल सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। ग्रीव्स ने मैच के बाद कहा, ''मेरा आखिर तक टिके रहना वास्तव में बहुत महत्वपूर्ण था। यह मेरे लिए और टीम के लिए एक विशेष दिन है। हम काफ़ी मुश्किल दौर से गुज़र रहे थे। आक्रमण के अगुआ मैट हेनरी और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के पास केवल जैकब डफी और जैक फाउल्केस ही फिट तेज गेंदबाज थे जिन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने का बहुत अधिक अनुभव नहीं है। ग्रीव्स और रोच ने आखिरी दिन मैदान पर सिर्फ़ दो-तीन मौके दिए। न्यूज़ीलैंड ने दिन की शुरुआत में ही अपने रिव्यू खत्म कर दिए और इसकी क़ीमत उसे तब चुकानी पड़ी जब रोच के ख़िलाफ़ एलबीडब्ल्यू और कैच आउट की अपील को अंपायरों ने नकार दिया जबकि रीप्ले से लग रहा था कि वह आउट थे। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज 167 रन पर आउट हो गया था। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन चार विकेट पर 212 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब होप 111 और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। होप और विकेटकीपर टेविन इमलाच दोनों लंच के करीब आउट हो गए, लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड को कोई सफलता नहीं मिली। न्यूज़ीलैंड और वेस्टइंडीज़ दोनों ने चार-चार अंक हासिल किए। इस तरह से उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र में अपना खाता खोला।

## ईपीसी क्षेत्र बना प्रमुख रोजगार इंजन, 2030 तक 2.5 करोड़ रोजगार सृजित होने की संभावना: रिपोर्ट

एजेंसी




मुंबई। देश के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) क्षेत्र में 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। एचआर समाधान प्रदाता सीआईईएल एचआर के 'ईपीसी क्षेत्र प्रतिभा अध्ययन, 2025' के अनुसार, ईपीसी क्षेत्र देश के अग्रणी रोजगार सृजनकर्ताओं में एक है और 2020 के बाद से भर्ती मांग में 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों को मिलाकर 8.5 करोड़ से अधिक लोग ईपीसी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इनमें से लगभग 70ऽ80 लाख पेशेवर देश की शीर्ष ईपीसी कंपनियों में काम करते हैं। सीआईईएल एचआर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित्य नारायण मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, जैसे-जैसे देशभर में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है, भर्ती में भी तेजी आती रहेगी। ईपीसी क्षेत्र से 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। हर साल लाखों लोग रोजगार बाजार में आते हैं और यह क्षेत्र लगातार भारत की कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अपने भीतर समाहित करता रहेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) से ईपीसी क्षेत्र की नौकरियों को कोई खतरा नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की रफ्तार को बढ़ाएगा। एआई से परियोजनाओं की दक्षता बढ़ेगी, योजना और इंजीनियरिंग प्रक्रियाएं मजबूत होंगी और आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन बेहतर होगा, लेकिन इससे मानव संसाधन की मांग कम नहीं होगी। मिश्रा ने कहा, भारत का विकास मॉडल अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलित वृद्धि पर केंद्रित है। जैसे-जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, जनशक्ति की जरूरत और बढ़ेगी। सरकार भी इस विस्तार को तेज करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**03010 नई दिल्ली–हावड़ा जं. विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 03010 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | --- | 07:30 |
| हावड़ा जं. | 13:30 | --- |

चलने के दिन : 03010 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**01016 लखनऊ जं.–लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ जं. | --- | 19:30 |
| लोकमान्य तिलक (ट.) | 23:30 | --- |

चलने के दिन : 01016 लखनऊ जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**01020 ह. निज़ामुद्दीन–छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01020 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| ह. निज़ामुद्दीन | --- | 17:30 |
| छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 13:30 | --- |

चलने के दिन : 01020 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : मथुरा जं., सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वसई रोड, ठाणे एवं दादर स्टेशन।

**01409/01410 पुणे जं.– ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01409 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01410 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:20 | पुणे जं. | 09:00 | --- |
| 01:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 01409 पुणे जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01410 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**06259/06260 यशवंतपुर – ह. निज़ामुद्दीन – बेंगलूरु कैंट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 06259 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06260 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | --- | बेंगलूरु कैंट | 19:45 | --- |
| --- | 07:00 | यशवंतपुर | --- | --- |
| 03:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 23:50 |

चलने के दिन : 06259 यशवंतपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 06260 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : येलहंका, धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04474/04473 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04474 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04473 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 05:15 | गाजियाबाद | 17:20 | --- |
| 08:45 | --- | सहारनपुर | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04474 गाजियाबाद से तथा 04473 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04476/04475 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04476 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04475 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:30 | गाजियाबाद | 16:00 | --- |
| 20:00 | --- | सहारनपुर | --- | 12:30 |

चलने के दिन : 04476 गाजियाबाद से तथा 04475 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**02417/02418 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 02417 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02418 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 02417 प्रयागराज जं. से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 02418 नई दिल्ली से दिनांक 07 एवं 09.12.2025 (रविवार एवं मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**02275/02276 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 02275 प्रयागराज जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02276 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**01082/01081 बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01082 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01081 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:40 | बनारस | 16:05 | --- |
| 19:55 | 20:05 | वाराणसी जं. | 15:25 | 15:35 |
| 06:25 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 08:25 |

चलने के दिन : 01082 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01081 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : वाराणसी जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, ईटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., नाशिक रोड एवं कल्याण जं. स्टेशन।

**02559/02560 बनारस – आनंद विहार (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 02559 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02560 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:15 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:30 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 12:20 |

चलने के दिन : 02559 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02560 आनंद विहार (ट) से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**08760/08761 दुर्ग – ह. निज़ामुद्दीन – दुर्ग एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 08760 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08761 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:45 | दुर्ग | 15:00 | --- |
| 11:10 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 12:30 |

चलने के दिन : 08760 दुर्ग से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 08761 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : रायपुर जं., उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**08403/08404 पुरी – दिल्ली जं. – भुवनेश्वर विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 08403 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:45 | पुरी | --- | --- |
| 12:50 | 12:55 | भुवनेश्वर | 22:00 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 18:30 |

चलने के दिन : 08403 पुरी से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 08404 दिल्ली जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, भद्रक, बालेश्वर, जलेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**04206/04205 वाराणसी जं. – नई दिल्ली – वाराणसी जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04206 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04205 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:50 | वाराणसी जं. | 01:20 | --- |
| 05:15 | --- | नई दिल्ली | --- | 10:55 |

चलने के दिन : 04206 वाराणसी जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04205 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04462/04461 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04462 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04461 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:30 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:30 |

चलने के दिन : 04462 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04461 हावड़ा जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., ईटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04580 चंडीगढ़–तिरुवनंतपुरम सेंट्रल आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04580 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 07:15 |
| तिरुवनंतपुरम सेंट्रल | 14:45 | --- |

चलने के दिन : 04580 चंडीगढ़ से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., मेरठ सिटी जं., गाजियाबाद जं., ह. निज़ामुद्दीन जं., कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, रतनागिरी, थिविम, मडगांव जं., कारवार, कुमता, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुन्दापुरा, उडुपी, मंगलूरु जं., कासरगोड, कन्नूर, कोझीकोड, षोरणूर जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कायमकुलम, कोल्लम जं. एवं वर्कला शिवगिरी स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – मुंबई सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04004 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04003 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | --- |
| 21:00 | --- | मुंबई सेंट्रल | --- | 23:30 |

चलने के दिन : 04004 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04003 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विश्व में स्टार्ट अप में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

पंचकुला। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया में भारत का सम्मान हर क्षेत्र में बढ़ा है। आज दुनिया भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव देख रही है। आज भारत स्टार्ट अप में विश्व में तीसरे स्थान पर है। आज 1.75 लाख स्टार्ट अप हैं। इसके साथ हम पेटेंट फाइलिंग में 56 प्रतिशत हैं। यही नहीं प्रकाशन में भी हम अगले दो सालों में अमेरिका को भी पीछे कर देंगे। मौजूदा समय में 1.91 लाख पब्लिकेशन है। ये सब सतत प्रयासों ओर जूनून से संभव हुआ है।

डॉ. सिंह शनिवार को पंचकूला में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फ़ेस्टिवल (आईआईएसएफ) के 11वें संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस महोत्सव को '3सी' के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव उत्सव, संचार और करियर का अद्भुद संगम है। इस 3सी के माध्यम से हम विज्ञान को सहज तरीके से जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने



इस फ़ेस्टिवल को भारत के वैज्ञानिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फ़ेस्टिवल एक बार फिर एक गतिशील प्रदर्शनी लेकर आया है जिसे विकसित भारत के लिए नई सोच को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन चार दिनों में विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागी इंटरैक्टिव कार्यशालाओं, शोध-आधारित प्रतियोगिताओं, विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्रों, समस्या-समाधान वाद-विवाद, सहयोगी परियोजनाओं और उपग्रह लाइव-ट्रैकिंग को दर्शाया जा रहा है। आईआईएसएफ का 11वां संस्करण 6 से 9 दिसंबर तक पंचकूला में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रमुख आयोजन में प्रदर्शनियां, व्यावसायिक बैठकें, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा आईआईएसएफ 2025 पांच व्यापक विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा जिसमें उत्तर-पश्चिम भारत और हिमालयी क्षेत्र का विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पारिस्थितिकी; समाज और शिक्षा के लिए विज्ञान; विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत; जैव प्रौद्योगिकी और जैव-अर्थव्यवस्था तथा आधुनिक विज्ञान के साथ पारंपरिक ज्ञान का एकीकरण। विज्ञान क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं, स्कूली बच्चों, युवा उद्यमियों और शुरुआती करियर वाले शोधकर्ताओं के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

# मुर्मू, मोदी सहित प्रमुख लोगों ने महापरिनिर्वाण दिवस पर दी अम्बेडकर को श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख लोगों ने शनिवार को संसद भवन परिसर में डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर को उनके 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिकता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, अन्य मंत्रियों, सांसदों तथा प्रमुख लोगों ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी ने भी प्रेरणा स्थल पर डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि दी।

श्री मोदी ने इससे पहले सोशल मीडिया एक्स पर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित



करते हुए लिखा, ''महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का स्मरण करते हैं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधानवाद के प्रति डॉ. अम्बेडकर की अटूट प्रतिबद्धता भारत की राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनसे मानवीय गरिमा को बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने की पीढ़ियों ने प्रेरणा ली है। ईश्वर करे कि उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर करते रहें।''

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा, ''भारत के महान संविधान के शिल्पी, सामाजिक न्याय के प्रहरी, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। समानता, न्याय, शिक्षा और समावेशी विकास पर आधारित समाज का उनका दृष्टिकोण आज भी देश के विकास के लिये मार्गदर्शक बना हुआ है। बाबा साहब ने संविधान में कल्याणकारी राज्य की संकल्पना के साथ करोड़ों देशवासियों के लिए न्याय, समानता, स्वतंत्रता और अधिकारों की राह प्रशस्त की। उन्होंने शोषितों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को जो संदेश दिए, वे एक प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण के लिए अनिवार्य दस्तावेज हैं। आज के समय में भी बाबा साहब के लेख एवं भाषण क्रांतिकारी वैचारिकता एवं नैतिकता के दर्शन-सूत्र हैं। श्री गांधी ने भी एक्स पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा ''बाबासाहेब अम्बेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि। समानता, न्याय और मानव गरिमा की उनकी विरासत मुझे संविधान की रक्षा के लिए और अधिक दृढ़ बनाती है।

# हवाई यात्रा के अभूतपूर्व संकट की सरकार जिम्मेदारी ले, श्वेतपत्र जारी करे : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने देशभर में हवाई यात्रियों के समक्ष पैदा हुए अभूतपूर्व संकट को सरकार के एकाधिकार की नीति का पहला नमूना बताया और कहा कि स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को जिम्मेदारी लेते हुए सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि विमानन कंपनी इंडिगो के कारण देश के नागरिकों के समक्ष विमानन क्षेत्र में जो अभूतपूर्व संकट खड़ा हुआ वह सरकार की एकाधिकार नीति का एक नमूना मात्र है और आने वाले समय में एकाधिकार की सरकार की नीति का खामियाजा देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर भुगतना पड़ेगा। पार्टी ने कहा कि निजीकरण के काम में जुटी मोदी सरकार हर क्षेत्र में एकाधिकार को महत्व दे रही है और आने वाले समय में ऊर्जा, बंदरगाह आदि क्षेत्रों में भी इसी तरह का संकट देश को झेलना पड़ेगा इसलिए सरकार को एकाधिकार नहीं प्रतिस्पर्धा को महत्व देना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने अब तक का सबसे बड़ा विमानन संकट देखा है। हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और आज शनिवार को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं हैं। इस संकट के कारण देश भर में अनगिनत यात्री जगह-जगह फंसे हुए हैं। यह संकट अभूतपूर्व है और इसके कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में और अपने जरूरी काम करने से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति विमानन क्षेत्र में करीब डेढ़ साल से बनी हुई है लेकिन कुछ दिनों में यह संकट अपने चरम पर पहुंचा है। नागर विमानन महानिदेशालय-डीजीसीए के पायलटों के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण यह संकट खड़ा हुआ है।

# ईडी ने रिलायंस पावर के खिलाफ एसईसीआई टेंडर धोखाधड़ी मामले में पूरक आरोपपत्र दायर किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को रिलायंस पावर लिमिटेड के खिलाफ एक मामले में पूरक चार्जशीट दायर की। जिसमें कंपनी पर सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के टेंडर को हासिल करने के लिए कथित रूप से फर्जी बैंक गारंटी जमा करने का आरोप है।

ईडी ने अपनी जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की। एक प्राथमिकी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड (रिलायंस पावर लिमिटेड की शत-प्रतिशत सहायक कंपनी) के खिलाफ एसईसीएल की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जबकि दूसरी प्राथमिकी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड ने बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल के खिलाफ दर्ज कराई थी। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, ''रिलायंस पावर लिमिटेड (अपनी सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीयूएसएस लिमिटेड के माध्यम से) ने एसईसीआई के एक टेंडर के लिए बोली लगाई थी, जिसमें 1000 मेगावॉट / 2000 मेगावॉट-घंटा स्टैंडअलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस ) परियोजनाएँ स्थापित की जानी थीं। बोली लगाने वाले को 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करनी थी। टेंडर की शर्तों के अनुसार, यदि बैंक गारंटी किसी विदेशी बैंक द्वारा जारी की जाती है, तो इसे उस बैंक की भारतीय शाखा या भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से अनुमोदन लेना आवश्यक होता है। ईडी ने कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई जांच में यह खुलासा हुआ कि रिलायंस पावर लिमिटेड ने गलत इरादे से एक शेल कंपनी, बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएँ लेकर फर्जी बैंक गारंटी की व्यवस्था करवाई। यह गारंटी फिलीपींस के मनीला में फ़र्स्टरैंड बैंक की एक गैर-मौजूद शाखा और मलेशिया के एसीई इन्वेस्टमेंट बैंक लिमिटेड के नाम पर बनाई गई थी। इसके अलावा, फर्जी गारंटी के अनुमोदन एक नकली एसबीआई ईमेल आईडी और जाली अनुमोदन पत्रों का उपयोग करके तैयार किए गए थे। ईडी ने बताया, ''इस उद्देश्य के लिए एसबीआई.को.इन से मिलते-जुलते एक फर्जी डोमेन एस-बीआई.को.इन का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रिलायंस पावर लिमिटेड ने अपनी एक अन्य सहायक कंपनी, रोसा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड, से 6.33 करोड़ रुपये को शेल कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड को फर्जी परिवहन सेवाओं के नाम पर भेजा, ताकि फर्जी बैंक गारंटी की व्यवस्था को फंड किया जा सके।

# आतंक के मुद्दे पर भारत-अमेरिका के बीच सहयोग पर चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने हाल ही में आंतकवाद से जुड़े मसलों पर बैठकें कर इससे जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसमें कानून प्रवर्तन और न्यायिक सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। इन बैठकों में आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए यूएवी, ड्रोन और एआई के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले और लाल किले के पास हुई हालिया घटना की कड़ी निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और अमेरिका ने 3 दिसंबर को नई दिल्ली में आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं विषय आधारित वार्ता आयोजित की। भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव डॉ. विनोद बहाडे और अमेरिका के विदेश विभाग की वरिष्ठ अधिकारी मोनिका जैकबसेन ने अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी और व्यापक तरीके से ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने आईएसआईएस-अल-कायदा से जुड़े संगठनों और लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद व उनके प्रॉक्सी समूहों, समर्थकों, प्रायोजकों, फाइनेंसरों और समर्थकों के प्रतिबंध और कार्यवाही का समर्थन किया।

# पेज एक का शेष

## इंडिगो पैसेंजर्स...

सकेंगी। वहीं, 1,500 किमी से ज्यादा की सभी दूरी के लिए अधिकतम किराया 18,000 रुपये तय किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम किराया सीमा में यूजर डेवलपमेंट फी, यात्री सेवा शुल्क और कर शामिल नहीं हैं। साथ ही, बिजनेस श्रेणी की सीटों और उड़ान योजना के तहत आरक्षित सीटों पर यह सीमा लागू नहीं होगी। उसने कहा है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी। मंत्रालय ने इंडिगो से कहा है कि वह बिना किसी देरी के सभी प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दे। रद्द या प्रभावित उड़ानों के मामले में रिफंड का काम रविवार 07 दिसंबर 2025 को रात आठ बजे तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, इंडिगो संकट के प्रभावित यात्री अगर अपनी यात्रा की तारीख या समय में बदलाव करते हैं तो उनसे कोई रिशिड्यूलिंग चार्ज न लेने की सलाह दी गयी है। एयरलाइंस से कहा गया है कि जिन यात्रियों ने बैगेज चेक-इन करा लिया था उसके बाद उनकी उड़ान रद्द हो गयी या उसमें देरी हुई, उनके बैगेज यात्री के घर पर या उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर भिजवा दिये जाएं। इससे पहले, शुक्रवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपना वह आदेश वापस ले लिया था जिसमें हर सप्ताह पायलट के 48 घंटे की अनिवार्य विश्राम की अवधि को साप्ताहिक अवकाश से मिलाने की मनाही की गयी थी। साथ ही उसने इंडिगो को नाइट ड्यूटी संबंधी नियमों में भी 10 फरवरी तक कुछ रियायत दी है। इंडिगो ने बताया है कि वह 10-15 दिसंबर के बीच परिचालन सामान्य होने की उम्मीद कर रही है। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए डीजीसीए के एक संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति इंडिगो संकट के कारणों की जांच करेगी और भविष्य ऐसी स्थिति से बचने के उपाय सुझायेगी।

## रेलवे ने देशभर के 37...

अपने सबसे व्यस्त और ज्यादा मांग वाले मार्गों पर कोचों की संख्या बढ़ायी। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिणी रेलवे ने सबसे अधिक कोच जोड़े हैं। दक्षिण रेलवे ने 18 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। ये उपाय छह दिसंबर से लागू हो गये हैं। इसमें विशेष तौर पर चेयर कार और स्लीपर क्लास के कोच शामिल हैं। वहीं, उत्तर रेलवे भारी मांग वाले गलियारों पर दबाव कम करने के लिए आठ ट्रेनों में 3एसी (थर्ड एसी) और चेयर कार कोच जोड़े हैं। पश्चिमी रेलवे ने चार उच्च-मांग वाले मार्गों पर ट्रेनों में 3एसी और 2एसी कोचों की संख्या बढ़ायी है। इससे देश के पश्चिमी क्षेत्रों से राष्ट्रीय राजदानी की ओर आवाजाही सुगम होगी। पूर्वी मध्य रेलवे ने 6-10 दिसंबर तक पांच फ़ेरों के लिए राजेंद्र नगर-नयी दिल्ली (12309) सर्विस में अतिरिक्त 2एसी कोच लगाया है, जिससे बिहार-दिल्ली के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। रेलवे ने कहा है कि पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर तीन प्रमुख ट्रेनों में सात और आठ दिसंबर को छह फ़ेरों के लिए स्लीपर क्लास कोच बढ़ाएगा। वहीं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनईआर) ने दो महत्वपूर्ण ट्रेनों में छह से 13 दिसंबर तक 3एसी और स्लीपर कोचों की क्षमता बढ़ायी है,, ताकि पूर्वोत्तर के यात्रियों को कोई असुविधा न हो। वहीं, रेलवे ने यात्रियों की मांग को देखते हुए तत्काल प्रभाव से चार विशेष ट्रेन भी शुरू की हैं। ये ट्रेनें उन विशेष रूटों पर चलेंगी जहां यात्रियों का दबाव सबसे अधिक है। रेलवे ने बताया है कि गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल विशेष ट्रेन (05591/05592) सात और नौ दिसंबर के बीच चार फ़ेरे के लिए चलाई जाएगी। इसी तरह से वन्दे भारत स्पेशल (02439/02440) नयी दिल्ली से शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन तक छह दिसंबर को चलेगी, जो जम्मू क्षेत्र के लिए तेज और आरामदायक विकल्प है। रेलवे ने बताया है कि नयी दिल्ली-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल (04002/04001) पश्चिमी क्षेत्र में यात्रियों की उच्च मांग को पूरा करने के लिए छह और सात दिसंबर को संचालित होगी। रेलवे ने बताया है कि हजरत निजामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम स्पेशल (04080) एकतरफा छह दिसंबर को दक्षिण भारत की ओर प्रस्थान करेगी।

## बीते चार साल...

चुके हैं। वर्ष 2021 में एटीएंडसी हानियां 27.11% थी, जो घटकर 2025 में 19.54% रह गई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब केवल 5,774 करोड़ रुपये में ही इतना सुधार दिखाई दे रहा है, तो बाकी बची रकम के भी उपयोग होने के बाद सुधार व्यापक होंगे। सरकारी रकम खर्च किए जाने के बाद बिजली व्यवस्था में सुधार दिख रहा है, तो निजीकरण उचित नहीं है। प्रदेश सरकार को पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का यह फैसला वापस लेना चाहिए। आरडीएसएस और अन्य केंद्रीय योजनाओं के तहत मिली रकम का समुचित उपयोग बिजली व्यवस्था बेहतर करने में किया जाए।

## हड़प्पा सभ्यता का...

तथा व्यापार पर केंद्रित एक फलती-फूलती अर्थव्यवस्था थी। इस सभ्यता के पतन की जाँच करने के लिए, शोधकर्ताओं ने 3000 से 1000 ईसा पूर्व तक फैले पुराना जलवायु डेटा एकत्र किया, फिर क्षेत्र की ऐतिहासिक जलवायु का अनुकरण करने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया। शोधकर्ताओं ने पिछली जलवायु परिस्थितियों के अन्य अप्रत्यक्ष संकेतकों को भी देखा, जैसे कि भारतीय गुफाओं में स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स का भू-रसायन और भारतीय झीलों के जल स्तर के रिकॉर्ड। विश्लेषण से पता चला कि लगभग 3000 से 2475 ईसा पूर्व तक इस क्षेत्र में बहुत अधिक वर्षा हुई, क्योंकि उस अवधि के दौरान उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर अपेक्षाकृत ठंडा था। लेकिन बाद की सदियों में महासागर गर्म होने लगा, जिससे वर्षा में गिरावट आई और तापमान बढ़ गया। लगभग 2425 और 1400 ईसा पूर्व के बीच इस क्षेत्र को कई सूखों का सामना करना पड़ा, जिसमें से प्रत्येक 85 वर्षों से अधिक समय तक चला। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक सूखा, जो लगभग 1733 ईसा पूर्व में अपने चरम पर था, लगभग 164 वर्षों तक चला। इन लगातार और लंबे सूखों के कारण झीलें और नदियाँ सिकुड़ गईं तथा मिट्टी झुलसकर सूख गई।

## जब दुनिया में स्लोडाउन...

और इंडस्ट्री पर अभूतपूर्व निवेश हो रहा है। हमारे गांव, छोटे शहर भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। छोटे शहर स्टार्टअप्स, एमएसएमई के केंद्र बन रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, ''जब नए अवसर बनते हैं, जब रुकावटें हटती हैं तो आसमान में उड़ने के लिए नए पंख भी लग जाते हैं। इसका एक उदाहरण भारत का स्पेस सेक्टर है। पहले इस सेक्टर में सरकारी नियंत्रण में ही था, लेकिन हमने इसमें रिफॉर्म किया और प्राइवेट सेक्टर के लिए ओपन किया। इसके नतीजे आज देश देख रहा है। अभी 10-11 दिन पहले हैदराबाद में स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया। यह प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता पर काम कर रही है। कंपनी विक्रम-1 बना रही है। सरकार ने प्लेटफॉर्म दिया और भारत का नौजवान उस पर नया भविष्य बना रहा है। यही तो असली ट्रांसफॉर्मेशन है।''

## अनुशासन, समर्पण...

बनाकर भेजें, सरकार इसे आगे बढ़ाएगी। उत्तर प्रदेश होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जवानों व अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण व सेवा भावना का प्रतीक है। आज यहां होमगार्ड संगठन के ऊर्जावान जवानों द्वारा अत्यंत उच्च कोटि की रैतिक परेड का प्रदर्शन किया गया है, जो होमगार्ड विभाग की क्षमता, उच्च अनुशासन और अनवरत परिश्रम को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने तारीफ करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित सभी होमगार्ड जवान, जिनकी वेशभूषा, सेरिमोनियल ड्रेस, परिसर की साज-सज्जा और हरियाली, आकर्षक व सम्मोहित करने वाली है, जो किसी भी संगठन व फोर्स के लिए प्रेरणादायी क्षण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का पावन महापरिनिर्वाण दिवस है। यह दिन प्रेरणा दिवस है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने प्रत्येक भारतीय को एक ही प्रेरणा दी कि हमारी पहचान परिवार, जाति, क्षेत्र व भाषा से नहीं, बल्कि जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक केवल भारतीयता की होनी चाहिए। इसी भारतीयता की पहचान का पालन हमें करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर भारतवासी से कहा था कि यूनिफॉर्म धारी प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान हम सबके मन में होना चाहिए। यह तभी होगा जब इस प्रकार का प्रदर्शन व परिसर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध दिखाई देंगे। इससे हर भारतीय के मन में श्रद्धा व सम्मान का भाव झलकेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 6 दिसंबर 1963 को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स की स्थापना हुई थी। तभी से यह संगठन सुरक्षा कवच की तरह उत्तर प्रदेश पुलिस बल का संबल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि राष्ट्रपति पदक से वर्ष 2024 में विशिष्ट सेवा के लिए 3, सराहनीय सेवाओं के लिए 11 तथा वर्ष 2025 में सराहनीय सेवाओं के लिए 3 जवानों को अलंकृत किया गया है। भारत सरकार द्वारा 38 कमेंडेशन डिस्क भी उत्तर प्रदेश के जवानों को मिले हैं। पहले होमगार्ड के जवानों को उपेक्षित कर दिया जाता था, लेकिन अब राष्ट्रपति व गृह मंत्रालय के सम्मान से भी पुरस्कृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड संगठन अब केवल पुलिस बल के सहायक के रूप में नहीं है। पुलिस के साथ कानून-व्यवस्था व शांति का माहौल बनाए रखने में तो योगदान मिलता ही है, साथ ही यातायात संचालन, डायल 112, चुनाव के दौरान न केवल प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों में भी इनकी मांग होती है। जेल सुरक्षा, आपदा नियंत्रण, सार्वजनिक इमारतों की सुरक्षा, बड़े आयोजनों जैसे कि महाकुंभ तथा परीक्षाओं के सफल आयोजन में भी यह संगठन व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। प्रदेश में वर्तमान में आपदा मित्रों की नियुक्ति हो रही है और होमगार्ड विभाग ने आपदा प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर 4 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है। महाकुंभ 2025 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि होमगार्ड के 14 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया था और सभी ने उनकी सराहना की थी। विभाग अपनी वेबसाइट व होमगार्ड मित्र ऐप के माध्यम से पारदर्शी व डिजिटल व्यवस्था विकसित कर रहा है, जिसके द्वारा उपस्थिति, ड्यूटी भत्ता, यूनिफॉर्म भत्ता और भुगतान की जानकारी आसानी से उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रदेश के पर्व-त्योहारों, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, आजादी के अमृत महोत्सव, तिरंगा मार्च, पर्यावरण व जल संरक्षण जैसे अभियानों में भी होमगार्ड विभाग महत्वपूर्ण योगदान देता है। इन सेवाओं को हमें याद रखना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब अन्य राज्यों में फंसे हुए उत्तर प्रदेश के कामगारों व श्रमिकों को वापस लाने में कठिनाई थी, तब परिवहन विभाग के हर वाहन में 1-2 होमगार्ड जवानों को लगाया गया। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित लाने में योगदान दिया। इसके बाद जब मैं पहली बार स्थापना दिवस कार्यक्रम में आया तो मैंने घोषणा की थी कि किसी भी जवान के बलिदान होने पर परिवार को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके तहत अब तक 2871 दिवंगत जवानों के आश्रितों को 143 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी बोले कि होमगार्ड जवानों की बेहतरी के लिए दैनिक व प्रशिक्षण भत्तों में वृद्धि की गई है और अंतर-जनपदीय भत्ते को चार गुना कर दिया गया है। विभागीय कार्यालयों व आवासीय भवनों की व्यवस्था भी प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। वर्तमान में विभाग के 44 कार्यालय अपने भवनों में संचालित हैं। 9 कार्यालय भवनों और मुख्यालय परिसर में कर्मचारियों के जी-प्लस-इलेवन बहुमंजिला आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। दुर्घटना में दिवंगत जवानों के आश्रितों को 35 से 40 लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सहायता भी उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार जवानों के कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस बल में 2 लाख 19 हजार से अधिक कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में 45 हजार होमगार्ड जवानों की भर्ती प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। इसमें प्राथमिकता यह है कि प्रत्येक जवान को उसके ही जनपद में नियुक्ति मिले। आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग लेकर फर्स्ट रिस्पॉन्स पर्सन के रूप में जवान राहत कार्यों में योगदान दे सकें। इस प्रक्रिया को पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड तेजी से आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, होमगार्ड विभाग के मंत्री धर्मवीर प्रजापति, प्रमुख सचिव (होमगार्ड्स) राजेश कुमार सिंह, महानिदेशक होमगार्ड्स एम.के. बशाल, उत्तर प्रदेश पुलिस व होमगार्ड्स के विभिन्न जवान-अधिकारी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब की मूर्ति के...

वंचित, दलित, गरीब, पिछड़े, महिला, युवा को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया। गरीब को राशन, वंचित को मकान, हर गरीब के घर शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य की बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो सके। जहां घर है, घरौनी के माध्यम से वहां का मालिकाना हक उपलब्ध कराना भी न्याय, समता व बंधुता का हिस्सा है। समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए ऐसे अभियान चलाए गए। सीएम योगी ने कहा कि जो भी सुविधा व संपन्नता आज प्राप्त हो रही है, वह बाबा साहेब की प्रेरणा से हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति के साथ ही उनका सम्मान करता है। पंचतीर्थ निर्माण, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी, दलित के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति समेत अन्य सुविधाएं भी उसी क्रम का हिस्सा है। सीएम ने कहा कि हर मलिन, दलित, अनुसूचित जाति-जनजाति बस्तियों को कनेक्टिविटी के साथ जोड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। फिर भी कहीं कुछ बचा है तो उसे पूरी तरह कनेक्टिविटी से जोड़ेंगे। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन दर्शन नई प्रेरणा देता है। उन्होंने हर गरीब, दलित, वंचित नागरिकों को आश्वस्त किया कि बाबा साहेब की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाज व राष्ट्र को सशक्त बनाने, भारत के संविधान के गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में डबल इंजन सरकार प्रयत्नशील होकर कार्य करेगी।

## भारत ने वाइजैग...

आये कप्तान टेम्बा बावुमा ने डी कॉक के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े। 21वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने बावुमा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टेम्बा बावुमा ने 67 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 48 रन बनाये। इसके बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (24) को प्रसिद्ध कृष्णा ने पगबाधा आउट किया। इसी ओवर में कृष्णा ने एडन मारक्रम (एक) का भी शिकार कर लिया। इसी दौरान 30वें ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर डी कॉक ने छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। भारत के खिलाफ यह उनका सातवां शतक है। इसी के साथ उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे अधिक एकदिवसीय शतक के मामले में सनत जयसूर्या की बराबरी की। इसके अलावा उन्होंने भारत में किसी भी विदेशी बल्लेबाज के सबसे ज़्यादा शतक का एबी डीविलियर्स का रिकॉर्ड की भी बराबरी की।

33वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने क्विंटन डी कॉक को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पांचवां झटका दिया। क्विंटन डी कॉक ने 89 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली। इसके बाद कुलदीप यादव ने 39वें ओवर में पहले डेवाल्ड ब्रेविस (29) और इसी ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसन (17) का शिकार कर लिया। कॉर्बिन बॉश (नौ) और लुंगी एन्गिडी (एक) को भी कुलदीप ने आउट किया। 48वें ओवर की पांचवी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने ऑटनील बार्टमैन (तीन) को बोल्ड कर 270 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत कर दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 41 रन देकर चार विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा को भी चार विकेट मिले। अर्शदीप सिंह और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चंडी देवी मंदिर ट्रस्ट विवाद में आठ लोगों पर मुकदमा, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। चंडी देवी मंदिर ट्रस्ट विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। ट्रस्ट दस्तावेजों और बैंक खातों से संबंधित कथित फर्जीवाड़े तथा आपराधिक साजिश के आरोपों पर श्यामपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मामला महंत मोहित गिरि की ओर से दर्ज कराया गया है। शिकायत के अनुसार, महंत रोहित गिरि के पिता दिवंगत महंत रमेश गिरि चंडी देवी मंदिर ट्रस्ट से जुड़े थे। पिता के निधन के बाद ट्रस्ट संचालन में कथित अनियमितताओं और आरोपित व्यक्तियों द्वारा फर्जी ट्रस्ट डीड तैयार कर लेने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि 13 मई 2025 को एक नकली ट्रस्ट डीड बनाकर उस पर जाली हस्ताक्षर किए गए और इस दस्तावेज का उपयोग ट्रस्ट चलाने और बैंक खातों के संचालन में किया गया। मुकदमे में जिन लोगों के नाम शामिल हैं उनमें महंत रोहित गिरि की पूर्व पत्नी गीतांजलि, बेटा भवानी नंदन गिरि, पत्नी का छोटा भाई आकाश कुसुम बच्छेती, पत्नी की बहन पुष्पांजलि गौड़, आकाश बच्छेती का पार्टनर निखिल खन्ना, चंडी मंदिर परिसर के दुकानदार मोहित तोमर, पत्नी के चाचा का बेटा धीरज बच्छेती तथा एडवोकेट नीरज पांडेय शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जो फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी, साजिश और दस्तावेजों की जालसाजी से संबंधित हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने फर्जीवाड़े के खिलाफ न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर कोर्ट ने श्यामपुर पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। उनका यह भी कहना है कि घटना मई माह की है, लेकिन इस दौरान उन्हें फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया गया तथा पुलिस अधिकारियों से लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मुकदमा दर्ज होने में देरी हुई। श्यामपुर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ट्रस्ट से जुड़े दस्तावेज, बैंक खातों का रिकॉर्ड और कथित फर्जी ट्रस्ट डीड सहित सभी बिंदुओं की विस्तृत जांच की जाएगी। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की रिंग रोड धुलाई अभियान की शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज रिंग रोड पर सफाई अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सिविल लाइंस स्थित खैबर पास चौक पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित व्यापक सड़क सफाई एवं धुलाई अभियान में सक्रिय भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने और धूल नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। शहर में नियमित सड़क धुलाई, यांत्रिक सफाई व जमीनी निगरानी को अत्यंत तेज गति और गंभीरता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। प्रदूषण के विरुद्ध - दिल्ली का युद्ध निरंतर जारी है। रिंग रोड धुलाई अभियान के तहत सड़क, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज साफ करने के साथ-साथ पूरे रिंग रोड के दोनों तरफ के पेड़ों, झाड़ियों आदि की धुलाई की जा रही है। इससे पहले कभी भी पूरे रिंग रोड की एक साथ सफाई व धुलाई नहीं की गई। अभियान के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पूरे रिंग रोड को धूल से नियंत्रित करना और वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है।



# संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**पटना।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के समीप स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर राज्य के उप मुख्यमंत्री स्रमाट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद संजय कुमार झा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने भी बाबा साहेब को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा बाबा साहेब की जीवनगाथा, प्रेरणा एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर आधारित गीतों, भजन-कीर्तन और बिहार गीत प्रस्तुत किए गए।

## दिल्ली के महापौर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बाबासाहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह और दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। दमहापौर राजा इकबाल सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय, समान अधिकार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने की उनकी सोच आज भी देश को दिशा देती है। संविधान निर्माण और वंचित वर्गों के उत्थान में उनका योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। हम सभी उनकी सीखों के साथ एक बेहतर समाज बनाने का संकल्प दोहराते हैं। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही और उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को समृद्ध करने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार, 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि, 6 दिसंबर 1956 को डॉ भीमराव अंबेडकर का निधन हुआ। इसी दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## बिहार गृह रक्षा वाहिनी ने मनाया 79वां स्थापना दिवस, मुख्य अतिथि शोभा अहोटकर ने किया परेड का निरीक्षण

**पटना।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 79वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं की महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा शोभा अहोटकर थीं, जिन्होंने परेड की सलामी ली और विभिन्न टुकड़ियों का निरीक्षण किया। समारोह को संबोधित करते हुए शोभा अहोटकर ने कहा कि पहले प्रशिक्षण की कमी के कारण गृहरक्षक अधिकारियों और कर्मियों को कमतर समझा जाता था, लेकिन अब बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था की वजह से उनके कार्यों की प्रशंसा हो रही है। उन्होंने अग्निशमन विभाग में हुए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वासरैया भवन में आग लगने के दौरान उचित संसाधनों की कमी महसूस हुई थी। उसी अनुभव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभाग के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी, जिसके बाद विभाग को आधुनिक वायरलेस सिस्टम, अग्निशमन वाहन और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। महानिदेशक ने नव-नियुक्त गृहरक्षकों को अनुशासन का पालन करने की नसीहत देते हुए कहा कि वाहिनी की गरिमा बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कर्मियों के कार्य और सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम के अंत में यूनियन के पदाधिकारियों ने महानिदेशक का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और आभार जताया।

## अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

**हरिद्वार।** भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने कहा कि बाबा साहब सदैव राष्ट्र के आदर्श और प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बाबा साहब को भारत रत्न देने का गौरव भी भाजपा सरकार को ही प्राप्त है। लव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों लंदन का निवास, नागपुर की दीक्षाभूमि, मुंबई की चैत्यभूमि, दिल्ली परिनिर्वाण स्थल और दिल्ली स्थित अनुसंधान केंद्र को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में वंचितों और गरीबों को सम्मान और अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने दलितों के उत्थान के लिए ठोस काम नहीं किए, जबकि वर्तमान सरकार ने उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, स्टैंड अप इंडिया जैसी अनेक योजनाओं के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास बाबा साहब की मूल भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री (अ.जा. मोर्चा) प्रिंस लोहट, राजबीर कलानिया, नकली राम सैनी, विपिन शर्मा, प्रशांत शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, मनोज पारलिया, प्रीति गुप्ता, लक्ष्मण सिंह नागर, सूबे सिंह, दर्शना सिंह, अरविंद कुशवाह, पंकज बागड़ी, धीर सिंह, ऋषभ सैनी, अनुज त्यागी, मोहित नेगी, सुनील पाल और अशोक कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीपीएस टैग लगाकर उड़ाया गया गिद्ध

**हरिद्वार।** डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया ने हरिद्वार में इजिप्शियन वल्चर यानी गिद्धों के संरक्षण के लिए नया प्रोजेक्ट शुरू किया है। एनजीओ ने राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में एक इजिप्शियन वल्चर को सैटेलाइट जीपीएस टैग लगाकर छोड़ा। मोतीचूर फॉरेस्ट रेंज के कोयल पुरा सघन वन में छोड़े गए गिद्ध से गिद्धों के विचरण, उड़ने की क्षमता, रहन-सहन और भोजन के बारे में रियल टाइम जानकारी मिल सकेगी। पर्यावरण और गिद्धों के संरक्षण के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के द्वारा सेकंड फ़ेज का ये कार्यक्रम मोतीचूर रेंज से शुरू किया गया है।

# बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सीसीटीएनएस नागरिक सेवा पोर्टल का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) के नागरिक सेवा पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के नागरिकों को अब पुलिस सेवाएं तेज, पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होंगी। शुभारंभ कार्यक्रम के बाद गृह मंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों, आर्थिक अपराध इकाई, साइबर प्रभाग, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) और गृह विभाग के अंतर्गत आने वाले अभियोजन निदेशालय, कारा एवं सुधार सेवा और प्रोबेशन सेवा की कार्यप्रणाली एवं प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विशेष सचिव सह निदेशक अभियोजन सुधांशु कुमार चौबे ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी। इसके बाद गृह सचिव सह कारा महानिरीक्षक प्रणव कुमार ने कारा प्रबंधन एवं सुधार सेवाओं से जुड़ी भविष्य की योजनाओं पर प्रस्तुति दी। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सभी प्रभागों की समीक्षा करते हुए राज्य की आंतरिक सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार न केवल आम जनता को सुविधा देगा, बल्कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की मजबूती में भी सहायक होगा। इस अवसर पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह सचिव सह कारा महानिरीक्षक प्रणव कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, अपराध नियंत्रण, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और आधुनिक तकनीक आधारित सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना रहा।

# डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, परिश्रम, समानता के सिद्धांतों का प्रतीक : रेखा

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अलीपुर स्थित राष्ट्रीय स्मारक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह और विधायक सूर्य प्रकाश खत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, परिश्रम और समानता के सिद्धांतों का प्रतीक रहा है। उन्होंने जिस समतामूलक राष्ट्र की परिकल्पना की, उसे साकार करने का दायित्व हम सभी पर है। आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर हम उनके आदर्शों, संवैधानिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को पुनः आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय, समता और सामाजिक उत्थान के जिन अमूल्य सिद्धांतों पर आधुनिक भारत की नींव रखी गई।

# विजेंद्र गुप्ता ने डॉ. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक संजय गोयल तथा दिल्ली विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा भारतीय संविधान की प्रारूप समिति का नेतृत्व भारत के लिए न्याय, समानता और व्यक्तिगत गरिमा के प्रति समर्पित एक सुदृढ़ संवैधानिक ढांचे की नींव बना। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर की संवैधानिक दृष्टि आज भी देश के लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए नैतिक मार्गदर्शक बनी हुई है। गुप्ता ने स्मरण किया कि सामाजिक भेदभाव पर विजय पाते हुए डॉ. आंबेडकर की प्रेरणादायक जीवन यात्रा और स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका दृढ़ता, प्रज्ञा और परिवर्तनकारी नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का कार्य लोकतांत्रिक शासन को सुदृढ़ बनाने और समाज के सभी वर्गों को अवसर प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रेरणा देता है।

# दुकान में लगी आग, दंपति की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। बाहरी जिले के मुंडका थाना क्षेत्र के टिकरी कलां में शुक्रवार सुबह लेखराम पार्क स्थित स्कूल वाली गली में चल रही एक छोटी किराना दुकान में अचानक आग लगने से दंपती की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों अंदर ही फंस गए थे और धुएं के बीच निकलने का रास्ता न मिलने के कारण उनकी सांसें थम गईं। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त सचीन शर्मा ने शनिवार को बताया कि दुकान का संचालन विनीत (31) और उनकी पत्नी रेनू (29) कर रहे थे। दुकान के काउंटर के पास रखे और लटके प्लास्टिक पैकेट्स में अचानक संदिग्ध शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में लपटों और धुएं ने दुकान के सामने वाले हिस्से को घेर लिया। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद घबराकर दंपती ने बाहर निकलने के लिए शटर नीचे किया, ताकि शायद वे धुएं से बचकर निकल सकें। लेकिन शटर के नीचे ही वह फंस गए और बाहर निकलने में सफल नहीं हो पाए। धुआं तेजी से अंदर भरता गया और दोनों बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मुंडका थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने लकड़ी का बड़े आकार का लॉग मंगवाकर किसी तरह शटर तोड़ा और अंदर फंसे दंपती को बाहर निकाला। दोनों को तत्काल बहादुरगढ़ स्थित ऑस्कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आसपास की जगह को सुरक्षित किया और आग पूरी तरह बुझाई। क्राइम टीम ने मौके का निरीक्षण कर सबूत जुटाए। शुरुआती जांच में आग का कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट ही सामने आया है, पर पुलिस अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है। घटना सुबह आठ बजे की है। पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि दंपती मेहनत से अपनी छोटी दुकान चलाते थे और इलाके में काफी समय से रह रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेले में 30 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा जिले के सिरदला प्रखंड मुख्यालय मैदान में शनिवार को जीविका-बिहार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का भव्य आयोजन किया गया। उम्मीदों, अवसरों और आत्मनिर्भरता के संदेश के साथ आयोजित इस मेले में बिहार समेत गुजरात, दिल्ली और अन्य राज्यों की कुल 15 प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। मेले का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर रजौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विमल राजवंशी, सिरदला बीडीओ दीपेश कुमार, नवादा जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार, तथा सिरदला बीपीएम पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण युवाओं के लिए इस तरह के मेले रोजगार, कौशल विकास और मार्गदर्शन के बड़े मंच साबित होते हैं। मेले में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं, बेरोजगार युवक-युवतियां और स्थानीय ग्रामीण पहुंचे। कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों- आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, सुरक्षा सेवा, हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थकेयर आदि के लिए इंटरव्यू लिए गए। कई अभ्यर्थियों का चयन मौके पर ही कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिससे युवाओं में खासा उत्साह दिखा। 30 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में जीविका समूह की बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं, जिन्होंने रोजगार से जुड़े कई उपयोगी सत्रों में सहभागिता की। मेले के दौरान जानकारी, तकनीकी सलाह, करियर गाइडेंस, ट्रेनिंग अवसरों और कौशल उन्नयन से संबंधित विस्तृत परामर्श दिया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063